सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:06

आज का तापमान

शिमला	14.0 न्यू	25.4 अधि
धर्मशाला	17.5 न्यू	27.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	84299.78
निफ्टी	25810.85
सोना 77,240	चांदी 93,711

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

मिथुन को मिलेगा 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 1 अक्तूबर 2024 | 16 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 285, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

महाराष्ट्र में देसी गाय को राज्यमाता का दर्जा

मुंबई। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने देसी गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है। ऐसा करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। शिंदे ने कहा कि गाय हमारे किसानों के लिए वरदान है, इसलिए हमने इन्हें 'राज्य माता' का दर्जा देने का फैसला लिया है। गोशालाओं में गोमाताओं के पालन-पोषण के लिए 50 रुपए प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने जा रहे हैं।

इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज

इस्लामाबाद। रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध-प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ तीन नए मामले दर्ज किए हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- लुहणू मैदान में करवाया जाएगा वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल -पेज 2
- बेहतर इलाज से वंचित रहेंगे हिमाचल के पूर्व सैनिक -पेज 3
- सेवाकाल को 4 से बढ़ाकर 8 घंटे करने की उठाई मांग -पेज 9
- सुनामी की तरह अडाणी के खातों में आता है पैसा: राहुल -पेज 13
- जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर -पेज 14

तिरुपति लड्डू विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से पूछे कई सवाल

नायडू को फटकार, भगवान को राजनीति से दूर रखिए

एजेंसी, नई दिल्ली

तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी वाले घी के इस्तेमाल पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने कहा कि जब प्रसाद में पशु चर्बी होने की जांच सीएम चंद्रबाबू नायडू ने एसआईटी को दी, तब उन्हें मीडिया में जाने की क्या जरूरत थी।

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कई सवाल पूछे और कहा कि कम से कम भगवान को तो राजनीति से दूर रखें। कोर्ट ने सबूत मांगते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के दावे पर सवाल उठाया कि तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया। बेंच ने कहा कि जुलाई में लैब रिपोर्ट आई, जोकि स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री एसआईटी जांच के आदेश देते हैं और फिर सितंबर में मीडिया के सामने बयान देते हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच एसआईटी से ही कराएं या फिर किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से, उसके लिए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से हम सुझाव चाहते हैं। सभी याचिकाओं पर एक साथ 3 अक्तूबर को सुनवाई करेंगे।

'या-या' क्या है? ये कोई 'कॉफी शॉप' नहीं है

नई दिल्ली। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान जनहत याचिका दायर करने वाले वादी के लहजे पर कड़ी नाराजगी जताई और पूछा कि यह 'या-या' क्या है? उन्होंने कहा कि यह कोई 'कॉफी शॉप' नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से बहुत एलर्जी है। इसकी परमिशन नहीं दी जा सकती। आप यस बोलिए। डांट सुनने के बाद वकील ने बताया कि वह पुणे का रहने वाला है। वह मराठी में दलीलें देने लगा, इस पर सीजेआई ने भी मराठी में ही उसे समझाने की कोशिश की। दरअसल, याचिका पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के खिलाफ इन हाउस जांच की मांग को लेकर लगाई गई थी। सीजेआई ने वकील से केस से पूर्व सीजेआई का नाम हटाने का निर्देश दिया है।

जोगिंद्रनगर के पोहल गांव का वीर सपूत विनय शहीद

कठुआ मुठभेड़ में घायल होने के बाद जालंधर में चल रहा था इलाज

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

फाइल फोटो

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुई आतंकी मुठभेड़ में मंडी जिले के जोगिंद्रनगर का सपूत शहीद हो गया। जोगिंद्रनगर की पिपली पंचायत के पोहल गांव का वीर जवान विनय सिंह कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़ में घायल हुआ था।

विनय का जालंधर कैंट स्थित सेना के अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसने दम तोड़ दिया। विनय के शहीद होने की खबर मिलते ही पोहल गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पिछले दिनों कठुआ में आतंकी मुठभेड़ में आतंकियों से लोहा लेते हुए वह घायल हो गए थे। वीर जवान ने दुश्मनों से लोहा लेते समय मुठभेड़ के दौरान दो आंतकियों को भी ढेर किया। विनय के घायल होने की सूचना मिलते ही उनके पिता रवि सिंह भी जालंधर चले गए थे।

मुठभेड़ में दो आतंकियों को किया था ढेर

शहीद जवान का मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद विनय के पिता मिस्त्री का काम करते हैं, जबकि इनकी तीन बहनें और एक छोटा भाई है। भाई भी भारतीय सेना में अग्निवीर है। शहीद विनय की अभी शादी नहीं हुई थी।

मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए जवान के शहीद होने पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विनय ने देश की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के साथ मजबूती से खड़ी है और प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शोक जताया है।

हिमाचल में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा ट्राउट मछली का उत्पादन : सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में ट्राउट मछली के उत्पादन में गत वर्ष के मुकाबले 15.70 फीसदी वृद्धि हुई है और ट्राउट का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

वर्ष 2022-23 में ट्राउट मछली का उत्पादन 1170.50 मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1388 मीट्रिक टन का आंकड़ा पार कर गया है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ट्राउट के उत्पादन में वृद्धि का श्रेय मछुआरों और सरकार के संयुक्त प्रयासों को दिया।

इस बार 15.70 फीसदी ज्यादा हुआ उत्पादन

मानहानि केस : आतिशी केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और केजरीवाल के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि केस की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। केजरीवाल ने 2018 को एक ट्वीट कर भाजपा पर अग्रवाल समाज के वोट काटने का आरोप लगाया था, जिस पर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने केजरीवाल और 'आप' नेताओं के खिलाफ मानहानि का केस किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

शिमला का सेब कारोबारी 6 साल से व्हाट्सऐप से चलाता था ड्रग्स रैकेट

एसपी संजीव कुमार बोले- आरोपी गिरफ्तार, नाइजीरिया से जुड़े तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल के शिमला जिले में पुलिस ने ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सेब कारोबारी छह सालों से सेब की आड़ में ड्रग रैकेट को चला रहा था।

कारोबारी अपने पूरे ड्रग्स रैकेट को व्हाट्सऐप के जरिए चलाता था और ड्रग्स डिलीवरी करने वाले शख्स और इसे हासिल करने वाला व्यक्ति कभी एक-दूसरे से नहीं मिलते थे। एसपी संजीव कुमार गांधी ने सोमवार को बताया कि शिमला का सेब कारोबारी शाही महात्मा (शशि नेगी) पिछले छह सालों से अंतरराज्यीय 'चिट्टा' (मिश्रित हेरोइन) रैकेट चला रहा था। दिल्ली में नाइजीरियन ड्रग गैंग और हरियाणा के अन्य गैंग के साथ तार जुड़े हुए हैं। कश्मीर में भी कुछ लोगों के साथ संपर्क था। पुलिस ने शशि नेगी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके गिरोह के करीब दो दर्जन तस्करों को भी पकड़ा जा चुका है। आरोपी सेब कारोबारी ने रैकेट को इतनी कड़ियों में बांट रखा था, ताकि पुलिस उस तक न पहुंच सके। 20 सितंबर को उसे उस वक्त झटका लगा, जब पुलिस ने शिमला में इस साल की सबसे बड़ी ड्रग्स की जब्ती की। पुलिस को इस दौरान 465 ग्राम 'चिट्टा' मिला।

जम्मू-कश्मीर की 40 सीटों पर वोटिंग आज

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण में 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर मंगलवार को वोटिंग होगी। 39.18 लाख वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इस फेज में संसद हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। नॉर्थ कश्मीर की लंगेट सीट से इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख चुनाव लड़ रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

पेंशनरों ने मांगी पहली तारीख को पेंशन

महेंद्र कुमार, सुन्नी। प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनधारकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जिसे पेंशनर कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिमाचल पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के सुन्नी इकाई के महासचिव बाबू राम ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को वेतन अक्तूबर माह की पहली तारीख और पेंशनधारकों को पेंशन 9 तारीख की दी जा रही है और इस फैसले से पेंशनधारक सरकार से खफा है। अगर सरकार की वित्तीय स्थिति सुचारू रूप से चल रही है तो सरकार पेंशनधारकों को पेंशन माह की पहली तारीख को जारी करने में संकोच क्यों कर रही है। सरकार के इस अड़ियल रवैया के प्रति राज्य कार्यकारिणी से आग्रह किया जाता है कि सरकार के इस रवैए पर गंभीर निर्णय लिया जाएं। इस दुख की घड़ी में सभी पेंशनर्ज राज्य कार्यकारिणी के निर्णय को देख रही है। हिमाचल प्रदेश के सभी पेंशनर्ज राज्य कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। सरकार को प्रदेश के प्रति पेंशनरों के पार्टी अपना रवैया बदलना पड़ेगा अन्यथा सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

पटगैहर स्कूल में चलाया सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)। जुन्गा से सटे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटगैहर में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान स्थानीय पंचायत के सहयोग से सफाई अभियान आरंभ किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों ने समूचे गांव व स्कूल के आसपास के क्षेत्र में प्लास्टिक व अन्य कचरा एकत्रित करके उसका प्रबंधन किया गया। इसके पहले स्कूली बच्चों ने पटगैहर गांव में रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़े पर स्कूल में सदनवार नारा लेखन, चित्रकला और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रधानाचार्य बनवारी लाल केश्व ने बच्चों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता के बारे जानकारी दी और पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आग्रह किया।

एकल विद्यालय इड़ा बना कबड्डी चैंपियन

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा। अभुदय यूथ क्लब के बैनर तले दक्षिण हिमाचल संभाग के चौपाल अंचल की संच स्तरीय स्पर्धाएं नेरवा तहसील के ओबटुआ दियांडली में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन पर सरकारी ठेकेदार पंकज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विद्युत बोर्ड से सेवानिवृत भोप सिंह तथा डॉ. प्रेम शर्मा इस अवसर पर विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया गया। छात्र वर्ग कबड्डी में एकल विद्यालय इड़ा प्रथम व एकल विद्यालय शलानिया द्वितीय स्थान पर रहा। छात्रा वर्ग में इड़ा प्रथम, देइया दूसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर पूनम,महेंद्र सिंह चमनाईक, मिंटू जिंटा, दियांडली व रिन्जट के युवक मंडल के समस्त सदस्य, वीणा शर्मा व नितिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

उपायुक्त ने शीला सिंह को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला बिलासपुर के गाड़व पनोह निवासी वरिष्ठ साहित्यकार एवं एशियाईन एक्सीलेंसी एवं रेड क्रॉस अवॉर्ड विजेता एवं रेनबो स्टार क्लब की संरक्षक शीला सिंह को उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने हिमाचली टोपी एवं शाल पहानकर सम्मानित किया। लाडली फाउंडेशन के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त बिलासपुर ने शीला सिंह को सम्मानित किया एवं उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। लाडली फाउंडेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष नीलम सुद एवं प्रीति भाटिया ने कहा कि उन्होंने छंद साधिका के रूप में विविध छंदों का ज्ञान रखने वाली शीला सिंह को 'छंदबद्ध भारत का संविधान' में अपनी भागीदारी बनाने का सौभाग्य मिला है। यह विश्व का प्रथम छंदबद्ध संविधान है, जिसमें भारत के कुल 142 रचनाकारों ने भाग लिया है जिनमें क्रमांक 45 के अनुरूप अनुच्छेद 137-से- अनुच्छेद 141 तक शीला सिंह द्वारा रचित 4 मुख्य रोला छंद और 20 दोहा छंदों को स्थान मिला है।

जरूरतमंद छात्र को भेंट किया 12 हजार का चेक

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश चैरिटेबल ट्रस्ट कड़होता ने स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के पंकज कुमार पुत्र स्वर्गीय मदन लाल गांव पट्टा को पढ़ाई के लिए 11 हजार 94 रुपए का चेक भेंट किया। उल्लेखनीय है कि यह ट्रस्ट समाज में विभिन्न वर्गों के शिक्षा प्राप्त कर रहे गरीब तथा जरूरत मंद बच्चों को विशेष सहायता करता है। इस अवसर पर इस ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी, महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो. प्रीतम लाल, कार्यालय अधीक्षक मनोज कुमार, लिपिक राकेश शर्मा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

झंडूता कॉलेज में जल्द बनेगा साइंस ब्लॉक

अनंत ज्ञान, झंडूता। राजकीय महाविद्यालय झंडूता में पिछले करीब एक साल से लंबित पड़े साइंस ब्लॉक का कार्य एक महीने में शुरू हो जाएगा। इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार की ओर से दो करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। अब जल्द ही इसका लंबित पड़ा हुआ कार्य शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके चैहान ने बताया कि लंबित पड़े साइंस ब्लॉक का कार्य के लिए शिक्षा विभाग से दो करोड़ मिले हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी करके एक महीने के अंदर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश ने बताया कि इसमें हमारी प्राथमिकताएं हमारे पास वर्तमान में लैब नहीं है। सबसे पहले हम चाहते हैं हमारे पास हर विषय की प्रयोगशालाएं हों। हमारे पास कमरों की भी कमी है।

सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल बिलासपुर में आयोजित एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल की अध्यक्षता में आयोजित समापन समारोह में रिटायर्ड प्रिंसिपल नीरज पालीवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर एनएसएस वालंटियर्स ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। नीरज पालीवाल ने कहा कि एनएसएस शिविरों से जहां बच्चों में आपसी भाईचारे व अनुशासन की भावना विकसित होती है, वहीं समाज के प्रति अपने दायित्वों का अहसास भी होता है।

जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर, मनीषा गोयल ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडुता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाऐगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है।

सीटू ने मांगा कर्मचारियों का हक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सीटू राष्ट्रीय जनरल काउंसिल के आह्वान पर ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म कर्मियों की मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किए गए।

शिमला के डीसी ऑफिस पर हुए प्रदर्शन में विजेंद्र मेहरा, रमाकांत मिश्रा, बालक राम, विनोद बिरसांटा, प्रताप, विक्रम, दलीप, पंकज, वीरेंद्र लाल, नोख राम, सीता राम, निशा, सरीना, सहित आईजीएमसी, कमला नेहरू, अटल इंस्टीट्यूट चम्याना से संबंधित ठेका व आउटसोर्स कर्मियों सहित होटल, तहबजारी आदि से जुड़े मजदूरों ने भारी संख्या में भाग लिया। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क-पर्पज कर्मियों को मिले न्यूनतम वेतन

इन कर्मियों को कम वेतन दिया जाता है। हिमाचल में लगभग 30 हजार आउटसोर्स कर्मी, हजारों ठेका कर्मी, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज, फिक्स टर्म कर्मी राज्य सेवाओं में कार्यरत है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधीन कार्यरत ऐसे कर्मियों की संख्या भी हिमाचल में हजारों में है। उन्होंने मांग की है कि ठेका, आउटसोर्स कैजुअल मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों के लिए श्रेणी अनुसार न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों को नियमित करने के लिए तुरंत ठोस नीति बनाई जाए।

ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टी टास्क, मल्टी पर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार समान काम का समान वेतन दिया जाए। ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म पर भर्ती करने की प्रथा को बन्द किया जाए व भविष्य में सभी विभागों में स्थायी भर्तियां की जाएं। पहले से कार्यरत ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों को ही विभिन्न विभागों में स्थायी कर्मी के रूप में मर्ज किया जाए तथा स्थाई नियुक्तियों की आड़ में उन्हें नौकरी से निकालने की साजिश बंद की जाए।

ठेका आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों का वेतन हर महीने 7 तारीख से पहले सुनिश्चित किया जाए। ठेकेदार बदलने पर ठेका, आउटसोर्स व फिक्स टर्म मजदूरों को न बदला जाए व उनकी सेवाएं निरंतर जारी रखी जाएं।

सदस्यता अभियान तेज करने की जरूरत : एस. सिद्धार्थन

बैठक के दौरान मौजूद भाजपा के सदस्य।

भरत ठाकुर, कोटखाई

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति देने के लिए सोमवार को जुब्बल नावर कोटखाई भाजपा मंडल की गुम्मा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री एस.सिद्धार्थन ने कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए पूर्व योजनाओं और पूर्ण योजना के साथ कार्यकर्ता जुट जाए।

उन्होंने कहा कि अपने साथी कार्यकर्ताओं में नेतृत्व के गुण विकसित करें, उनके नेता बनने से आपका कद स्वत: बढ़ जाएगा। सदस्यता अभियान कार्यकर्ता निर्माण की दिशा में पहला कदम है, इसलिए इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने सदस्यता अभियान की सफलता के लिए प्रतिदिन सदस्य बनाने, मंडल के हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाने और सदस्यता अभियान में व्यक्तिगत रेफरल की संख्या बढाने पर जोर दिया।

प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि देश में इस बार 30 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है,जो पूर्ण होकर रहेगा।

एसएफआई ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, शिमला

एसएफआई शिमला जिला कमेटी द्वारा संजौली महाविद्यालय से 6 छात्रों के निष्कासन को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया।

एसएफआई जिला सचिव कमल ने प्रदर्शन को संबंध संबोधित करते हुए कहा कि संजौली महाविद्यालय में छात्रों के निष्कासन होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। एसएफआई कैंपस में एक लड़की से छेड़छाड़ के मामले को लेकर प्रशासन के पास जाती है तो प्रशासन के कुछ लोगों द्वारा छात्रों से बदसलूकी की जाती है और छात्रों निष्कासित कर दिया जाता है।

एसएफआई राज्य कमेटी के साथी संतोष द्वारा डीसी ऑफिस के बहार प्रदर्शन में बात रखते हुए कहा कि एसएफआई 6 छात्रों के निष्कासन की निर्णायक लड़ाई को लड़ेगी और प्रशासन व सरकार से अपील करती है कि छात्रों के निष्कासन को वापस लिया जाए अन्यथा सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी।

संजौली से ऑकलैंड टनल तक सड़क खराब

शिमला। राजधानी शिमला की सुंदरता को देखने और स्वागत यहां की खस्ताहाल सड़कों से होता है। शहर के ऑकलैंड टनल से संजौली बाईपास तक सड़क गड्ढों में तबदील सड़क पर हररोज किसी न किसी वाहन का टायर पैंचर या फिर दो पहिए वाहन अकसर खस्ताहाल सड़क के कारण चोटिल होते हैं। हांलाकि लोगों ने कई बार शिकायत की बावजूद लोक निर्माण विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

सीमा कॉलेज में पीटीए कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने नरेश

दशमी राव, रोहड़ू

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में शनिवार को प्राचार्य डॉ. ललिता रावत की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की आम सभा आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सत्र 2024-25 के लिए नई पीटीए कार्यकारिणी का गठन करना था। वहीं नई कार्यकारिणी संरक्षक प्राचार्या डॉ. ललिता रावत को बनाया गया। अध्यक्ष नरेश नैंटा, उपाध्यक्ष राजदेव चौहान व प्रो. सुनील नेगी महासचिव, डॉ. सुरेंद्र सिंह कुल्ला, संयुक्त सचिव पप्पू शर्मा व डॉ. रवि किरण।

कोषाध्यक्ष डॉ. ओम शर्मा, मुख्य सलाहकार डॉ. हरीश व डॉ. राय सिंह एवं डॉ. अनिल चौहान। कार्यालय सहायक नील कमल को बनाया गया। नई कार्यकारिणी में अन्य सदस्य चुने गए, जिसमें अनिल राणा, प्रभा बुशैहरी, राजेश जिंटा, सुरेश, बबीता देवी, सुनीता माल्टू, सुरजीत, प्रभा देवी, अनिता, रक्षा, सुंदर सिंह, मुकेश, रविंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह, बिरमा देवी, दौलत राम, दिनेश मेहता, शशि किरण, मीरा देवी व गोवर्धन शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

कोटशेरा कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

शिमला। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा शिमला के राजकीय महाविदयालय कोटशेरा में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर कोटशेरा कॉलेज के उप प्रधानाचार्य पीडी कौशल, एनएस एसके प्रभारी जितेंद्र वर्मा व स्नेह उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 2 अक्तूबर तक इसी प्रकार पूरे जिला मे चलाया जाएगा।

तलाई छिंज में सोनीपत के पुष्पेंद्र ने जीती बड़ी माली

अनंत ज्ञान, जुन्गा

तलाई में पारंपरिक छिज मेला बीते सांय बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन हुआ, जिसमें सोनीपत के प्रसिद्ध पहलवान पुष्पेंद्र ने चंडीगढ़ के नामी पहलवान आशीष को फाइनल में पराजित कर माली अपने नाम कर ली। माली विजेता पुष्पेंद्र इंडियन नेवी में सेवारत हैं। जबकि छोटी माली ऊना के साहिल पंडित ने कांगड़ा के पारस को हराकर जीती।

छिंज का दृष्य और माली विजेता पुष्पेंद्र।

मेला समिति ने बड़ी माली के डेढ लाख और छोटी माली के लिए 51 हजार का इनाम रखा गया था। बड़ी माली का इनाम प्रदेश आढ़ती संघ के प्रधान हरीश द्वारा प्रायोजित किया गया है।

चियोग पंचायत के प्रधान दिनेश जागटा ने बताया कि देशू टिंबा की काली माता के नाम पर छिंज मेले का कालांतर से असोज माह में आयोजन करते आ रहे है, प्रधान दिनेश जागटा ने सरकार से इस पारंपरिक मेले को जिला स्तरीय दर्जा देने का आग्रह किया गया है।

सुन्नी कॉलेज में वुमन हेल्थ एंड हाइजीन पर किया जागरूक

महेंद्र कुमार, सुन्नी

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में महिला प्रकोष्ठ द्वारा हेल्थ एवं हाइजीन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य कंपनी की ओर से रीमा शर्मा ने छात्रों को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता और सही तरीके से बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड के प्रयोग के बारे में जागरूक किया। महिला प्रकोष्ठकी संयोजक कुसुम लता और सदस्य प्रो. सुचित्रा, प्रो. कविता, प्रो. सुष्मिता, प्रो. ज्योति ने भी छात्रों को अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी संकायों की छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

छत्र गांव के युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

भराड़ी थाना के तहत आने वाली बरोटा पंचायत के छत्र गांव में 25 वर्षीय युवक की संदेहापद मौत हो गई। युवक रात को अपने कमरे में सोया था। सुबह परिजनों ने देखा तो वह अचेत अवस्था में था। परिजन इसे घुमारवीं अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत कैसे हुई इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल पाएगा। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक छत्र गांव का 25 वर्षीय हर्ष कुमार पुत्र सुरेश कुमार रविवार शाम को अपने कमरे में सोने चला गया था। हर्ष की पत्नी गर्भवति है। जो कि अपनी सास के साथ सोई थी। सोमवार सुबह जब हर्ष की मां ने दरवाजा खटखटाया तो कोई भी जवाब न मिला। काफी

देर तक आवाजें लगाने के बाद भी जब कोई जवाब न मिला तो उन्होंने आस पड़ोस के लोगों को सूचना दी। इस दौरान हर्ष के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो हर्ष अचेत अवस्था में था। परिजन उसे घुमारवीं अस्पताल ले गया। जहां पर चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी है। भराड़ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण पता चल पाएगा। पुलिस थाना भराड़ी के प्रभारी देवानंद ने मामले की पुष्टि की है।

बिलासपुर पर्यटन समिति का बेहतर लोगो बनाने वाले को मिलेगा 20 हजार का इनाम

अप्लाई करने के लिए प्रशासन ने जारी की ई-मेल और मोबाइल नंबर, 14 तारीख लास्ट डेट

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर पर्यटन समिति का बेहतर लोगो बनाने वाले को डीसी आबिद हुसैन सादिक 20 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित करेंगे। प्रशासन ने बिलासपुर जिले के युवाओं व अन्य लोगों से आग्रह किया है कि वे इस समिति का लोगो बनाएं। इस लोगो को तैयार करने का मुख्य मकसद बिलासपुर जिला की प्रत्येक गतिविधि को जोड़ना है, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स, पैराग्लाइडिंग, बिलासपुर जिला की मुख्य आकर्षक केंद्रों को एक ही लोगो में उकेरना होगा। लोगो बनाने के लिए एसीटू डीसी की मेल आईडी या फिर 01978-224688 पर संपर्क करना होगा। इसके लिए आखिरी तारीख 14 अक्तूबर तय की गई है। प्रशासन का कहना है कि जो भी बेहतर लोगो बनाएगा, उसको प्रशासन सम्मानित करेगा। प्रशासन का यह भी कहना है कि इस लोगो को बिलासपुर पर्यटन समिति के साथ जोड़ेगा, जिसको मुख्यमंत्री द्वारा लांच करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

मंडी-भराड़ी में 8 बीघा जमीन पर्यटन विभाग के नाम

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि बिलासपुर जिला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना उनका मुख्य मकसद है। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि जिला के मंडी-भराड़ी में स्थित आठ बीघा जमीन सभी औपचारिकताएं पूरी करवाने के बाद पर्यटन विभाग को दे दी गई है। अब टूरिज्म विभाग सरकार के साथ मिलकर यहां पर काफी कुछ नए आयाम स्थापित करेगा।

दो दिन के भीतर बिलासपुर पहुंचेगा शिकारा

जानकारी के अनुसार बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में दो दिन के भीतर शिकारा पहुंचने वाला है। प्रशासन का कहना है कि अब यहां पर लोग व पर्यटन क्रूज के साथ शिकारा का भी आनंद उठा सकते हैं।

बिलासपुर में पर्यटन विभाग का अधिकारी बिठाने की प्लानिंग

जानकारी के अनुसार बिलासपुर मुख्यालय में ही अब पर्यटन विभाग का अधिकृत अधिकारी को बिलासपुर में बिठाने की प्लानिंग की जा रही है। क्योंकि अगर किसी भी व्यक्ति को टूरिज्म से रिलेटिड कोई परमिशन लेनी पड़ती है तो उसको मंडी जिला के चक्कर काटने पड़ते थे। ऐसे में प्रशासन ने इस संदर्भ को लेकर पर्यटन विभाग को एक पत्र भी लिखा है। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही सप्ताह में दो दिन पर्यटन विभाग का एक अधिकृत अधिकारी बिलासपुर बैठेगा।

झंडूता का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता : विवेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

झंडूता विस क्षेत्र के अंतर्गत बैहरन गांव में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ग्रामीणों ने यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में विवेक कुमार ने कहा कि इस सड़क के बारे में

उन्हें अवगत करवाया गया था, जिसके चलते इस समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि 20 साल बाद गांव की सड़क पक्की हुई है। इस सड़क पर 11 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि झंडूता क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। युवाओं के लिए स्टार्ट अप योजना कारगर साबित हो रही है।

बिलासपुर कॉलेज में 14 से शुरू होगा युवा महोत्सव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर सत्र 2024- 25 के लिए अंतर महाविद्यालय यूथ फेस्टिवल-1 (युवा महोत्सव) का आयोजन करने जा रहा है। जैसा कि ज्ञात है कि हर साल विश्वविद्यालय के द्वारा हिमाचल के सभी महाविद्यालयों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है, जिसे यूथ फेस्टिवल (युवा महोत्सव) के नाम से जाना जाता है। इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी अलग-अलग महाविद्यालय को आयोजित करने के लिए दी जाती है। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि 1952 के बाद पहली बार महाविद्यालय बिलासपुर सत्र 2024-25 के लिए ग्रुप -1 युवा महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस युवा उत्सव को आयोजित करने की जिम्मेदारी महाविद्यालय बिलासपुर को दी गई है और यह आयोजन 14 से 16 अक्तूबर को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने 150 महाविद्यालयों के 900 से 1000 छात्र व छात्राएं हिस्सा लेंगे।

प्लानिंग उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक अपनी प्रशासनिक टीम के साथ बना रहे योजना

लुहणू मैदान में करवाया जाएगा वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर के लुहणू मैदान में जिला प्रशासन वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल शुरू करने की प्लानिंग कर रहा है। यह कार्निवल अक्तूबर माह के अंत तक हो सकता है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की सोच के तहत बिलासपुर जिला को वाटर स्पोर्ट्स हब बनाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इस कार्निवल में क्रूज, शिकारे, वाटर बोट्स इत्यादि शामिल किए जाएंगे। इसमें सांस्कृतिक संध्याएं भी हो सकती हैं, जिसमें वाटर स्पोर्ट्स और बिलासपुरी संगीत को भी प्रमोट किया जा सकता है।

जिला प्रशासन ने बनाई सोसायटी

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक का कहना है कि प्रशासन की ओर से एक सोसायटी बनाई गई है। इसमें जिले में वाटर स्पोर्ट्स या फिर अन्य कोई खेल व अन्य गतिविधियां शुरू करने के लिए सोसायटी की परमिशन लेना जरूरी होगा। इस सोसायटी में डीसी प्रेसिडेंट, एडीसी वाइस प्रेसिडेंट, एसी मेंबर सेक्रेटरी और सभी एसडीएम को मेंबर नियुक्त किया गया है। यह सोसायटी बिलासपुर जिला में होने वाली सभी एक्टिविटी की परमिशन देगी और साथ ही प्रत्येक गतिविधि को प्रमोट भी करेगी। प्रशासन का कहना है कि बिलासपुर जिला में पर्यटन के नए आयाम स्थापित हो, इसके लिए यह सोसायटी बनाई गई है।

जिला प्रशासन कराएगा वाटर स्पोर्ट्स का कोर्स : जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के युवक एवं युवतियां एवं अन्य कोई वाटर स्पोर्ट्स का कोर्स करना चाहते हैं तो उसे जिला प्रशासन करवाएगा। हालांकि इसको लेकर उन्हें प्रशासन को अवगत करवाना होगा। जिला प्रशासन का कहना है कि वाटर स्पोर्ट्स को लेकर बिलासपुर जिला के युवक, युवतियां व अन्य भी आगे आएं, उनके लिए हीयह प्लानिंग की गई हैं।

लुहणू मैदान में वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल आयोजित करने की प्लानिंग की जा रही है। इस कार्निवल से वाटर स्पोर्ट्स को प्रमोट किया जाएगा। इसमें बिलासपुर शहर व जिले के अन्य लोग भी विभिन्न एक्टिविटीज का आनंद ले सकते हैं।

- आबिद हुसैन सादिक, डीसी बिलासपुर।

झंडूता के 441 गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना होगा साकार

गोपाल कपिल, झंडूता

झंडूता उपमंडल की सभी ग्राम पंचायतों के 441 गरीब परिवारों को पक्की छत मिलेगी। सरकार ने इन 331 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त के तौर पर 65 हजार रुपए भेजे हैं। प्रत्येक लाभार्थी को आवास निर्माण के लिए कुल एक लाख तीस हजार रुपए तीन किस्तों में मिलेंगे।

इसके अलावा राज्य सरकार बीस हजार रुपए भी दिए जाएंगे। 95 दिन मनरेगा के दिए जाएंगे, जिसके 28,500 रुपए लाभार्थीयों को दिए जाएंगे। इसकी कुल राशि एक लाख 78 हजार 500 रुपए बनती है, जो लाभार्थियों को मिलेगी। टीन शेड, झोपड़ी व कच्चे घरों में जीवन यापन कर रहे गरीब परिवारों को पक्की छत मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की शुरुआत की थी। तब से लेकर अब तक करीब 38 हजार से अधिक पात्र परिवारों को आवास आवंटित किया जा चुका है। इसमें अधिकतर पूर्ण हो गए हैं, जबकि कुछ आवास आधे अधूरे हैं। इसके लिए विभागीय स्तर से जल्द निर्माण पूरा कराने का निर्देश जारी किया गया है।

उधर, विकास खंड अधिकारी झंडूता संजीव पुरी ने बताया कि 41 पंचायत में 441 मकान बनेंगे, जिनके लिए 331 मकान के लिए पहले किस्त जारी कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

झटका अंबाला, जालंधर में खुलेंगे ईसीएचएस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल, हिमाचल को अनुमति नहीं

बेहतर इलाज से वंचित रहेंगे हिमाचल के पूर्व सैनिक

अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/मंडी

यह बात बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश के भूतपूर्व सैनिक अपना इलाज करवाने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्हें कभी जालंधर, कभी चंडीगढ़ व दूसरे राज्यों में सुपर स्पेशलिस्ट मेडिकल ट्रीटमेंट लेने के लिए जाना पड़ता है।

यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्ति एवं महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल ने एक संयुक्त बयान में कही। कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि हम लोगों ने अपने संगठन की तरफ से डायरेक्टर सैनिक कल्याण विभाग हमीरपुर तथा सैनिक कल्याण विभाग हिमाचल सरकार शिमला को पत्र लिखकर मांग की थी कि हिमाचल प्रदेश में दो ईसीएचएस अस्पतालों की सुविधा मुहैया कराई जाए, जिसका प्रपोजल सेना मुख्यालय में कई दिनों से चला आ रहा था।

फाइल फोटो

इसके बारे में पत्र आया है कि सेना मुख्यालय रक्षा मंत्रालय द्वारा अंबाला (चंडीमंदिर) तथा जालंधर आदि स्थानों पर ईसीएचएस सुपर स्पेशलिस्ट अस्पतालों को खोला जा रहा है, परंतु इस लिस्ट से हिमाचल प्रदेश का नाम कट गया है, क्योंकि न ही इस बारे में डायरेक्टर सैनिक कल्याण कार्यालय हमीरपुर और न ही सैनिक वेलफेयर हिमाचल सरकार शिमला द्वारा कोई कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप अब हिमाचल में कोई भी ईसीएचएस अस्पताल खुलने की संभावना नहीं है।

सैनिक रेस्ट हाउस में कई पद रिक्त

हिमाचल हिमाचल प्रदेश के सैनिक रेस्ट हाउस की भी स्थिति अच्छी नहीं है उनका रखरखाव सही नहीं है तथा कई रिक्त पद पड़े हुए हैं, जिनको लंबे समय से भरे नहीं जा रहे हैं।

कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि इस बाबत हम सरकार से मांग करते हैं कि एक भूतपूर्व सैनिकों का तथा पॉलिटिशियन का एक पॉलिटिकल पैनल बनाया जाए, ताकि उसे पैनल को जिम्मेदारी दे दी जाए कि वह भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को मॉनिटर करने के साथ-साथ समय बाद तरीके से उनका समाधान भी करवा सके।

हिमाचल में नहीं कोई सीएसडी डिपो

कै. जगदीश वर्मा बताया कि हिमाचल प्रदेश के लगभग 162 हजार पूर्व सैनिक दूसरी कई कठिनाइयों से उलझ रहे हैं, जिनका समाधान काफी लंबे समय से नहीं हो रहा है। हिमाचल में गैलंट्री अवॉर्ड विनर्स को हरियाणा, पंजाब, यूटी चंडीगढ़ से कम अनाउंस मिलता है, इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में अभी तक भी कोई सीएसडी का डिपो नहीं है जिसके चलते सामान अंबाला, जालंधर, पठानकोट छावनियों से लाना पड़ता है, जोकि सामान को और महंगा कर देता है। स्वतंत्रता के 80 वर्ष होने के बाद हिमाचल प्रदेश की सेना में कोई रेजीमेंट नहीं है, जबकि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों की भी दो-दो रेजीमेंट गढ़वाल तथा कुमाऊं रेजीमेंट के नाम से है और असम तथा नागालैंड व लद्दाख के नाम पर भी एक-एक रेजिमेंट है, लेकिन हिमाचल प्रदेश के नाम से कोई भी रेजीमेंट उपलब्ध नहीं है, जबकि इस छोटे से पहाड़ी राज्य के चार वीर सपूतों ने परमवीर चक्र प्राप्त किए हैं जबकि आज तक पूरे भारतवर्ष में 21 को ही मिले हैं।

न्यूज ब्रीफ

अग्निवीर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

सोलन। शिमला जिला के रामपुर बुशहर में 3 सितंबर से 9 सितंबर के मध्य आयोजित की गई अग्निवीर रैली का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह जानकारी सेना भर्ती अधिकारी कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने दी। भर्ती निदेशक ने कहा कि भर्ती कार्यालय शिमला के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेकनिकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए उम्मीदवारों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी सफल उम्मीदवार आगामी दस्तावेजी कार्यवाही के लिए 3 अक्तूबर को भर्ती कार्यालय शिमला में प्रातः 8.00 बजे रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सेना प्रशिक्षण के लिए विभिन्न सेना प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा तथा भर्ती रैली के दौरान किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

शरारती तत्वों ने एचआरटीसी की बसों के शीशे तोड़े

एसके शर्मा, जाहू। बस स्टैंड जाहू में हिमाचल पथ परिवहन निगम बिलासपुर की दो बसों के शीशे तोड़ने से दहशत का माहौल है। रविवार को दोनों बसें रूट पर जाने के बाद हर दिन की तरह जाहू बस अड्डे पर खड़ी थी। सोमवार सुबह जब दोनों बसों को अपने रूट पर जाना था, तो चालक और परिचालक जैसे ही बस पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बसों के शीशे शरारती तत्वों ने तोड़ दिए हैं। इन बसों के रूट जाहू से बिलासपुर व जाहू से घुमारवीं के हैं। दोनों बसें जाहू बस अडडे पर 6 बजे और दूसरी साढे 6 बजे के आसपास पहुंचती हैं और सुबह एक बस बस 6 बजे व दूसरी बस जाहू से साढ़े 6 बजे के आसपास अपने रूटों पर रवाना होती हैं। परंतु दोनों बसों के शीशे टूटने की वजह से बसें अपने रूट पर नहीं गई। एचआरटीसी के चालक परिचालकों को सुबह टैक्सी चालकों ने बताया कि रात के समय कुछ शरारती तत्व पत्थर मार रहे थे और उनके नाम भी बता दिए। एचआरटीसी इस मामले का संज्ञान लेते हुए शीशे तोड़ने वालों से जुर्माना वसूला और बाद में दोनों पार्टियों में समझौता हो गया। उसके बाद ही बसें बस स्टैंड से रवाना हुई। हिमाचल पथ परिवहन निगम बिलासपुर के उपमंडलीय प्रबंधक विवेक लखनपाल ने बताया कि बिलासपुर एचआरटीसी की दो बसों के जाहू बस अड्डे पर शरारती तत्वों के द्वारा शीशे तोड़ दिए गए हैं। परंतु जाहू टैक्सी चालकों ने पत्थर मारने से सीसे तोड़ने वाले युवकों की पहचान होने पर उन्हें बुलाया गया और उनसे नुकसान की भरपाई करके समझौता हो गया है।

सोलन में सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, सोलन। नेशनल हाईवे-5 पर सोलन के नजदीक नेचर ट्रीट के पास सोमवार को कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक पर सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक चालक कालका से सोलन आ रहा था और नेचर ट्रीट के पास कार से टक्कर होने के बाद उसकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों को हल्की छोटी आई है। जिनका सोलन अस्पताल में उपचार चल रहा है जबकि मृतक बाइक चालक को पोस्टमार्टम के लिए एमएमयू ले जाया गया है।

नाहन में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन शहर में 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का समाचार मिला है। मृतक की पहचान संगड़ाह उपमंडल के गांव रेडली के रहने वाले चंद्रमोहन के रूप में की गई है। युवक कालाअंब क्षेत्र में कोणार्क इंडस्ट्री में कार्य करता था, लेकिन वो दो दिन से फैक्ट्री नहीं गया था। इसका कारण पता लगाने के मकसद से उसका दोस्त मृतक के रानी का बाग़ स्थित किराए के कमरे में पहुंचा। कमरे का दरवाजा और खिड़कियां बंद थीं। मकान मालिक की मौजूदगी में खिड़की की जाली तोड़ी गई। भीतर दाखिल होते ही पाया कि चंद्रमोहन मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह व समय का खुलासा हो पायेगा। पुलिस हरेक पहलू से जांच कर रही है। पुलिस ने आत्महत्या की थ्योरी से इंकार किया है। बावजूद इसके हरेक पहलू से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

हिमाचल की तरह हरियाणा को भी गारंटियों के नाम पर ठगना चाह रही कांग्रेस : जयराम

झूठी गारंटी देने और हिमाचल को बदहाल करने वाले सीएम से कांग्रेस बना रही है प्रचार में दूरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल की तरह ही हरियाणा को भी झूठी गारंटियों के नाम पर ठगना चाह रही है, लेकिन कांग्रेस की गारंटियों का झूठ हिमाचल प्रदेश में बेनकाब हो गया है और अब आलम यह है कि हरियाणा समेत देश के लोग कांग्रेस की झूठी गारंटियों को नकार रहे हैं।

सबको पता हैं कि कांग्रेस ने हिमाचल में झूठी गारंटियां देकर सत्ता में तो आ गई लेकिन उसके बाद से हर गारंटी के विपरीत ही काम किया है। हालात बदलने के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस ने ऐसे हालात बदले कि हिमाचल के लोग सड़कों पर आकर कहने लगे है कि हमें पुराने दिन लौटा दीजिए क्योंकि इस तरह की व्यवस्था में जीना मुश्किल हो गया है।

हर दिन महंगाई की कोई न कोई मार हिमाचल के लोगों को सुक्खू सरकार दे ही देती है। कभी बिजली महंगी तो कभी पानी महंगा। कभी डीजल महंगा तो कभी बस का किराया महंगा। कभी सीमेंट महंगा तो कभी सरिया, रेता बजरी महंगी। घर बनाने से लेकर दवाई, इलाज, खाना पीना सब कुछ सुक्खू सरकार ने टैक्स का बोझ लादकर महंगा कर दिया है।

कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के कारण ही अब हिमाचल सरकार के नेताओं को स्टार प्रचारक की सूची में शामिल करने के बाद भी जम्मूकश्मीर और हरियाणा के चुनाव प्रचार से दूर रखा गया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस दिन हरियाणा में कांग्रेस के नेता घर देने की गारंटी दे रहे थे उस दिन हिमाचल में घरों के नक्शे स्वीकृत करने की कीमतों में पाँच से आठ गुना तक वृद्धि का आदेश दिया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने हिमाचल को एक लाख दस हजार प्रधानमंत्री आवास पिछले एक साल में दिए हैं लेकिन सुक्खू सरकार इसमें भी अवसर देख रही है। प्रदेश में सत्ता में आने के बाद से ही सरकार ने सीमेंट के दाम में 120 रुपए प्रति बैग की वृद्धि कर दी है। रेता-बजरी के दाम अलग बढ़ा दिए हैं। ऐसे में क्या हर परिवार के पक्के मकान का सपना साकार हो पाएगा। कांग्रेस पार्टी की हिमाचल में सरकार आने के बाद से ही हिमाचल में लोगों को कोई न कोई ज़ख़्म मिल रहा है दवा नहीं। सरकार की ज्यादती का आलम यह है कि लोगों को मिल रहे पाँच लाख के निःशुल्क हिमकेयर का इलाज भी निजी अस्पतालों में सरकारी आदेश से बंद हो गया है और सरकारी अस्पतालों में सरकार की उपेक्षा से जिन्हें ऑपरेशन की डेट मिल गई थी, उन्हें भी ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया।

जयराम ठाकुर ने कहा कि जब चुनाव सिर पर हों तो जनता को ठगने के लिए किसी भी स्तर पर जाकर झूठ बोला जा सकता है यह कांग्रेस की फेक गारंटियों से साबित हो गया। कई टोली में कांग्रेस के नेता आते हैं और तरह-तरह के झूठ बोलते हैं। पहले कुछ नेता आएंगे और लोगों को झूठे सब्जबाग दिखाएंगे, फिर दूसरे नेताओं और कथित ज्ञानियों की टीम आएगी और बड़े विश्वास के साथ बताएगी कि गारंटियां पूरा करने के किए धन की कोई कमी नहीं हैं, हमारे अंतराष्ट्रीय स्तर के अर्थशास्त्रियों ने सब गुणा-गणित कर ली है।

शिमला से सेब लेकर आंध्र प्रदेश जा रहा ट्रक बीच रास्ते से गायब

अनंत ज्ञान, शिमला

ऊपरी शिमला में सेब सीजन के दौरान बागवानों के साथ धोखाधड़ी व सेब के ट्रक चोरी के मामले सामने आते हैं, जिससे बागवानों की मेहनत की कमाई साफ हो जाती है। पुलिस ने ऐसे मामलों को रोकने के प्रयास किए, लेकिन गाहे-बगाहे ये मामला सामने आ ही जाते हैं। जिला शिमला में सेब से लदा ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है। ये ट्रक लगभग 15 लाख रुपए कीमत का सेब लेकर आंध्र प्रदेश जा रहा था और बीच रास्ते से गायब हो गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुमारसैन के बागवान गोपाल राजटा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात सितंबर को रीना देवी ने सेब की 500 पेटियां नारकंडा व मतियाना से हरियाणा नम्बर (एचआर61ई 3500)(के ट्रक में आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के लिए भेजी। यह ट्रक 12 सितंबर तक विजयवाड़ा पहुंचना था। मगर अभी तक वहां नहीं पहुंचा। शिकायतकर्ता के अनुसार, ट्रक को

लगभग 15 लाख रुपए की कीमत के थे सेब

उसका मालिक ही चला रहा था, जिसका नाम नरेश है, जोकि भिवानी हरियाणा का रहने वाला है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि ट्रक के करीब 15 लाख का सेब है।

वो कई सालों से सेब का व्यापार करता है पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब पड़ोसी राज्यों की पुलिस से भी संपर्क साधा जा रहा है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ट्रक की आखिरी लोकेशन कहां पर थी। भिवानी पुलिस से भी संपर्क करके ट्रक मालिक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

देह व्यापार का धंधा करते छह महिलाओं सहित तीन युवक काबू

अशोक ठाकुर, पठानकोट

पठानकोट के ढाकी रोड स्थित देह व्यापार का धंधा करने के आरोप में पुलिस ने शारदा सहित पांच महिलाओं तथा तीन युवकों को काबू किया है। आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी शौहरत मान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शारदा की ओर से महिलाओं को अलग-अलग स्थान से बुलाकर पैसे के लालच में जिस्मफिरोशी का धंधा करवाया जा रहा है।

पुलिस ने उक्त महिला के घर रेड की तो रिया निवासी रामा मंडी जालंधर, सानिया निवासी होशियारपुर, रिबिका निवासी गुरु नानक नगर ताजपुर रोड लुधियाना, हीना निवासी शिवपुरी लुधियाना तथा पूजा निवासी जेल रोड लुधियाना को मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

वक्फ कानून रद्द कर नया कानून बनाए केंद्र : विहिप

शिमला। विश्व हिंदू परिषद विहिप ने मांग की है कि केंद्र सरकार वक्फ कानून को रद्द करके संसद में नया कानून पारित करे। उसका कहना है कि पुराना कानून हिंदुओं और सरकार की संपत्ति पर मुसलमानों का कब्जा कराने की साजिश के तहत बनाया गया था।

इस खतरनाक कानून में 44 संशोधन करके भी कुछ भी हासिल नहीं होगा। उमंग फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने बताया कि विहिप के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा ने उमंग फाउंडेशन के वेबीनार में मुख्य वक्ता के तौर पर यह मांग उठाई। वेबीनार का विषय था 'वक्फ कानून और उसमें संशोधन की आवश्यकता'। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर डॉ. अरुण सिंह ने की। संस्था के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने वेबीनार के विषय की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

सरकार प्रत्येक बच्चे तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : हर्षवर्धन चौहान

अनंत ज्ञान, सोलन/बीबीएन

उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। हर्षवर्धन चौहान आज सोलन जिला के नालागढ़ स्थित राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले भवन नवीनीकरण के लोकार्पण के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार जहां एक ओर शिक्षा अधोसंरचना को मजबूत करने पर बल दे रही है वहीं दूसरी ओर भविष्य की जरूरतों के अनुरूप नए पाठ्यक्रम भी आरम्भ किए जा रहे है।

उन्होंने अध्यापकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के अनुरूप

संस्कार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही युवा पीढ़ी को उत्तरदायी नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होती है।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सोलन जिला ने देश में औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है। नालागढ़ उपमंडल की ग्राम पंचायत मंझोली के घीड़ तथा तेलीवाल गांव में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण किया जा रहा है जिसमें निकट भविष्य में कई इकाईयां स्थापित होंगी। इसके निर्माण से प्रदेश के युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान होंगे। नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने इस अवसर पर कहा कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा यथा संभव प्रयास किए जा रहे है।

स्टेज-2 जीभ कैंसर से पीड़ित को सर्जरी के बाद मिली दूसरी जिंदगी

अनंत ज्ञान, शिमला

फोर्टिस अस्पताल मोहाली के हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने एक जटिल जीभ पुनर्निर्माण सर्जरी के माध्यम से (स्टेज 2) दुर्लभ जीभ कैंसर से पीड़ित 40 वर्षीय रोगी का सफलतापूर्वक इलाज किया। डॉ. कुलदीप ठाकुर, कंसल्टेंट हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने गर्दन के डिसेक्शन और रि कंस्ट्रक्शन के साथ-साथ जीभ और मसूड़ों का पार्शियल रिसेक्शन किया।

यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मरीज के मुंह में मौजूद सभी रोगग्रस्त ऊतक को मरीज के चेहरे पर कोई चीरा लगाए बिना ही निकाल दिया गया। गर्दन की सर्जरी त्वचा में एक छोटा सा चीरा लगाकर की गई और ट्यूमर को निकालने

के बाद जीभ का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण किया गया।

मरीज पिछले 10 महीनों से जीभ के एक तरफ के घाव से पीड़ित था जो ठीक नहीं हो रहा था। उन्हें बोलने में दिक्कत के साथ-साथ खाना चबाने में भी परेशानी हो रही थी। लक्षण और भी बदतर हो गए और जीभ पर एक नुकीला दांत गड़ गया। मरीज ने शहर के एक अन्य अस्पताल में बायोप्सी कराई, जिससे तेजी से फैल रहे कैंसर के इलाज के लिए सर्जरी की तत्काल आवश्यकता का पता चला।

इसके बाद मरीज ने फोर्टिस अस्पताल मोहाली में डॉ. कुलदीप ठाकुर से संपर्क किया, जहां जीभ और गर्दन की एमआरआई से स्टेज 2 जीभ कैंसर की पुष्टि हुई, जो आस-पास के मसूड़ों को भी प्रभावित कर रहा था।

व्यापक चिकित्सा जांच के बाद, रोगी की गर्दन का डिससेक्शन और रिकंस्ट्रक्शन के साथ-साथ आंशिक जीभ और मसूड़े की सर्जरी की गई। आमतौर पर ऐसे मामलों में, कैंसर सर्जन सर्जरी के बाद बोलने और निगलने में कठिनाई की आशंका जताते हैं।

हालांकि, इस विशेष मामले में, रोगी को ऐसी किसी भी जटिलता का सामना नहीं करना पड़ा और सर्जरी के चार दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई। तब से वह पूरी तरह से ठीक हो गया है और सामान्य जीवन जी रहा है।

विश्व सीनियर सिटीजन डे 25 साल से हमीरपुर अस्पताल में कर रहे मरीजों की सेवा

'जज्बे' की मिसाल सीनियर सिटीजन कौंसिल हमीरपुर

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

मरीजों और तामीरदारों की सेवा करने के जज्बे को लेकर हमीरपुर की सीनियर सिटीजन काउंसिल ने समाज सेवा का तकरीबन 25 साल पहले जो झंडा गाड़ा, उसका असर हमीरपुर ही नहीं, प्रदेश भर के अस्पतालों में खूब छोड़ गया। यह संस्था जिस लग्न और मेहनत से लोगों को जोड़ने में कामयाब रही यह उसी का नतीजा है कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अब मरीज हो या फिर उनके साथ आए तमीररदार सभी को पेट भरकर ब्रेकफास्ट से लेकर लंच और डिनर फ्री में मुहैया कराया जाता है।

दरअसल में इस संस्था ने जब समाज सेवा की शुरुआत की थी, तब उसके पास मरीजों को देने के लिए बहुत कुछ नहीं था, लेकिन संस्था के साथ छोटी-छोटी राशि के जरिए लोगों की संख्या जुड़ती गई। और यह कारवां ऐसे मुकाम पर

पहुंचा, जो न केवल प्रदेश भर में बल्कि प्रदेश से बाहर भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहा।

विश्व सीनियर सिटीजन दिवस के मौके पर हमीरपुर की इस संस्था की बात न की जाए तो यह दिन अधूरा ही माना जाएगा, लेकिन जिस वक्त इस संस्था ने काम किया तब विश्व सीनियर सिटीजन दिवस शायद ही मनाया जाता था। बावजूद इसके अब इस सीनियर सिटीजन कौंसिल के पास आर्थिक रूप से मदद करने वालों का ऐसा जखीरा मौजूद है। जो हर महीने लाखों रुपए इसकी मजबूती के लिए देता है। अहम चीज यह है कि संस्था में जुड़कर ऐसे लोग मौजूद हैं जो हर वक्त इस काम में जुटे रहते हैं। यही इस संस्था की खासियत है। संस्था के मौजूदा अध्यक्ष विजय पुरी का मानना है कि संस्था के सदस्य भरपूर मेहनत करते हैं और अब इस सीनियर सिटीजन कौंसिल को ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया है। जिसमें मरीजों या तामीरदारों को खाना परोसने के अलावा अन्य गरीबों की आर्थिक सहायता करने में भी यह संस्था सक्षम हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

कौंसिल अब सिल्वर जुबली मनाने की स्थिति में

कौंसिल की शुरुआत तत्कालीन ज्ञानचंद शर्मा और तकरीबन आधा दर्जन और लोगों की मौजूदगी में हुई थी। वह बताते हैं कि उसे समय संस्था को चल पाना मरीजों की उम्मीदों पर खड़ा उतरना कितना आसान नहीं था, लेकिन मदद करने वाले लोग जुड़ते गए।

तब ज्ञानचंद शर्मा, भगवान दास शास्त्री, मनोहर लाल शर्मा, विधि दूबे और जगदीश चंद्र सोंधी प्रमुख रूप से इस संस्था के फाउंडर मेंबर बने थे। उन्होंने संस्था को आगे बढ़ाने के लिए और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए जो जो नीव रखी वह अब सिल्वर जुबली मनाने की स्थिति में दिख रही है।

तस्य स नयन्हर्ष कुरुवृद्धः पितामहः।
सिंहनादं विनद्योच्चैः
शङ्खं दध्मौ प्रतापवान्॥

कौरवों में वृद्ध बड़े प्रतापी पितामह भीष्म ने उस दुर्योधन के हृदय में हर्ष उत्पन्न करते हुए उच्च स्वर से सिंह की दहाड़ के समान गरजकर शंख बजाया॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 1 अक्तूबर 2024

नवरात्र पर करें देवी आराधना पाएं सुख और वैभव...

नवरात्र में आध्यात्मिक उपासना का विशेष महत्व है। नवरात्र को ऋषि मुनियों ने आध्यात्मिक दृष्टि से उपयुक्त बताया है। सतयुग में ब्रह्मा आदि देवताओं ने दयामयी मां दुर्गा का विविध प्रकार से पूजन किया। पूजन से प्रसन्न होकर देवी दुर्गा देवताओं के समक्ष प्रकट हुईं और वर मांगने को कहा। देवताओं ने कहा-हे माता, ऐसा कोई मंत्र बताएं, जिससे आप जगत की रक्षा के लिए शीघ्र प्रसन्न हो जाएं। माता बोलीं-हे देवगण! मेरे बत्तीस नामों के जाप से मैं शीघ्र प्रसन्न हो जाती हूं। समस्त लोकों में इसके समान दूसरी कोई स्तुति नहीं है। सुनो, मैं तुम्हें अपने नाम बतलाती हूं, जिसका जाप कर समस्त लोकों के प्राणियों को सुख, वैभव और मनवांछित फल की प्राप्ति होगी। श्रद्धा भक्ति से पाठ करने वाले साधक को मैं काल के मुंह से छीन कर ले आती हूं। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है, किंतु ध्यान रहे जो मनुष्य अभक्त, नास्तिक और शठ हो उसे इसका उपदेश नहीं देना चाहिए। मार्कंडेय पुराण में ब्रह्माजी ने जिन नौ देवियों का वर्णन किया है उनके अनुसार देवी की नौ मूर्तिया हैं जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इनमें प्रथम शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवीं दुर्गा स्कंदमाता, छटी कात्यायनी, सांतवी कालरात्री, आठवीं महागौरी तथा नवम सिद्धिदात्री देवी है। यह सभी नाम सर्वज्ञ महात्मा वेद भगवान के द्वारा प्रतिपादित हुए हैं, जो मनुष्य अग्नि में जल रहा हो, रण भूमि में शत्रुओं से घिर गया हो, विषम संकट में फंस गया हो अथवा किसी प्रकार के भय से दुखी होकर जो भगवती दुर्गा की शरण में आता है उसका कभी कोई अमंगल नहीं होता। युद्ध के समय संकट पड़ने पर भी कोई विपत्ति नहीं आती है। इसलिए नवरात्र पर देवी दुर्गा की विविध प्रकार से पूजा-अर्चना और आराधना करनी चाहिए।

नवरात्र में ऐसे करें नवग्रहों को प्रसन्न

सूर्य : सूर्य ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर कमल के फूलों से शैलपुत्री भगवती का पूजन करें। पूजन पश्चात आक के वृक्ष को पानी से सींचें। गुड़ लाल गाय को खिलाएं।

चंद्र : चंद्र ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दही का तिलक लगाकार श्वेत पुष्पों से ब्रह्मचारिणी देवी का पूजन करें व श्वेत वस्त्र अर्पित करें। माता को श्वेत चंदन का तिलक लगाएं। पूजन के पश्चात पलाश के वृक्ष को चांदी के पात्र में पानी लें उसमें दही डाल सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत बैल को खिलाएं। ऐसा करने से जातक को समस्त सुख प्राप्त होंगे।

मंगल: मंगल ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर लाल कनेर के पुष्पों से चंद्रघंटा देवी का पूजन करें व लाल वस्त्र अर्पित कर लाल चंदन से देवी को तिलक करें। तत्पश्चात खैर के वृक्ष को तांबे के पात्र में पानी लेकर उसमें घी मिलाकर सींचें। उसके बाद गुड़ लाल बैल को खिलाएं। राज्य में वैभव बढ़ेगा।

बुध : बुध ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर सभी रंगों के पुष्पों से कूष्मांडा देवी का पूजन करें व हरा वस्त्र अर्पित कर नाना प्रकार के फल देवी को भेंट करें। इसके बाद अपामार्ग के पौधे को कांस्य के पात्र में जल लेकर उसमें घी डालकर सींचें। तत्पश्चात शक्कर गाय को खिलाएं। ऐसा करने से अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

गुरु : गुरु ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक केसर का तिलक लगाकर पीले फूलों से स्कंदमाता का पूजन करें व पीला वस्त्र अर्पित कर पीले फल देवी को समर्पित करें। पीपल के पेड़ को कांस्यपात्र में जल लेकर उसमें लाल शहद डाल कर सींचें। शहद अश्व को चटाएं या खिलाएं। ऐसा करने से देवी विद्या, धन व सुदंर रूप प्रदान करती है।

शुक्र : शुक्र ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दूध का तिलक लगाकर अक्षत व सुगंधित द्रव्यों से कात्यायिनी देवी का पूजन करें व देवी को हीरा भेंट स्वरूप चढ़ाएं। हीरे के अभाव में जरकन आदि चढ़ा सकते हैं। इसके बाद गूलर की बेल को चांदी के पात्र में जल लेकर उसमें चावल दही व अन्य द्रव्य डाल कर सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत घोड़े को खिलाएं। ऐसा करने से देवी राजनीति क्षेत्र में सफलता प्रदान करेगी व भू-संपत्ति दिलाएगी।

शनि : शनि ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक तेल का तिलक लगाकर काले पुष्पों से कालरात्रि देवी की पूजा करें व काले वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद शमी के वृक्ष को लोहे के पात्र में जल लेकर उसमें तेल व थोड़े से उड़द डालकर सींचें। तत्पश्चात भैंसे को कुलथी की दाल खिलाएं।

राहु : राहु ग्रह में साधक सरसों के तेल का तिलक कर महागौरी देवी की कृष्ण पुष्पों से पूजा करें व खड्ग माता को भेंट करें। इसके बाद दूर्वा को नारियल के खोपे में जल लेकर उसमें धनिया (सूखा) डालकर सींचें तथा सीसा, गोमेद व कंबल धर्मस्थान में दान दें। तत्पश्चात काले घोड़े को तेल पिलाएं।

केतु : केतु ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक कड़वे तेल का तिलक लगाकर सिद्धिदात्री देवी का धूम्र पुष्पों से पूजन करें व देवी को शस्त्र व ध्वज प्रदान करें। इसके पश्चात कुशा को नारियल के खोपे में जल डालकर उसमें केसर डालकर सींचें तथा बकरे को तेल (सरसों का तेल) पिलाएं और सप्तधान्य दान करें। ऐसा करने से देवी समस्त अभिलाषाएं पूर्ण करती है।

प्रस्तुति : अनिल शर्मा, नौबाही (मंडी)

अरिष्ट निवारण के लिए करें औषधि स्नान

जिन जातकों को रोग लगातार कष्ट दे रहा हो या एक रोग के बाद दूसरा रोग लग जाता है, वह नवरात्र में अरिष्ट निवारण के लिए औषधि स्नान करें और रोग से मुक्ति पाएं, किंतु ध्यान रहे कि स्नान से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि कौन सा ग्रह महादशा या अंतर्दशा में है और किस ग्रह की शांति के लिए स्नान करना अनिवार्य है।

सूर्य ग्रह : कुंडली में यदि सूर्य की वजह से कोई रोग लगातार बढ़ रहा हो, तो मनः शिला, इलायची, देवदारू, केशर, खस, रक्तपुष्प, लाल चंदन, कनेर पुष्प व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं:

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : कौमाटर्यै नमः

चंद्र ग्रहः पंचगव्य, गऊ का दूध, गोबर गजमद, शंख सीप, गंगाजल, श्वेत चंदन, स्फटिक व गोमूत्र को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : कल्याण्यै नम :

मंगल ग्रहः बिल्व छाल, लाल पुष्प, हींग गोदनी, जटामासी, मौलसिरी, सिगरफ, मालकंगनी व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : दुर्गायै नम :

बुध ग्रहः गोबर, अक्षत, मोती, शहद, सुवर्ण, जायफल, पिपरामूल, नागकेशर व गंगाजल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : रोहिण्यै नमः

गुरु ग्रहः चमेलीपुष्प, पुष्प, श्वेतसरसों, शहद, गुलर, दमयंती, मुलट्ठी, नवीनपत्ते, गंगाजल व तुलसी को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : कालिकायै नमः

शुक्र ग्रहः पिपरामूल, जायफल, केशर, मूली बीज, मन:शिल, इलायची, श्वेतचंदन, गंगाजल व रवेतकमल को रात्रि को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : चण्डिकार्य नमः

शनि ग्रहः काले तिल, सूरमा, लोबान, सौंफ, खस, खिल्ला, शतकुसुम व गांदमिश्रित को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : शम्भव्यै नम :

राहु ग्रहः लोबान, तारपीन, मोथा, गजदंत, कस्तूरी, बिल्वपत्र, गंगाजल, लालचंदन को रात्रि 12 बजे एक पात्र में भिगोएं। सुबह नहाने के पानी में मिलाएं। निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से सिर पर गिराएं :

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : सुभद्रायै नम :

केतु ग्रहः लोबान, तारपीन, तिलपत्र, गजदंत, छागमूत्र, लाल चंदन, गंगाजल व कस्तुरी को 12 बजे एक पात्र में भिगो दें तत्पश्चात सुबह नहाने के पानी में डाल कर निम्न मंत्र का जाप करते 108 बार जलपात्र से अपने सिर पर गिराएं:

सर्वमंङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।
देवी मंत्र : सुभद्रायै नम :

नवरात्र का हिंदू धर्म में विशेष महत्व

नवरात्र पर्व हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। साल में 4 बार नवरात्र का पर्व मनाया जाता है- चैत्र नवरात्र, शारदीय नवरात्र व 2 गुप्त नवरात्र। नवरात्र के 9 दिनों तक कई भक्त जन उपवास रखते हैं और मां दुर्गा की आराधना करते हैं। इस साल शारदीय नवरात्र अगले महीने से शुरू हो रहे हैं। हिंदू पंचांग के

अनुसार, आश्विन मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 2 अक्तूबर को रात 12:18 बजे से होगी, जिसकी समाप्ति 3 अक्तूबर की रात 2:58 बजे होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 3 अक्तूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। इसी दिन पहला नवरात्र व पहला व्रत रखा जाएगा। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। नवरात्र की प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना व कलश स्थापना करने के बाद शैलपुत्री माता का ध्यान किया जाता है। कलश स्थापना सामग्री-कलश के साथ पंचपल्लव या आम के पत्ते का पल्लव, मिट्टी का बर्तन, जौ, जल, साफ कपड़ा, नारियल, कलावा, रोली, सुपारी, गंगाजल, सिक्का, दूर्वा, गेहूं और अक्षत (चावल), हल्दी, पान के पत्ते, कपूर आदि सामान की आवश्यकता होती है।

प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

नवरात्र में चित्तौड़गढ़ के कालिका मंदिर में उमड़ती है भीड़

8वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी ने कर दिया था नष्ट

विश्व धरोहर में शामिल राजस्थान के चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर बना कालिका माता मंदिर में दूर-दराज से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सालभर जारी रहता है, लेकिन नवरात्र में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मेवाड़ के सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक मंदिर यह कालिका माता का मंदिर कालिका देवी दुर्गा को समर्पित है। कालिका माता मंदिर वास्तव में मूल रूप से सूर्य देवता का मंदिर था, जिसे 8वीं शताब्दी के दौरान बनाया गया था, लेकिन अलाउद्दीन खिलजी के हमले के दौरान इस मंदिर को नष्ट कर दिया गया था। कुछ समय पश्चात 14वीं शताब्दी में यहां कालिका माता की मूर्ति स्थापित की गई और तब से यह मंदिर कालिका माता मंदिर के नाम से जाना जाने लगा।

मंदिर में देवी भद्रकाली का एक रूप

14वीं शताब्दी में महाराणा लक्ष्मण सिंह ने अखंड ज्योति नामक दीपक जलाया था। इस मंदिर में जिस देवी की पूजा की जाती है वह देवी भद्रकाली का एक रूप है। यह प्राचीन मंदिर प्रतिहार काल का उत्कृष्ट स्थापत्य नमूना है। कालिका माता मंदिर न केवल धार्मिक प्रवृत्ति वाले लोगों को, बल्कि कला प्रेमियों और आम पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। एक ऊंचे स्थान पर निर्मित कालिका माता मंदिर का बाहरी भाग अद्भुत है।

मंदिर में नायाब नक्काशी

मंदिर के खंभे, मंडप, प्रवेश द्वार और छत बड़ी जटिल नक्काशी प्रदर्शित करते हैं। मंदिर के आंतरिक गर्भगृह की दीवारों पर सूर्य देव को जीवनसाथी और देवदूतों से घिरा हुआ दर्शाया गया है। मंदिर की आंतरिक दीवारों को चित्रित किया गया है और इसमें चंद्रमा देवता भी शामिल हैं। छतों पर बारीकी से नक्काशी की गई है और शीर्ष पर संकीर्ण किया गया है। मंदिर पर मौर्य स्थापत्य कला का गहरा प्रभाव है।

युद्ध के वक्त मूर्ति साथ ले जाते थे राजा

जब भी राजवंश का किसी भी शत्रु के साथ युद्ध होता था, तब कालिका माता की मूर्ति साथ में ले जाया करते थे। ऐसे में यह मंदिर सूना हो जाता था और यहां पूजा पाठ बंद हो जाते थे। महाराणा सज्जन सिंह ने इस मंदिर में अंबे माता की भी प्रतिमा की स्थापना करवाई, ताकि मंदिर में पूजा-अर्चना चलती रहे। इस मंदिर में कालिका माता की मूर्ति के पास ही अंबे माता की मूर्ति भी स्थापित है।

सोने के गहनों से माता का शृंगार

नवरात्र शुरू होने से पहले कालिका माता का सोने के गहनों से विशेष शृंगार किया जाता है। यहां हर साल नवरात्र से पहले मंदिर के महंत और पंडित जिला प्रशासन को एक लिखित में एप्लिकेशन देते हैं और वहां पर रखे ट्रेजरी से कालिका माता के सोने के गहने लेकर जाते हैं। इस दौरान वहां रखे सोने के गहनों की जांच व वजन कर महंत व पंडित को दिए जाते हैं। सोने के आभूषण बड़ी मात्रा में होने से पुलिस विभाग की ओर से पांच सशस्त्र जवानों की सुरक्षा लगाई जाती है। ये जवान नौ दिन तक कालिका माता मंदिर में तैनात किए जाते हैं। इन सोने के आभूषणों में चार मुकुट, एक रम झूला, तमनिया, चंद्रहार, बिंदिया आदि शामिल हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सोने के आभूषण नवरात्र के समापन के बाद पुनः ट्रेजरी कार्यालय में जमा करवा दिए जाते हैं।

अपनी शर्तों पर जीवन जीते हैं मेष राशि के जातक

मेष राशि के जातक तेजी से काम करने वाले, आशावादी और आत्मकेंद्रित होते हैं। राशि चक्र की प्रथम राशि होने के कारण ये शिशु की तरह मासूम होते हैं। इनका प्रतीक मेढ़ा होता है, जो निडर और साहसी होता है। इस राशि के जातक हमेशा अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीना पसंद करते हैं। ये हर परिस्थिति में अपने आप को ढाल कर चुनौतियों का सामना करना पसंद करते हैं। मेष राशि वाले जातकों के करियर क्षेत्र की बात करें तो इसमें इंजीनियरिंग, कला, शिक्षण क्षेत्र प्रमुख हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त मेष राशि के लोगों को गणित, फिजिक्स, अकाउंट आदि विषयों में अधिक सफलता मिल सकती है। जातक सेना, आर्किटेक्ट, अस्त्र-शस्त्र, वास्तु शास्त्र जुड़े सेक्टर में बिजनेस कर सकते हैं। मेष राशि के लोगों के लिए दक्षिण दिशा शुभ मानी जाती है। मेष राशि का स्वामी मंगल हैं और मंगल की दिशा दक्षिण है। मेष राशि के स्वामी ग्रह मंगल हैं। वैदिक ज्योतिष में मंगल को भूमि, साहस, वीरता और रक्त का कारक माना जाता है।

मेष राशि से संबंधित कुछ विशेषताएं

- मेष राशि, राशि चक्र की पहली राशि है।
- मेष राशि अग्नि तत्व की राशि है।
- मेष राशि के लोगों के लिए लाल रंग भाग्यशाली है।
- मेष राशि के लोगों के लिए मूंगा शुभ रत्न है।
- मेष राशि के लोगों के लिए हनुमान जी और राम जी इष्ट देवता हैं।
- मेष राशि के लोगों को सूर्य और गुरु योगकारक होते हैं।
- मेष राशि के लोगों को अगर ज्यादा गुस्सा आता है, तो उन्हें जीवन भर मूंगा धारण करना चाहिए।
- मेष राशि के लोगों को रत्न मंगल की उग्र ऊर्जा को संतुलित करने और सद्भाव लाने में मदद करते हैं।
- मेष राशि के लोगों को आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने में रत्न मदद करते हैं।

-प्रस्तुति : आचार्य रोशन लाल शर्मा सुंदरनगर, मंडी

न्यूज ब्रीफ

केदारा के आदित्य और अरमान बने अग्निवीर

अनंत ज्ञान, डरोह। विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव के गांव केदारा के दो भाइयों आदित्य नरयाल पुत्र विजय कुमार नरयाल व अरमान नरयाल पुत्र अजय कुमार नरयाल का सेना में बतौर अग्निवीर चयन हुआ है। अभी हाल ही धर्मशाला में अग्निवीर सैनिकों की हुई भर्ती में कांगड़ा और चंबा जिला से कुल 15216 कैंडिडेट्स ने अप्लाई किया था। इसमें से 6567 को शार्ट लिस्ट किया गया। इन्हें धर्मशाला फेस 2 में मेडिकल और फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया, इनमें से 1566 कैंडिडट्स ने क्वालीफाई किया और 632 कैंडिडेट्स फाइनली सलेक्ट हुए। आदित्य नरयाल महार रेजीमेंट में, जबकि अरमान नरयाल जैक रायफल में सेवाएं देंगे। इन दोनों के घरों में खुशी का माहौल है। दोनों के पिता भी सेना से सेवानिवृत्त हैं।

पीएनबी धर्मशाला सर्कल की कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन धर्मशाला सर्कल की बैठक कांगड़ा में हरविंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। हुकम सिंह ठाकुर चेयरमैन, रमेश महाजन उपाध्यक्ष, एमआर ठाकुर तथा जीडी चौधरी उपाध्यक्ष, संदीप भटनागर सर्किल सचिव, एसके डोगरा संयुक्त सचिव, पीसी रणौत संगठन सचिव, महिंद्र शर्मा ट्रेसरार और पुरुषोत्तम सब टेसरार, कार्यकारिणी सदस्य डीके शर्मा, अरविंद गुप्ता, एसके भट्ट तथा सुभाष धीमान चुने गए। बैठक में डीएस गुलेरिया तथा सुरेंद्र शर्मा ने संगठन तथा बैंकों के पेंशनर्स की विभिन्न मांगों एवं कोर्ट केसों की विस्तृत जानकारी दी।

कृषि अधिकारी संघ ने निदेशक से की मुलाकात

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। कृषि प्रसार अधिकारी संघ हिमाचल प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल मनु नाग की अध्यक्षता में कृषि निदेशक कुमुद सिंह (आईएएस) से शिमला में मिला। संघ ने कृषि प्रसार अधिकारियों की लंबित मांगों पर कृषि निदेशक से चर्चा कर अपना पक्ष रखा। कृषि निदेशक ने बड़े ध्यान से कृषि प्रसार अधिकारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें हल करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। कृषि प्रसार अधिकारी संघ ने कृषि संयुक्त निदेशक डॉ. जीत सिंह और कृषि निदेशक कुमुद सिंह का धन्यवाद किया।

ब्लॉक समिति चुनाव में जीवन सिंह विजयी

अनंत ज्ञान, इंदौरा। विकास खंड इंदौरा के तहत मड मियानी, बकराधवां, बसंतपुर पंचायत में ब्लॉक समिति सदस्य के चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जीवन सिंह ने भाजपा समर्थित के उम्मीदवार जोगिंदर सिंह को 59 मतों से हराकर जीत हासिल की है। इसमें विजेता कांग्रेस उम्मीदवार जीवन सिंह को कुल 886 मत पड़े और भाजपा समर्थित उम्मीदवार जोगिंदर सिंह को 827 मत पड़े। एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता व उनकी टीम द्वारा चुनावों की मतगणना शुरू की गई। एसडीएम ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण रहा तथा लोगों का भरपुर योगदान इस चुनाव में रहा। विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन ने समिति सदस्य को जीत की बधाई दी।

स्वार्थ की राजनीति पर विराम जरूरी : पराशर

अनंत ज्ञान, गरली। कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि किसी व्यक्ति की सफलता में उसे जीवन में मिले अवसरों का भी हाथ होता है। प्रतिभा को उभारने के संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। सोमवार को जसवां-परागपुर क्षेत्र रक्कड़ में स्थानीय युवाओं से संवाद करते हुए पराशर ने कहा कि किसी क्षेत्र की राजनीति युवा वर्ग की सफलता या असफलता के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार है, क्योंकि राजनीतिक इच्छा शक्ति और समझ ही यह तय करती है कि कोई नेता अपने क्षेत्र के युवाओं की शिक्षा और रोजगार देने के लिए क्या सोच रखता है, लेकिन विडंबना यह है कि जसवां-परागपुर क्षेत्र में राजनीति केवल अपने ही स्वार्थ के लिए होती रही है और यही कारण है कि पूर्व प्रदेश सरकार में क्षेत्र से रोजगार मंत्री होने के बावजूद बेरोजगारों की फौज बढ़ती ही गई। पराशर ने कहा कि स्वार्थ की राजनीति पर अब विराम लगना चाहिए और युवा वर्ग के लिए गंभीरता से सोचना चाहिए।

सुशील बने कबीर सभा बंडविहार के प्रधान

अनंत ज्ञान, डरोह। हिमाचल प्रदेश कबीर पंथी समाज सुधार सभा तहसील पालमपुर इकाई कार्यकारिणी की बैठक पालमपुर के नजदीकी गांव बंडविहार में कबीर भगत चुनी लाल के घर गत रविवार को तहसील पालमपुर इकाई के प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर स्थानीय शाखा बंडविहार का गठन भी किया गया। इसमें सुशील कुमार को प्रधान, इंदूबाला को उपप्रधान, सुरेश कुमार को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार उर्फ निक्कू को सचिव, सुरेश कुमार उर्फ टोनी सहसचिव, चुनी लाल वरिष्ठ सलाहकार, विशन दास, कृपा राम तथा अमरनाथ को सलाहकार, मधू देवी, भागां देवी व रजनी देवी को तहसील प्रतिनिधि चुना गया।

ले. कर्नल गोपाल सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा की तहसील हरिपुर के गांव भटोली से संबंध रखने वाले ले. कर्नल गोपाल गुलेरिया (सेवानिवृत्त) को सैनिक कल्याण विभाग कांगड़ा के उपनिदेशक की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश का सबसे बड़ा जिला होने के कारण यहां सैनिक परिवार और उनसे जुड़े काम अधिक हैं, जिसके चलते पूर्व सैनिक और उनके आश्रित प्रदेश सरकार और निदेशालय से निरंतर यहां उपनिदेशक नियुक्त करने का आग्रह कर रहे थे। ले. कर्नल गोपाल गुलेरिया (से.नि.) वर्तमान में मंडी जिला के सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक हैं। उन्हें जिला कांगड़ा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

शैलेश, लोकेश, राशिक तथा सुभाष की टीम प्रथम

अनंत ज्ञान, गगल। कांगड़ा हवाई अड्डे पर 14 से 30 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान हिंदी टिप्पण एवं अनुवाद प्रतियोगिता में शैलेश कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (इंजी-सिविल) प्रथम, शनि आंचल द्वितीय, साहिल तृतीय एवं लोकेश शर्मा चतुर्थ स्थान पर रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शैलेश कुमार सिंह, लोकेश शर्मा, राशिक एवं सुभाष की टीम ने प्रथम, साहिल की टीम ने द्वितीय, बांगर की टीम ने तीसरा व शाली की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया।

आरएस बाली ने 560 परिवारों को बांटे पीएम आवास योजना के स्वीकृति पत्र, बोले

सुक्खू सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित

पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है। सरकार द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां प्रदेश के आम जनमानस को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थी परिवारों को पीएम आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित करने के उपरांत हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने यह बात कही। बाली ने आज यहां विकास खंड नगरोटा बगवां के अंतर्गत 560 पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना के स्वीकृति पत्र भेंट किए।

उन्होंने कहा कि अपने परिवार के लिए घर बनाना हर व्यक्ति के जीवन का सपना होता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक और सामाजिक तौर से कमजोर तबके के लोगों का अपना आशियाना बने इसके लिए सरकार भी प्रयासरत है।

उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत राज्य और केंद्र सरकार द्वारा तय राशि मिलाकर लाभार्थियों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि नगरोटा विकास खंड के अंतर्गत बड़ी संख्या में पात्र परिवारों का चयन पीएम आवास योजना के लिए किया गया है। उन्होंने इसके लिए विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी खामियों के कारण जिन परिवारों को यह लाभ नहीं मिला है, उनसे संबंधित औपचारिकताओं को भी जल्द निपटाया जाए, ताकि वे भी लाभांवित हो सकें।

कार्यक्रम में बीडीओ नगरोटा बशीर खान, बीडीसी अध्यक्ष अंजना, उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, सुपरिंटेंडेंट रवि कुमार, विभिन्न पंचायत प्रधान, सचिव, लाभार्थी परिवारों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र बांटते आरएस बाली।

आम आदमी के दुख दर्द से सीएम वाकिफ

बाली ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एक बेहद आम परिवार से आते हैं, इसलिए वे आम आदमी के दुख-तकलीफ और वेदनाओं को भलिभांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशील हृदय के कारण ही प्रदेश सरकार का इस समय पूरा फोकस आम परिवारों के उत्थान की ओर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विभागों को इसी दिशा में काम करने के निर्देश सरकार द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री का इस कार्य के लिए पूर्ण सहयोग मिला जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर बीडीओ नगरोटा, उपस्थित अधिकारियों और विभिन्न पंचायत से आए हुए लोगों ने उनका ससम्मान स्वागत किया।

राज्य में होंगे मेगा इवेंट: आरएस बाली

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में दूसरी स्टार नाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के विभिन्न जगहों पर मेगा इवेंट आयोजित किए जाएंगे। कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है इसी कड़ी में कांगड़ा वैली कार्निवल का भव्य आयोजन किया जा रहा है, ताकि धर्मशाला में आने वाले पर्यटकों को हिमाचल की संस्कृति से भी रू-ब-रू होने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों और उत्सवों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। बाली ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में देव परम्परा संस्कृति की एक-एक कॉफी टेबल बुक तथा फोटो गैलरी बनाकर पर्यटन विभाग के सभी होटलों में स्थापित की जाए ताकि प्रदेश भ्रमण पर आने वाले पर्यटक देव संस्कृति से रू-ब-रू हो सकें।

हैप्पी बर्थडे

चंडीगढ़ की स्नेहा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

कांगड़ा अस्पताल में की साफ-सफाई

कांगड़ा। राजकीय कॉलेज मटौर के एनएसएस स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन अभियान 2024 के तहत नागरिक चिकित्सालय कांगड़ा में हॉस्पिटल के स्टाफ के सहयोग से साफ-सफाई की। स्वयंसेवियों ने जहां हॉस्पिटल में सफाई की, वहीं मरीजों की पर्चियां बनवाने, उन्हें व्हील चेयर से उनके निश्चित स्थान तक ले जाने में मदद भी की।

67 पैराग्लाइडर्स ने करवाया पंजीकरण

धर्मशाला। 16 नवंबर से शुरू हो रहे धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप के लिए सोमवार तक 12 देशों के 67 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है। यहां भारत के अलावा नेपाल, यूएसए, चीन, मेक्सिको, सऊदी अरब, फ्रांस, स्पेन, आयरलैंड, सिंगापुर तथा कजाकिस्तान के पैराग्लाइडर्स उड़ाने भरेंगे। एडवेंचर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ हिमाचल प्रदेश तथा नरवाना एडवेंचर क्लब के चेयरमैन तथा धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन करवा रहे हैं।

कांगड़ा वैली कार्निवल

धर्मशाला। पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में 28 सितंबर से 13 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे कांगड़ा वैली कार्निवल के तीसरे दिन एक फूड स्टॉल पर विभिन्न लजीज व्यंजनों के स्वाद का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया।

हल्दरा में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

अनंत ज्ञान, डरोह। सांबा पंचायत के गांव हल्दरा में कुलदीप भगवान गुलेरिया के निज निवास पर 23 से 30 सितंबर तक हुई श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को कथावाचक पंडित राम शिव लोचन पांडेय ने श्रीकृष्ण विवाह, उनके पुत्रों का जन्म, श्रीकृष्ण व बाणासुर संग्राम, राजा नृग की कथा, पौंड्रिक काशीराज द्विविद का उद्धार, राजसूय यज्ञ का आयोजन, जरासंध उद्धार, शिशुपाल उद्धार सुदामा चरित्र आदि प्रसंग सुनाए। कथा के अंतिम दिन सोमवार को सुबह 8 बजे वेदियों की पूजा की गई। हवन-यज्ञ किया गया, पितर तर्पण के बाद पूर्णाहुति दी गई, उसके बाद श्राद्ध किया गया। दोपहर को लंगर भंडारे का भी आयोजन था।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निकाली रैली

अनंत ज्ञान, डरोह। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा 2 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जमूला में स्वच्छता पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को उपप्रधानाचार्य आई विक्रम सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जामूला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली आईटीआई के प्रांगण से शुरू होकर गढ़ जमूला मार्केट से होते हुए वापस आईटीआई के प्रांगण में समाप्त हुई।

इंदौरा में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन

अनंत ज्ञान, इंदौरा। बाल विकास परियोजना अधिकारी ओम प्रकाश द्वारा सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन किया गया, जिसकी अध्यक्षता इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने की। समापन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके द्वारा बनाए खाद्य व्यंजन की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ नाटक भी किए गए तथा आम लोगों को संदेश भी दिया कि वह अपने छोटे बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण देकर उनका मानसिक तथा शारीरिक तौर पर विकास करें। इस मौके पर विधायक द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए इस प्रोग्राम से खुश होकर 21000 की राशि अपनी निजी विधायक निधि से उन्हें प्रदान की।

जेबीटी शिक्षकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन के तत्वावधान में सभी जेबीटी शिक्षकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। जिला कांगड़ा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रिंसिपल व जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नीना पुन्न ने इस प्रशिक्षण का समापन किया तथा 165 जेबीटी शिक्षकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

हृदय को चुस्त-दुरुस्त रखने के बताए उपाय

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर टांडा अस्पताल में कार्डियो विभाग की ओपीडी में डॉक्टरों ने मरीजों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने खासकर अपने हृदय को चुस्त-दुरुस्त रखने के उपाय बताए। कार्डियो विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल भटनागर ने कहा कि हृदय रोग का एक बड़ा कारण तनावपूर्ण जिंदगी जीना है इसलिए हमें हमेशा तनाव रहित रहना चाहिए। हृदय के गंभीर रोगों से बचने के लिए दिल से जुड़ी बीमारियों की जांच करवानी चाहिए।

डाडासीबा कॉलेज के स्वयंसेवियों ने की सफाई

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा की एनएसएस यूनिट द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेवा से सीखें अभियान में कॉलेज कैंपस की सफाई की। कॉलेज गेट के सामने वाले मैदान में प्लास्टिक के कागज और कूड़ा-कर्कट साफ किया गया। इसके अतिरिक्त कॉलेज के खेल मैदान के आस पास लगी झाड़ियों को साफ किया गया।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल को किया सम्मानित

अशोक ठाकुर, इंदौरा

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की एमडी डॉ. रिचा महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल को बुलंदियों तक पहुंचाने वाली प्रिंसिपल रेणु परमार को जिला पठानकोट के समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एसडीएम पठानकोट डॉ. सुमित मूध, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार रहे। इस समारोह में जिला कांगड़ा, जिला पठानकोट व जिला कठुआ के सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को आमंत्रित किया गया था। वहीं, प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि उन्हें मोस्ट प्रमिसिंग प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख शिक्षा विदों और प्रशासकों ने भाग लिया। पुरस्कार विजेताओं ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान को साझा किया और नई तकनीकों एवं विधियों को अपनाने की प्रेरणा दी। समारोह शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और शिक्षकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। (अनंत ज्ञान)

नगरोटा में इस बार भी धूमधाम से होगा रामलीला मंचन और दशहरा

अनंत ज्ञान , नगरोटा बगवां

नगरोटा बगवां में 35 साल से जारी श्री रामलीला एवं दशहरा कार्यक्रम का इस वर्ष भी भव्य आयोजन होगा। यह जानकारी श्री रामलीला एवं दशहरा कमेटी नगरोटा बगवां के सदस्य गोल्डी, अमित बंटी और अखिल बस्सी ने दी। कार्यक्रम का शुभारंभ 3 अक्तूबर सुबह 5 बजे प्रभात फेरी से होगा। प्रभात फेरी श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, वाल्मीकि मंदिर तथा मां नारदा शारदा मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद श्री रामलीला मंच में प्रवेश करेगी। श्री रामलीला मंच पर प्रतिदिन रात 8:30 बजे से रामलीला का मंचन होगा। इस वर्ष कई नए युवा कलाकार अपने अभिनय और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। 12 अक्तूबर को दशहरे के दिन एक बार फिर शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर पूरे बाजार का चक्कर लगाकर दशहरा मैदान पहुंचेगी। गांधी मैदान में रावण वध के बाद पुतलों का दहन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए श्री रामलीला एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष बलराम पुरी ने समितियां गठित कर दी हैं। दशहरा मैदान में झांकी पुतलों की व्यवस्था के लिए महेंद्र मेहरा, विनोद सरोत्री, बलवंत मेहरा, विशाल कौशल, दशहरा मंच के संचालन के लिए अमित बंटी, पूजन भंडारी, मधु शर्मा, शोभा यात्रा के लिए ललित मोहन शर्मा, गोल्डी, अखिल बस्सी, विकास खोसला, अजय सिंह तथा सुनील वर्मा व उनके सहयोगी ,स्त्री पात्रों के मेकअप के लिए मधु शर्मा, सविता दीवान व अनुराधा शर्मा तथा पुरुष पात्रों के लिए पूजन भंडारी, अनूप कौशल, सुमित व वंशज को दायित्व दिया गया है। धन संग्रह समिति में विपिन चौधरी, बलराम पुरी, विजय महाजन, अमित, ओम अत्री, केवल कौशल व संसार पठानिया होंगे।

अरनी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत करवाईं प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, इंदौरा

अरनी विश्वविद्यालय की एनसीसी और एनएसएस इकाइयों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत बड़े पैमाने पर सफाई अभियान के साथ-साथ पोस्टर मेकिंग और नारा-लेखन प्रतियोगिता आयोजित करके स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अरनी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विवेक सिंह, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मनीश श्रीवास्तव और छात्र कल्याण की डीन डॉ. सुनीता महाजन के नेतृत्व में एनसीसी और एनएसएस अधिकारियों के साथ ध्वजारोहण समारोह के साथ हुआ। इस अभियान में 100 से अधिक एनसीसी और एनएसएस छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने विश्वविद्यालय परिसर, पास के पार्क और परिसर के सामने की सड़क को अच्छी तरह से साफ करने के लिए दो घंटे समर्पित किए। पोस्टर बनाने और नारा लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में अक्षत और चेरी ने पहला स्थान हासिल किया, मुजतबा हुसैन और हुसैन अहमद मलिक दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रितिका शर्मा और चारवी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

नारा लेखन में रितिका चौधरी ने पहला स्थान हासिल किया, शुभम कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया और रिया वशिष्ठ ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जायका

बैजनाथ के लक्ष्मी वैभव सेल्फ हेल्प ग्रुप ने कार्निवल में लगाया रागी की चाय और मोमो का स्टॉल

कांगड़ा वैली कार्निवल में पहुंचा कुल्लू के कोदरे का स्वाद

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

दशकों से हो रही पारंपरिक खेती के अनाज का स्वाद अब प्रदेश तथा देशभर में होने वाली प्रदर्शनियों में पहुंच रहा है। प्रदेश के कई स्वयं सहायता समूह प्रदेश की परंपरा को जिंदा रखने के सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। हालांकि मार्केटिंग तथा मांग के खेल में बाजार की कमी अब भी खलती है। कुल्लू के बुआई क्षेत्र के महावीर स्वयं सहायता समूह की सदस्य सरस्वती देवी कांगड़ा वैली कार्निवल में कोदरे के सिड्डू, नागा जौ के सिड्डू, कोदरे की चाय परोस रही हैं। ये मिलेट्स फूड किसी सुपर फूड से कम नहीं, वहीं देसी घी के साथ नारियल चटनी तथा खट्टी मिर्च वाली चटनी के टेक्सचर साथ कोदरे के सिड्डू का स्वाद लाजवाब है। रागी की चाय पीकर आप सोच में पड़ जाएंगे कि असल में हिमाचल के पेय कितने बढ़िया हैं। रागी की चाय एनर्जी बूस्ट कर देती है। कुल्लू जिला की लागबेली में 50 परिवार हैं, जबकि भल्याणी में करीब 100 परिवार रहते हैं। यहां मुख्यत: पारंपरिक फसलें जैसे कोदरा, जौ, कांगणी, चीणा, रामदाणा यानी सियूल, धांधड़ी तथा गेहूं उगाई जाती है। यहां ऑर्गेनिक ढंग से होने वाली खेती के उत्पाद पारंपरिक स्वाद को जीवंत कर रहे हैं। उधर, बैजनाथ से पहुंची लक्ष्मी वैभव सेल्फ हेल्प ग्रुप की प्रवीन कुमारी ने बताया कि परंपरागत मोटा अनाज सेहत के लिए बहुत बढ़िया है। उन्होंने बताया कि उनका चार महिलाओं का समूह मोटे अनाज को लेकर लोगों को जागरूक कर रहा है। इनके स्टॉल पर भी रागी की चाय और मोमो बेचे जा रहे हैं। वहीं, कांगड़ा के बगली के स्वयं सहायता समूह की सीमा के अनुसार वह तिल का तेल, सेपु बड़ी, लाल चावल, हरी मिर्च का आचार, साबुन, तिल का तेल तथा अन्य कई उत्पाद पारंपरिक खेती से तैयार किए हैं।

भले ही यहां मोटे अनाज तथा पहाड़ की महिलाओं के स्वरोजगार के लिए जारी सफर में समाज को प्रेरित करने का सकारात्मक पहलू नजर आता है तो वहीं यहां के उत्पादों को न तो अभी नाम मिल पाया है और न ही दाम मिला है। ऐसे में सरकार के सहयोग से चल रहे इन महिला समूहों को बड़ा बाजार देने को सरकार को आगे आना होगा। (अनंत ज्ञान)

बगली की सीमा ने सजाया तिल के तेल का स्टॉल

किशोरी लाल ने बस स्टैंड के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

बैजनाथ। मुख्य संसदीय सचिव, किशोरी लाल ने सोमवार को बैजनाथ में लगभग 20 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि आधुनिक बस स्टैंड से जहां कर्मचारियों को एक ही छत के नीचे सभी कार्यालय उपलब्ध होंगे, वहीं यात्रियों की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। सीपीएस किशोरी लाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का समय-समय पर बस स्टैंड के लिए बजट के प्रावधान करवाने के लिए आभार जताया। सीपीएस किशोरी लाल ने कहा कि प्रथम चरण में कर्मशाला, आरएम ऑफिस तथा रेजिडेंस का कार्य पूर्ण हो गया है शेष कार्य जोरों पर चला हुआ है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सदवां
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

आज ग्राम पंचायत सदवां की पंचायत बैठक प्रधान श्री पवन कुमार जी की अध्यक्षता में बुलाई गई। अंत बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत सदवां के लिए सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए निविदाएं मांगी जाती हैं। अंत बैठक में चर्चा उपरांत पास हुआ कि निविदाएं डाक द्वारा दिनांक 07.10.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय सदवां में पहुंच जानी चाहिए। दिनांक 08.10.2024 को समय 11.00 बजे निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों/कमेटी द्वारा खोली जाएंगी वर्ष (2024-25)

क्रं. सं.	सामग्री का विवरण	मात्रा जिसमें मूल्य बांछित है
1.	रेता खड्डु	प्रति क्यूबिक मीटर
2.	रेता क्रशर	प्रति क्यूबिक मीटर
3.	बजरी खड्डु	प्रति क्यूबिक मीटर
4.	बजरी क्रशर	प्रति क्यूबिक मीटर
5.	बोल्डर पत्थर	प्रति क्यूबिक मीटर
6.	कट स्टोन (तोड़वां पत्थर)	प्रति क्यूबिक मीटर
7.	शटरिंग	प्रति वर्ग फुट
8.	पानी टैंक	प्रति टैंक
9.	ढुलाई सीमेंट नूरपुर से कार्य तक लोडिंग-अनलोडिंग सहित	प्रति बैग
10.	ईंट अब्बल	प्रति ईंट
11.	इंटरलॉक टाईल 40,60,80 एमएम (आईएसआई मार्क को प्राथमिकता दी जाएगी)	प्रति पीस
12.	साईन बोर्ड	प्रति बोर्ड
13.	मिक्सचर मशीन तेल सहित	प्रति दिन

नोट:- निविदादाता के पास जीएसटी नं. होना जरूरी है। बिना जीएसटी नं के निविदा को रद्द किया जाएगा। जीएसटी नं. की प्रति साथ में संलग्न करें। आईएसआई मार्क संबंधी दस्तावेज साथ संलग्न करें। अन्यथा निविदा रद्द समझी जाएगी। ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम/एक्स फार्म जमा करवाने होंगे। एम/एक्स फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी वर्तमान में मु. 100 रुपए प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी। निविदा पास होने पर सप्लाई ना देने पर पंचायत द्वारा तय 50000/- तक का जुर्माना हो सकता है। ग्राम पंचायत के पास निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा संबंधी शर्तें निविदा खोलने से पूर्व सुनाई जाएंगी। निविदा पास होने पर 500000/- रुपए पंचायत के पास मौका पर जमानत के तौर पर जमा करवाने होंगे।

प्रधान ग्राम पंचायत सदवां
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

न्यूज ब्रीफ

प्रश्नोत्तरी एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

अनंत ज्ञान, नादौन। नयस्त फाउंडेशन ने केंद्र सरकार की विद्यांजलि स्कीम के तहत बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन को गोद लिया है। सोमवार को विद्यांजलि स्कीम के तहत नयस्त फाउंडेशन ने बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन में अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता बतौर मुख्य अतिथि बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य दिले मोहम्मद एवं विशेष अतिथि के रूप में नयस्त फाउंडेशन के निदेशक शिवकुमार ने शिरकत की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हर सदन से चार प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सुभाष सदन प्रथम स्थान एवं पटेल सदन द्वितीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले सुभाष सदन से सोनू जमा दो कॉमर्स, निखिल जमा एक साइंस, सिद्धार्थ मेहरा 10वीं एवं कपिल 9वीं कक्षा छात्रों ने अपने सदन का प्रतिनिधित्व किया। विजेता छात्रों और सदनों को नयस्त फाउंडेशन ने मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के एनएसएस इंचार्ज सुनील कुमार एवं एनएसएस के छात्रों ने अपना योगदान दिया। इस मौके पर बीएड के छात्र शगुन, मनीष, रजत, सहित नयस्त फाउंडेशन के सदस्य ज्वाला प्रसाद, विशाल कौशल, रोहित सैनी, रजत चौहान, नितिन चैधरी आदि ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

धर्म योद्धा बनाने के लिए बच्चों को दें हिंदू संस्कार : ठाकुर

अनंत ज्ञान, भोरंज। आज हिंदू समाज का एक विशाल सम्मेलन मुंडखर पंचायत के कपिल मुनि आश्रम में देवभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत समाज मार्गदर्शक स्वामी सर्वेस्वरानंद सरस्वती जी भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुरजीत ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती हुई विधर्मियों की आबादी और मस्जिदों की संख्या शांत देवभूमि हिमाचल के लिए बड़े खतरे की घंटी है, जिस प्रकार से बाहर से अवैध घुसपैठिए रातों-रात गांव में घुसते जा रहे हैं और उनके पास नकली आधारकार्ड पकड़े जा रहे हैं, यह प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए। उन्होंने समाज को आगाह किया कि इससे पहले की इस्लाम की क्रूरता का दौर शुरू हो, अपने समाज को इन जिहादी शक्तियों के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा हिंदू अपने बच्चों को संस्कारित करें ताकि वे अपने धर्म और अपने वेद पुराणों से जुड़ सकें। उन्होंने हिंदू समाज से आह्वान किया कि अपने क्षेत्र में किसी भी जिहादी को न तो दुकान किराए पर दें और न रहने के लिए शरण दें। स्वामी सर्वेश्वरानंद जी ने कहा कि अपने बच्चों को हिंदू संस्कारों से जोड़ें ताकि भविष्य में उनका कोई बरगला ना सके। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार आयाम के प्रांत प्रमुख रूपलाल जी विश्व हिंदू परिषद प्रखंड भोरंज के मंत्री वीरेंद्र, खंड भोरंज के धर्म प्रसार प्रमुख नवीन शर्मा, पंतहड़ा पंचायत के प्रधान नीरज शर्मा, एडवोकेट संजीव ठाकुर, शिक्षाविद गुलशन संधू, पंचायत उपप्रधान केपी सिंह, समाजसेवी सुमन कुमार, सुरेश कुमार, कैप्टन बलदेव व अन्य हिंदू समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भरेड़ी में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की बैठक

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। उपमंण्डल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी की प्रधानाचार्य राजगीर की अध्यक्षता में ओल्ड स्टूडेंट की बैठक का आयोजन करवाया गया। इसमें ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन भरेड़ी का गठन किया गया। इसमें जगदेव सिंह कंवर प्रधान, एमए शर्मा को सचिव, अनूप शर्मा को कोषाध्यक्ष, कर्नल विनय मैहर और कुलवंत राय को संरक्षक चुना गया। इसके लगभग 20 सदस्यों ने भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे स्कूल को पीएम श्री नाम मिलने के बाद एक करोड़ 80 लाख की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है। प्रयास संस्था के सदस्यों ने गरीब बच्चों को फीस देने संबंधी भी अपनी राय दी। मैहर कर्नल विनय ने अपनी तरफसे सालाना 20 हजार रुपए की पुरुस्कार राशि देने की घोषणा की। दो कक्षाओं के मेधावी बच्चो में से प्रथम स्थान वाले को 5 हजार द्वितिया स्थान वाले को 3 हजार एक तृतीय स्थान वाले को 2 हजार फाइनल एग्जाम की राशि पुरस्कार में दी जाएगी। ओल्ड स्टूडेंट कमेटी स्कूल के विकास के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग देती रहेगी।

जेबीटी अध्यापकों की इंडक्शन ट्रेनिंग का समापन

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा द्वारा डाइट हमीरपुर गौना करौर में चलाई जा रही नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों की इंडक्शन ट्रेनिंग का आज समापन जिला परियोजना अधिकारी एवं डाइट प्रिंसिपल मदन लाल बनियाल के द्वारा किया गया। अंतिम दिन की शुरुआत प्रतिभागियों को दिए गए पोस्ट टेस्ट से की गई, जो कि व्यवस्थित तथा विभाग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण किया गया। इसके उपरांत अध्यापक प्रतिभागियों की विदाई समारोह के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापक प्रतिभागियों की विभिन्न प्रतिभाओं को उजागर करना तथा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को इन कलाओं के प्रति अभिप्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी प्रधानाचार्य मदनलाल बनियाल ने प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला शिक्षक प्रशिक्षण प्रभारी भवानी सिंह ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे छात्रों का सर्वांगीण विकास करें, व्यवहार में कुशलता लाएं तथा उन्हें प्रभावशाली संप्रेषक बनाएं। इस अवसर पर, डाइट परिवार के सदस्य, सभी स्रोत व्यक्ति और अध्यापक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

केंद्रीय विद्यालय में आरंभ हुआ गाइड प्रशिक्षण शिविर

अनंत ज्ञान, नादौन। केंद्रीय विद्यालय संगठन के गुरुग्राम संभाग के भारत स्काउट एंड गाइड्स का तीन दिवसीय तृतीय सोपान गाइड प्रशिक्षण शिविर सोमवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन में आरंभ हुआ। इस शिविर में गुरुग्राम संभाग के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के कुल 17 केंद्रीय विद्यालयों की 77 गाइड्स और 17 अनुरक्षक भाग ले रहे हैं। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन के प्राचार्य एसडी लखनपाल ने दीप प्रज्जवलन के साथ शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत करके समां बांध दिया। इसके बाद भारत स्काउट एंड गाइड्स की स्कार्फ सेरेमनी भी करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड्स की गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व को नए आयाम दे सकते हैं। उन्होंने गाइड्स को विभिन्न नियमों एवं परंपराओं से भी अवगत करवाया तथा विद्यार्थियों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। तीन दिवसीय शिविर की गतिविधियां शिविर नायिका देंकित जैगमों, किरण कुमारी, शकुंतला और रेखा के दिशा-निर्देशों में संचालित की जाएंगी।

जिला परिषद उपचुनाव का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। जिला परिषद वार्ड नंबर-1 बगेहड़ा के लिए उपचुनाव में प्रवीण कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया है। सोमवार को सुजानपुर में हुई मतगणना में प्रवीण कुमार को 1964 वोट मिले, जबकि, प्यार चंद को 1923 मत प्राप्त हुए।। इनके अलावा सुभाष चंद पुत्र पंजकू राम को 1127, प्रकाश चंद को 585, कुलदीप सिंह को 526, संजय वर्मा को 427, सुभाष चंद पुत्र विद्याधर को 305 और सचिन राणा को 218 मत मिले। 30 मतदाताओं ने किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं किया और नोटा दबाया। 60 वोट अविधिमान्य घोषित किए गए।

दुकानदारों को नालियों की साफ-सफाई करने के लिए दिया सात दिन का समय

एसडीएम संजीत सिंह ने बस स्टैंड के सामने शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकानों का किया निरीक्षण

अनिल कुमार, हमीरपुर

बस स्टैंड हमीरपुर के सामने बने शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकानों का एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह ने सोमवार को उपायुक्त के निर्देश पर निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर सिंह ठाकुर और लोक निर्माण विभाग व खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान एसडीएम संजीत सिंह ने शॉपिंग कांप्लेक्स को और बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण किया। एसडीएम हमीरपुर ने शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकानों का निरीक्षण किया और दुकानों के आगे नालियों में पड़ी गंदगी को साफ करने को लेकर सभी दुकानदारों को निर्देश दिए। इसके अलावा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की बंद पड़ी दुकानों की स्थिती सुधारने के निर्देश दिए, ताकि नीलामी के जरिए लोगों को किराये पर दिया जा सके। शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकानों के आगे पारदर्शी छत डाली जाएगी, जिससे नया लुक मिल सके।

एसडीएम ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पार्किंग कर रहे दोपहिया वाहन चालकों को भी सख्त चेतावनी दी है कि वे दोबारा से यहां पार्किंग न करें। इस दौरान नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी ने एसडीएम को जानकारी दी कि सब्जी मंडी में बिजली दो ट्रांसफार्मरों को हटाकर यहां पर दुकानें बनाई जाएंगी और सड़क भी खुली हो जाएगी। इसके लिए नगर परिषद ने विद्युत विभाग को 28 लाख रुपए दे दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजीत सिंह दुकानदारों को निर्देश देते हुए।

उन्होंने बताया कि इन ट्रांसफार्मरों को हटाने से सड़क खुली हो जाएगी और दूसरे ट्रांसफार्मर की जगह दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसी के साथ ही सब्जी मंडी में बनी वर्षाशालिका भी दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे रेलिंग लगाने का काम किया जा रहा है। इस बारे में एसडीएम संजीत सिंह हमीरपुर ने कहा कि शॉपिंग कांप्लेक्स की दुकानों का निरीक्षण और दुकानदारों को सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और दुकानदारों को सात दिन का समय दिया गया है। इस दौरान शॉपिंग कांप्लेक्स में जितनी भी गंदगी पड़ी है, उसकी सफाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सात दिन के बाद दोबारा इनका निरीक्षण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

लेबर कोड को निरस्त करने को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीटू के अखिल भारतीय आह्वान पर जिला मुख्यालय पर मजदूरों ने प्रदर्शन किया। ठेका मजदूरों, अनुबंध, मल्टी टास्क, मल्टी पर्पस आदि मजदूरों की मांगों को लेकर और मोदी सरकार द्वारा बनाए चार लेबर कोड के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर, जिला सचिव जोगिंद्र कुमार, प्रताप राणा, संतोष कुमार, नवीन कुमार ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है, तब से देश के पांच कॉरपोरेट घरानों पर ही देश की सबसे कीमती संपत्तियों राष्ट्रीय उच्च मार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बैंक, बीमा आदि सब कुछ लुटाया जा रहा है, जो जनता के खून पसीने से निर्मित है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के मूलभूत ढांचे में ही परिवर्तन कर दिए हैं। संविधान संस्थाओं को मिट्टी में मिला दिया है और तानाशाही की तरह व्यवहार किया जा रहा है। मजदूरों के लिए बनाए सभी श्रम कानून खत्म कर दिए हैं व उनकी जगह चार नए लेबर कोड बनाए हैं, जो मजदूरों को बंधुआ मजदूरी और गुलामी की तरफ ले जा रहे हैं। मोदी सरकार ने 2014 से आज तक बड़े कारपोरेट कंपनियों के 17 लाख करोड़ कर्ज माफ किए हैं और इसका बोझ देश की जनता के ऊपर डाला जा रहा है।

सीटू की मुख्य मांग है कि मजदूरों के लिए बनाए जा रहे चारों लेबर कोड निरस्त किए जाएं। मजदूरों को मासिक न्यूनतम वेतन 26000 रुपए सुनिश्चित किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार एक समान काम का एक समान वेतन दिया जाए। आज के प्रदर्शन में नवीन कुमार, पवन कुमार, कुलतार नरेश कुमार, सुरेश, राजेश, भूमि सिंह, मस्तराम सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

लेबर कोड को निरस्त करने को लेकर सीटू के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

अनुराग ने दी जिप और नप के उम्मीदवारों को जीत पर बधाई

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने जिला परिषद के बीड़ बगहेड़ा वार्ड से उपचुनाव में भाजपा समर्पित घोषित उम्मीदवार प्रवीण कुमार व नगर परिषद चुनाव के वार्ड नंबर 7 के उपचुनाव में भाजपा समर्पित घोषित उम्मीदवार नीरजा ठाकुर की जीत पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए इसे भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व समर्पण की जीत बताया है।

अनुराग ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा बुलंद करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सुजानपुर में फिर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह जीत भारतीय जनता पार्टी में जनता के अटूट विश्वास को दिखाती है। भाजपा का कार्यकर्ता जब एकजुटता से चुनाव लड़ता है तो नतीजे में विजय स्वाभाविक है। सुजानपुर के दोनों उपचुनावों में भाजपा समर्पित दोनों प्रत्याशियों की जीत ने प्रदेश कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को आईना व कांग्रेस सरकार के प्रति जनता के आक्रोश को दिखाया है। मैं इस जीत के लिए सुजानपुर की सम्मानित जनता का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

हमीरपुर बस अड्डे की अब पांच की जगह बनेंगी 8 मंजिलें, 95 करोड़ होंगे खर्च : विधायक सुरेश

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन नए बस अड्डे में अब पांच की बजाए 8 मंजिलें बनाई जाएंगी। इस पर 55 करोड़ की जगह अब 95 करोड़ खर्च होंगे, जबकि जोल-सप्पड़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का उद्घाटन दीपावली के बाद होगा। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को हमीरपुर में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज तो बनेगा ही, कैंसर हॉस्पिटल का कार्य भी जल्दी शुरू होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि हमीरपुर बस अड्डे में वे सारी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो बड़े-बड़े नए बस अड्डों पर उपलब्ध हो रही हैं। यह अत्याधुनिक बस अड्डा होगा। विधायक ने यह भी बताया कि हमीरपुर के पास जसकोट में हेलिकॉप्टर बनाने के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी हो गई है और बहुत जल्दी हेलि टैक्सी से हमीरपुर जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमीरपुर बहुत जल्दी नगर निगम का रूप लेगा, जिसके लिए सारी तैयारी लगभग मकम्मल कर ली गई है। यहां हमीरपुर शहर में अंडरग्राउंड केबल डालने के लिए बिजली बोर्ड को 20 करोड़ उपलब्ध करवाए गए हैं। सुजानपुर, भोरंज और नादौन में बस अड्डों का काम शुरू हो गया है। यहां भी आधुनिक बस अड्डे बनाए जाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार।

जिला में आदर्श औषधालयों के लिए विशेष स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने बड़सर इलाके में बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना के मामले को लेकर कहा कि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल अनाप-शनाप बयानबाजी हताशा में आकर कर रहे हैं। विधानसभा में उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीफ और इलाके में होने वाले कार्यों को लेकर खूब कसीदे पढ़े थे। अब या तो लखनपाल तब झूठ बोल रहे थे या फिर अब झूठ बोल रहे हैं। यह स्थिति भी लखनपाल को क्लियर करनी चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुमन भारती और पूर्व अध्यक्ष नरेश ठाकुर भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

हमीरपुर के अरिंदम बने लिटल मास्टर हिमाचल

संजीव चौहान, टौणी देवी। लिटल मास्टर हिमाचल सीजन 3 नादौन के राजेन्द्र पैलेस में संपन्न हुआ, जिसका आयोजन छैल फैशन ब्रांड और विशाल इवेंट गुरु कंपनी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अरिंदम राजपूत ने टॉप 2 में जगह बनाई और फिर विनर का खिताब हासिल किया। अरिंदम ने अपने ग्रुप में टॉप रहकर अपने माता स्वाति महाजन और पिता पुनीत राजपूत का नाम रोशन किया।

शशि पाल ने संभाला एसडीएम भोरंज का पदभार

अनंत ज्ञान, भोरंज। 2015 बैच के एचएएस अधिकारी शशि पाल शर्मा ने उपमंडल भोरंज में बतौर एसडीएम पदभार संभाल लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को सही ढंग से जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि भोरंज उपमंडल में सभी विभागों के समन्वय से उपमंडल को आगे ले जाने और लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए वह प्रयासरत रहेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि वह पूर्व अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानकों पर चलते हुए सब की अपेक्षाओं पर खरे उतरें। शशि पाल शर्मा इससे पूर्व एसडीएम चुराह तीसा जिला चंबा में अपनी सेवाए दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि उपमंडल भोरंज का कार्यभार मिलने के उपरांत वह उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह के निर्देशन पर पूर्ण निष्ठा से अपनी सेवाएं देंगे।

हमीरपुर में मारपीट करने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला मुख्यालय हमीरपुर में एक मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना हमीरपुर में रोशन लाल पुत्र खलैलू राम निवासी गांव पंतेहड़ी, डाकघर झनियारी ने उसके साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। रोशन लाल ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि बीते रोज जब वह अपनी पत्नी नीलम देवी के साथ खेतों में काम कर रहा था तो उसी के गांव के पवन कुमार पुत्र हरिचंद ने उनके ऊपर पत्थर फेंके, जिससे शिकायतकर्त्ता रोशन लाल का सिर फट गया और नीलम देवी को भी चोटें आईं हैं। इस पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोरड़ कृषि सेवा सहकारी समिति के चुनाव 28 को

अनंत ज्ञान, रंगस। द सोरड़ कृषि सेवा सहकारी समिति के चुनाव 28 अक्तूबर को जोलसप्पड़ स्थित समिति परिसर में होंगे। सभा के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि 11 अक्तूबर को सुबह 11 से शाम 3 बजे तक इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र भर सकते हैं। सचिव ने बताया कि जो इच्छुक व्यक्ति इन चुनावों में हिस्सा लेना चाहता है, वह अपने साथ दो स्थानीय व्यक्तियों को लाकर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। सभी सूचनाओं को सभा पटल के सूचना बोर्ड पर अंकित किया गया है।

साइंस ऑफ हैपिनेस विषय पर दिया व्याख्यान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर की श्रृंखला को जारी रखते हुए डॉ. आरती मेहता ने व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय साइंस ऑफ हैपिनेस था। फैकल्टी एक्सटेंशन की समन्वयक मनदीप कौर ने डॉ. आरती मेहता का स्वागत किया। डॉ. आरती मेहता ने बताया कि साइंस ऑफ हैपिनेस को सकारात्मक मनोविज्ञान भी कहा जाता है, जो मानव कल्याण और खुशी में योगदान करने वाले कारकों का अध्ययन करता है। खुशी सकारात्मक भावनाओं की सक्रियता को सामाजिक संपर्क, उद्देश्य, उपलब्धियों को बढ़ावा देती है। खुशी के लिए हमें अपने भावनाएं और विचारों को सकारात्मक रखना चाहिए। अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने डॉ. आरती मेहता का धन्यवाद किया। इस व्याख्यान में बीएड, डीएलएड तथा बीए के सभी प्रशिक्षु अध्यापक व स्टॉफ उपस्थित रहा।

जाहू मेवा उत्सव का विधायक सुरेश करेंगे शुभारंभ

अनंत ज्ञान, जाहू। तीन जिलों की संगम स्थली बिलासपुर- मंडी-हमीरपुर की सीमा जाहू मेवा उत्सव का शुभारंभ एक अक्तूबर को भोरंज विधायक सुरेश कुमार करंगे। यह जानकारी जाहू पंचायत की प्रधान अनुराधा शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि आज 11 बजे जाहू मेवा उत्सव का ढोल नगाड़ों की थाप व पूजन के साथ भोरंज विधायक सुरेश कुमार करेंगे। इस दौरान जाहू पंचायत घर से लेकर मेवा उत्सव तक जलेब निकाली जाएगी। जाहू के मेला ग्राउंड में लगने वाले मेवा उत्सव के सफल आयोजन के लिए पंचायत ने दुकानदारों के लिए बिजली, पानी व शौचालय की सुविधा के बेहतर इंतजाम किए हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मेवा उत्सव में हिमाचल प्रदेश के साथ बाहरी राज्य के दुकानदार अपने कारोबार के लिए आते हैं। उन्होंने सभी व्यापारी भाइयों से अनुरोध किया है कि सफाई का विशेष ध्यान रखें। कूड़ा कचरा एक जगह इकट्ठा करें ताकि गंदगी न फैले।

स्किल डेवलपमेंट लैब ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग द्वारा स्किल डेवलपमेंट लैब ट्रेनिंग प्रोग्राम करवाया गया। यह कार्यशाला मॉलिक्यूल्स से मास्टरी तक जीवन के उपकरणों का अनावरण विषय पर आधारित था। विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू व रायत बहारा यूनिवर्सिटी से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा ठाकुर विशिष्ट वक्ता के तौर पर उपस्थित हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीव विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान और पादप जैव प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। इसमें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ उन्नत प्रयोगशाला उपकरणों पर हाथ से प्रशिक्षण भी शामिल है। प्रतिभागियों को असिस्टेंट प्रोफेसर अमरदीप द्वारा स्पेक्ट्रोफोटोमीटर जैसे उन्नत उपकरण का लाइव प्रदर्शन दिखाया गया तथा बॉटनी विभाग की पीएचडी रिसर्च स्कॉलर ने लैमिनार एयर फ्लो, बायोलॉजीकल ऑक्सीजन डिमांड, इनक्यूबेटर, आटोक्लेव और इनक्यूबेटर जैसे महत्वपूर्ण प्रयोगशाला उपकरणों का दिखाया। दूसरे दिन माइक्रोबियल और टिशू कल्चर तकनीक, सूक्ष्मजीव विज्ञान और पादप संवर्धन तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया तथा प्रयोगशाला में दूषित पदार्थों को समाप्त कर स्वच्छ वातावरण स्थापित करने के तरीके सिखाए गए।

जनता सुक्खू सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है: राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सत्तासीन कांग्रेस द्वारा पूरी ताकत झोंक दिए जाने के बावजूद सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत जिला परिषद और वार्ड पार्षद के चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है और जीत के बाद भाजपा के दोनों विजेता प्रत्याशियों ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के आवास पर पहुंचकर जश्न का माहौल बना दिया।

भाजपा की यह जीत इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि जिला परिषद के बीड़ बगेहड़ा जिला परिषद वार्ड से मौजूदा विधायक कैप्टन रंजीत राणा द्वारा सीट खाली करने के बाद यह उपचुनाव हुआ था और विधायक ने इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न तो बनाया ही था, साथ ही सत्ता का पूरा तंत्र भी कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में जुटा था, लेकिन यहां भाजपा प्रत्याशी प्रवीण ठाकुर ने जीत अर्जित करके भाजपा को दोहरी खुशी मनाने का मौका दे दिया। इससे पहले कल सुजानपुर नगर परिषद के एक वार्ड के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरजा ठाकुर ने भी शानदार जीत अर्जित की थी। राजेंद्र राणा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा चुनावी नतीजे ने साफ बता दिया है कि जनता सुक्खू सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है।

भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ राजेंद्र राणा।

समाजसेवी शांतनु करवा चुके हैं 4975 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार

रवि ठाकुर, हमीरपुर

अपने खर्चे पर हरिद्वार में करते हैं अस्थियों का विसर्जन

हमीरपुर के समाजसेवी शांतनु के जुनून को कौन नहीं जानता। वह पिछले लगभग तीन दशक से हिमाचल प्रदेश में जहां कहीं भी लावारिस शव मिलता है, उस लावारिस शव को जलाए जाने के बाद उनकी अस्थियों को इकट्ठा करके हरिद्वार हर की पौड़ी में पिंडदान के साथ विसर्जन करते आ रहे हैं। अब तक 4975 दिवंगत की अस्थियां विसर्जन कर चुके हैं।

शांतनु कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी श्राद्ध पक्ष में हरिद्वार गंगा जी ब्रह्म कुंड में प्रतिपक्ष अमावस के दिन 2 अक्तूबर को इन सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्राद्ध किया जाएगा। हमीरपुर बाजार में छोटी सी दुकान चलाकर शांतनु कुमार लावारिस शवों के लिए कंधा बने हुए हैं। शांतनु ने कहा कि अब तक वह करीब 4975 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करवा चुके हैं। हमीरपुर के समाजसेवी शांतनु कुमार करीब 3 दशक से मिशन लावारिस के तहत लावारिस शवों को अपने कंधों पर उठाकर न केवल उनका अंतिम संस्कार करवाते हैं, बल्कि अपने खर्चे पर हरिद्वार जाकर अस्थियों को रीति-रिवाज के साथ गंगा में विसर्जित करते हैं।

शांतनु मूल रूप से बंगाल के रहने वाले हैं। शांतनु बताते हैं कि सन 1990 से उन्होंने समाजसेवा शुरू की थी। वह 1980 में अपने पिता के साथ में हमीरपुर आए थे। उनके पिता यहां पर सरकारी नौकरी करते थे और तब उनका पूरा परिवार हमीरपुर में ही बस गया। यहां रहने के बाद उन्होंने समाज सेवा का मन बनाया और इसी में जुट गए। अब इस कार्य को वह निरंतर करते आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

आयोजन डीएवी स्टेट लेवल के दो दिवसीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट का धूमधाम से समापन

100 मीटर अंडर-19 दौड़ में तनिष्का व अशेष प्रथम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

डीएवी हमीरपुर द्वारा आयोजित सिंथेटिक ट्रैक अणू में चल रहे दो दिवसीय टूर्नामेंट का समापन विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप डढ़वाल जनरल सेक्रेटरी एथलेटिक एसोसिएशन हमीरपुर, डॉ. बिक्रम सिंह एआरओ व प्रिंसिपल डीएवी आलमपुर, विनोद शर्मा प्रिंसिपल डीएवी घुमारवीं, प्रशांत प्रिंसिपल डीएवी नेरचैक, हरीश प्रिंसिपल डीएवी श्री नैना देवी, सुनील ठाकुर प्रिंसिपल डीएवी लझियानी और महेंद्र सिंह ठाकुर ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रिंसिपल डीएवी हमीरपुर उपस्थित रहे।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप तथा 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस तथा विभिन्न दौड़ों का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से आए 7 क्लस्टर में बंटे डीएवी स्कूलों के 507 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न वर्गों में मेडल अपने नाम किए तथा सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन नेशनल लेवल के टूर्नामेंट के लिए किया गया।

अणू में चल रहे टूर्नामेंट के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

100 मीटर अंडर 19 लड़कियों की दौड़ में तनिष्का क्लस्टर चार प्रथम, द्वितीय इशिता क्लस्टर दो से रहीं । 100 मी अंडर 19 लड़कों की दौड़ में प्रथम अशेष कुमार क्लस्टर 6, द्वितीय आर्यन क्लस्टर 4 रहे। 400 मीटर अंडर-19 लड़कों की दौड़ में अंशुल कौंडल प्रथम क्लस्टर 6

न्यूज ब्रीफ

खेती संबंधी किसानों को किया जागरूक

चंबा । जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन, बाजोली होली हाइड्रो पावर प्लांट व कृषि विज्ञान केंद्र चंबा की ओर से ग्राम पंचायत कुलेठ में किसान बागवान उन्मुखीकरण व गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर ने किसानों को जलवायु परिवर्तन, सेब के पौधों व बगीचों का प्रबंधन, उर्वरक व स्प्रे के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कीवी, जापानी फल, स्ट्रॉबेरी की खेती के बारे में किसानों को जागरूक किया। डॉ नेहा धीमान ने किसानो को सेब के प्रबंधन व विभिन्न नई प्रजातियों के बारे में बताय। डॉ. सुशील धीमान ने मिटटी की देखरेख, सिंचाई व वर्मी कम्पोस्ट के बारे में बताया। डॉ. जया चौधरी ने सेब बागवानों को बगीचे के प्रबंधन, ओला वृष्टि से बचाव , स्प्रे व कीट व रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान कुलेठ प्रतिनिधि शंकर दास, उप प्रधान श्याम कुमार, बीडीसी मदन लाल , जीएमआरवीएफ अधिकारी प्रशांत पांडेय, अरविन्द कुमार, डॉ. साहिल ठाकुर, रवि कुमार, मिलाप चंद, सुरेंद्र शर्मा, तरुण शर्मा, सुरेश कुमार सहित लगभग 60 लोगों ने हिस्सा लिया।

जोगिंद्रनगर में मनाया विश्व हृदय दिवस

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। नागरिक चिकित्सालय परिसर जोगिंद्रनगर में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल अस्पताल जोगिंदर नगर के चिकित्सक डॉ. विजेंदर ने की। इस बात की पुष्टि करते हुए बीएमओ पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि थीम 'यूज हार्ट फॉर एक्शन' के तहत सिविल अस्पताल परिसर जोगिंदर नगर में विश्व हृदय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को हृदय रोग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। लोगों को हृदय रोग से जुड़े विभिन्न कारणों की जानकारी देते हुए बताया कि उच्च रक्तचाप, अस्वस्थ भोजन, मधुमेह, मोटापा, धूम्रपान, अत्यधिक शराब का सेवन से परहेज कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। साथ ही वसायुक्त खान पान से परहेज करने, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, योगा, अच्छी नींद लेने, नियमित तौर पर हेल्थ चैकअप करवाने को सिलाह दी।

मोटे अनाज को दैनिक आहार में करें शामिल : नेकराम

अनंत ज्ञान, करसोग। राष्ट्रीय पोषण माह अभियान समापन समारोह का आयोजन बाल विकास परियोजना करसोग द्वारा पुराना बाजार स्थित राम मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में पदमश्री डॉक्टर नेकराम शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। समापन समारोह के इस मौके पर गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं सहित 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में पोषण की आपूर्ति और जीवन में पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यातिथि व पदमश्री विजेता डॉक्टर नेक राम शर्मा ने कहा कि हमें मोटे अनाज को अपने दैनिक आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए।

कूंर स्कूल के बच्चे रेस्ट हाउस के कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर

अनंत ज्ञान, भरमौर

भरमौर में शिक्षा की बदहाली का नमूना सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर में देखने को मिला है। यहां पर साथ कक्षाओं के बच्चे रेस्ट हाउस के तीन कमरों में पिछले करीब 2 साल से पढ़ाई कर रहे हैं तो वहीं पर स्टाफ की भारी कमी के कारण कई बच्चों को मजबूरन दूसरी जगह पढ़ने पर भी मजबूर होना पड़ रहा है।

गौरतलब है 2023 जुलाई महीने में हुई भारी बारिश के कारण स्कूल के भवन में कई जगह दरारे आ गई थी व जगह-जगह खतरा पैदा हो गया था। लिहाजा स्कूल की बिल्डिंग को आनन-फानन में अनसेफ घोषित कर दिया है, लेकिन पिछले करीब दो साल से यहां पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षाएं एक छोटे से रेस्ट हाउस में तीन कमरों में चलाई जा रही है।

स्कूल में पढ़ाई करते हुए बच्चे।

जानकारी के अनुसार इसी विश्राम भवन के साथ लगते भूमि को स्कूल के नए भवन के लिए स्कूल प्रशासन ने देखा है जिसके लिए रेवेन्यू विभाग द्वारा कागजात तैयार किया जा रहे हैं।

मगर हैरानी की बात यहां पर यह है कि करीब दो साल बीत जाने के बाद भी यहां पर साथ कक्षाओं को एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में पढ़ाया जा रहा है जहां पर बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पढ़ाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल भवन के लिए भूमि का किया है चयन : प्यार सिंह

डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा विभाग प्यार सिंह ने कहा की स्कूल के भवन को लेकर जिला प्रशासन को अवगत करवा दिया गया है और नए भवन की बिल्डिंग को बनाने के लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। जिसके लिए रेवेन्यू विभाग द्वारा कागजात भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि तुरंत ही नए भवन के लिए पैसा जमा किया जाएगा और उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द स्कूल का नया भवन बन जाएगा।

स्कूल की नई बिल्डिंग को जल्द बनाने की मांग

प्रधान कल्पना देवी शर्मा ने कहा है कि स्कूल भवन के गिर जाने के बाद यहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है तो वहीं पर कार्यालय का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द स्कूल की नई बिल्डिंग को बनाया जाए।

क्या कहते हैं स्कूल के प्रधानाचार्य

इस विषय पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य हा कम चंद ने कहा है इस बारे में प्रशासन व उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने भी माना है कि यहां पर इस माहौल में बच्चों को पढ़ने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

युवक हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार, नए की जगह मिले पुराने जूते

मुकेश कुमार, डलहौजी

ऑनलाइन खरीददारी में डलहौजी में काम करने वाला युवक के साथ ठगी का शिकार होने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार हेमंत सिंह पुत्र लालचंद गांव घड़ी डाकघर कुण्डेडी तहसील चुराह जिला चंबा डलहौजी में काम करता था उसने फेसबुक पर नाइकी ब्रांड के14 सौ मूल्य के जूते मंगवाएं जैसे ही जूते उसके पते पर पहुंचे हुए एकदम से हक्का-बक्का रह गया।

जब अमेजॉन कंपनी द्वारा डिलीवर किए गए डिब्बे में अलग-अलग तरह के दो पुराने जूते मिले। उसने तुरंत जाकर इस बारे में शिकायत स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी किंतु पैसे कमा चुके उक्त व्यक्ति ने इस पर रिटर्न डालने की भी कोशिश की किंतु कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि बताए गए नंबरों पर कॉल करने की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वह ऑनलाइन खरीदारी जरूर करें

ठगी का शिकार हुआ युवक जानकारी देता हुआ।

किंतु यह सुनिश्चित कर रहे कर लेने की जो भी सामान मंगवा रहे हैं वह उचित ट्रस्टेड साइट से ही मंगवा रहे हैं।फेसबुक इंस्टाग्राम में आकर्षित करने वाली एडवरटाइजमेंट के जरिए तो ठगी का शिकार तो नहीं हो रहे जैसे कि यह युवक हुआ है। उन्होंने यह बताया कि ऐसी ऑनलाइन ठगी करने वालो ज्यादातर नाम पता एवं फोन नंबर सभी फ्रॉड होते हैं और पुलिस के लिए उन्हें ट्रेस करना भी अत्यधिक मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

कुश्ती प्रतियोगिता में शुभम शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल

आजम डार, चुराह

चुराह क्षेत्र में युवा खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हाल ही में बिलासपुर में राज्य स्तर की डीएवी टूर्नामेंट प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें चुराह विधानसभा क्षेत्र के बघेईगढ गांव से संबंध रखने वाले शुभम शर्मा ने कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर चुराह क्षेत्र का नाम रोशन किया।

सुमित पहलवान जो रमेश पहलवान के सुपुत्र हैं और बघेईगढ़ गांव से संबंध रखते हैं वो भी कुश्ती में अच्छा खासा नाम कमा रहे हैं और ऐसे में बघेईगढ गांव से ही सम्बन्ध रखने वाले शुभम शर्मा ने मात्र 12 वर्ष की छोटी आयु में ही गोल्ड मेडल हासिल कर लिया है जो कि गर्व का विषय है। वहीं शुभम के पिता पवन शर्मा अध्यापक

मेडल दिखाता हुआ शुभम शर्मा।

हैं उनका कहना है कि बच्चों को खेल कूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए।

इसके साथ ही इन्होंने बताया कि नशे का प्रचलन बढ़ गया है। आजकल युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। इन्होंने साफ तौर पर कहा युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए और अपने शरीर को फिट और तंदुरुस्त रखना चाहिए।

जिले में 2 को होगी ग्राम सभा बैठकें

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला की समस्त ग्राम पंचायतों में 2 अक्तूबर को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा बैठकों में 'नशा नहीं-जिंदगी चुनो' विषय को एजेंड़े के रूप में शामिल किया जाएगा ।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत स्तर पर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी और जागरूकता को लेकर 2 अक्तूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा बैठकों में पूर्व में जारी किए गए विभिन्न एजेंडा बिंदुयों सहित एजेंड़े के रूप में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि ग्राम सभा बैठकों के दौरान नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी और जागरूकता को लेकर व्यापक चर्चा की जाएगी तथा लोगों को नशीली दवाओं और पदार्थों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा ।

पठानिया 3 को भुल्की-पेही नाला संपर्क मार्ग निर्माण की रखेंगे आधारशिला

अनंत ज्ञान, चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है।

विधानसभा अध्यक्ष के संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि वह एक अक्तूबर को देर सांय शिमला से सिंहुता पहुंचेंगे।

कुलदीप सिंह पठानिया 2 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे राइजिंग स्टार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 3 अक्तूबर को प्रात: 11:30 बजे ग्राम पंचायत बलेरा के तहत भुल्की नाला से पिही नाला संपर्क मार्ग निर्माण की आधारशिला रखेंगे तथा दोपहर बाद जिला कांगड़ा के मलकवाल विद्यावती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय कनिष्ठ कुराश प्रतियोगिता-2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेंगे ।

विधानसभा अध्यक्ष 5 अक्टूबर को प्रात: 11:30 बजे बोंखरी मोड़ स्थित बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा दोपहर बाद 3:30 बजे ग्राम पंचायत बगढार में खुईं से तरवाड़ संपर्क मार्ग निर्माण की भी आधारशिला रखेंगे ।

वह 6 अक्तूबर को दोपहर 12:30 बजे सिहुंता में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह निर्माण की आधारशिला रखने के पश्चात बाद दोपहर 3 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंता की जन आरोग्या समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

कुलदीप सिंह पठानिया 7 अक्तूबर को ग्राम पंचायत बनेट में मलेड खड्ड पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन करेंगे तथा बाद दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत रायपुर के गांव फगोट में एक समारोह में सम्मिलित होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष का संशोधित प्रवास कार्यक्रम जारी

बलेरा की बेटी तन्वी ने कला उत्सव में पाया प्रथम स्थान

विजेता छात्रा के साथ स्कूल स्टाफ व अन्य।

अनंत ज्ञान, डलहौजी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाथरी में आयोजित खण्ड स्तरीय कला उत्सव में बलेरा की छात्रा तन्वी ने थिएटर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 28 सितंबर को आयोजित हुई। तन्वी ने बेहतरीन एक्टिंग करके उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उनका यह विषय महान लेखिका अमृता प्रीतम के ऊपर था जिसमें शिक्षा के महत्व, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा के महत्व पर आधारित था। अब यह छात्रा जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में बनीखेत खण्ड का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी की लहर है।

प्रधानाचार्य जगजीत आजाद ने तन्वी को बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं और इस उपलब्धि का श्रेय तन्वी सहित प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षिका राम प्यारी और सभी अध्यापकों की टीम को दिया है।

कुरांह के कूड़ा संयंत्र में कूड़े के डेर लगना शुरू

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा जिला के कुरांह में जब से कूड़ा संयंत्र बना है तब से लेकर आज तक विवादों में रहा है। आपको बता दें कि कुछ साल पहले इस कूड़ा संयंत्र में इतना ज्यादा कूड़ा डंप हो गया था कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण होने की वजह से कई ग्रामीण लोगों के साथ बच्चे भी डेली महामारी से बीमार पड़ गए थे। जिसका कि ग्रामीणों ने काफी विरोध भी किया और इसके लिए विरोध प्रदर्शन भी किया था।

हालांकि मामला गंभीर था जिसके लिए एनजीटी द्वारा नगर परिषद को फटकार भी लगाई गई थी और उसके बाद फिर से इस कूड़ा संयंत्र में कूड़े को डिस्पोज आफ करने के लिए दो मशीने लगाई गई साथ ही पॉलिथीन को रिसाइकल कर उसके पैकेट बनाए जाने लगे जो बद्दी व अन्य जगहों पर भेजे जाते रहे लेकिन कुछ समय से एक बार फिर वहां मशीन खराब हो चुकी है जिसकी वजह से यहां कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। अब लोगों ने एक बार फिर नगर परिषद को चेताया है कि अगर जल्द से इन मशीनों को शुरू कर इस कूड़े को समाप्त नहीं किया गया तो आने वाले समय में फिर से वह एक बहुत बड़ा प्रदर्शन कर सकते हैं साथ एनजीटी में फिर की शिकायत कर सकते हैं।

यहां काम कर रहे हैं लोगों ने बताया कि यहां मशीन खराब होने की वजह से धीरे-धीरे कूड़ा यहां इकट्ठा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर बहुत बढ़िया काम हो रहा था लेकिन मशीनों के खराबी की वजह से एक बार फिर यहां कूड़ा इकट्ठा होना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें नगर परिषद द्वारा पूरा सुविधा दी जाए साथ ही उनका इ पी एफ भी काटा जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

वहीं यहां मशीनों पर कार्य कर रहे इंजीनियर ने बताया कि यहां पर दो मशीन कूड़े के निष्पादन के लिए लगाई गई हैं लेकिन वह खराब चल रही है जिसकी वजह से यहां कूड़ा इकट्ठा हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने नगर परिषद को भी बताया है लेकिन अभी तक मशीनों को ठीक नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो पॉलिथीन रीसायकल के लिए मशीन लगी है वह भी काफी दिनों से खराब पड़ी है। अगर यह मशीने ठीक होती है तो यहां पर इस समस्या का हल हो सकता है।

वहीं आरटीआई कार्यकर्ता स्वामी भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि कुरांह कूड़ा संयंत्र में एक बार फिर कूड़े के ढेर बढ़ने शुरू हो गए हैं जिससे प्रदूषण फेल रहा है। उन्होंने एनजीटी में इसकी शिकायत की थी उसके बाद एनजीटी ने नगर परिषद को फटकार लगाई थी उसके बाद यहां काम सुचारु रूप से चल रहा था लेकिन अब एक बार फिर यहां मशीन खराब होने की वजह से कूड़ा इकट्ठा होना शुरू हो गया है और उससे प्रदूषण भी बढ़ने लगा है। अगर समस्या का समाधान न हुआ तो प्रदर्शन किया जाएगा।

लिल्ह का पार्थिव राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में दिखाएगा अपना जौहर

अनंत ज्ञान, भरमौर

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अति दुर्गम क्षेत्र लिल्ह से संबंध रखने वाला पार्थिव राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपना जौहर दिखाएगा। चंबा में चल रहे अंडर-19 प्रतियोगिता में पार्थिव का सिलेक्शन राज्यस्तरीय टूर्नामेंट के लिए हो गया है।

वर्तमान में पार्थिव महर्षि दयानंद आदर्श उच्च विद्यालय चंबा में जमा एक में पढ़ाई कर रहा है। भरमौर के ग्राम पंचायत को कुनेड से संबंध रखने वाले पार्थिव के इस सिलेक्शन से उसके गांव में खुशी का माहौल है। पार्थिव के पिता संजय ठाकुर पेशे से किसान है और उन्हें अपने इस बेटे की इस उपलब्धि पर खासा नाज है। पार्थिव की माता ग्रहणी है। संजय ठाकुर ने कहा है कि उनके बेटे की प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही हुई है।

बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा है कि बच्चों को मौका दिया जाए तो आज की युवा पीढ़ी में जरूर कोई ना कोई हुनर है बस उन्हें निखारने की जरूरत है। ग्रामीण परिवेश से संबंध रखने के बावजूद भी बॉक्सिंग जैसे खेल में राज्य स्तरीय लेवल में सिलेक्शन होने पर पूरे गांव में खुशियों का माहौल है और उन्हें बधाइयां देने वालों का तांता लगा है।

सूडोकु 0073

★★★★★ कठिनतम

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0072 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	5	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1

सुरगणी माता मंदिर में 6 अक्तूबर को होगा भव्य जागरण का आयोजन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

चलोटी धार स्थित सुरगणी माता मंदिर में 6 अक्टूबर को चौथे नवरात्र के अवसर पर भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध सिंगर राकेश रावत भी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे और भक्तों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर आएं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हवन यज्ञ के साथ होगी, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे धाम का अयोजन किया जाएगा। शाम को 8 बजे रात्रि भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद भजन कीर्तन और जागरण का कार्यक्रम होगा।

मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर इस पुण्य कार्य का भागीदार बनें। यह अवसर सभी के लिए माता सुरगणी के आशीर्वाद प्राप्त करने का है।

बैजनाथ में हार्ट अटैक को लेकर जागरूक किए लोग

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

विश्व हार्ट डे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घिरथोली में मनाया गया इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने कहा कि विश्व हृदय दिवस कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के दृष्टिकोण से मनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त वैश्विक स्तर पर हृदय रोगों के प्रभाव और बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाता है। क्योंकि कई लाखों लोग हृदय रोगो के कारण प्रतिवर्ष मरते हैं इसमें बड़ी संख्या उन लोगों की भी है जो 30 वर्ष से कम उम्र के है लेकिन अगर समय पर संकेतों पर गंभीरता पर ध्यान देकर सीपीआर और आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध करा दी जाये तो हृदय रोगों व इससे होने वाली मौतों से बचा जा सकता है।

हृदय अटैक के मामलों में हर एक मिनट कीमती होती है और गोल्डन टाइम पर अगर सिथती समझ आ जाए तो इससे होने वाले जानलेवा जोखिमों को कम किया जा सकता है केवल कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन से 60 से 70प्रतिशत जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। अगर हमें हाई ब्लड प्रेशर भी है,सांस भी फूल रही है थकान भी हो रही है, सिर भी घूम रहा है, पसीना बहुत ज्यादा आ रहा है, छाती में तेज दर्द,भारीपन,चकर आना इसे हार्ट अटैक का संकेत माना जा सकता है और कभी कभी ऐसी घटनाएं बिना संकेत के होती हैं अगर यह लछण है तो लेट जाये, आराम करें तुरंत एस्प्रिन की गोली लेने से ब्लड क्लोटिंग की समस्या को कम कर सकते हैं ।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

1 अक्तूबर, 2024, मंगलवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : भाद्रपद, **तिथि** चतुर्दशी : (9:42): **नक्षत्र** पूर्वा फाल्गुनी, **पक्ष** : कृष्ण **योग** : शुक्ल (02:16)**शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:46-12:34), **राहुकाल** (03:08 -04:37)।

विशेष दिन

- 1 अक्तूबर : चतुर्दशी का श्राद्ध आज।
- 1 अक्तूबर : वरिष्ठ नागरिक दिवस आज।

मेष: भागदौड़ रहेगी। सफलता से आत्मसम्मान बढ़ेगा। तेल-तिलहन में निवेश से लाभ होगा। संतान के कारण चिंता तथा तनाव रहेंगे।

वृषभ: आप जो सोचते हैं, वो करते नहीं। पहले अपने आप को व्यवस्थित करें। छोटी मानसिकता से आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं।

मिथुन: चिंता के कारण दूसरों पर क्रोध क्यों निकालते हैं। व्यय वृद्धि से तनाव रहेगा। अकारण झंझटों से दूर रहें। चोट व दुर्घटनादि से हानि संभव है।

कर्क: दिन अनुभवपूर्ण रहेगा। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है। बकाया वसूली होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। फालतू खर्च होगा, विवाद न करें। नए मित्र बनेंगे।

सिंह: अपनी संगत बदलें, आपका संसार बदल जायेगा। अपने आप को सही साबित करने के लिए बड़ी मेहनत करनी होगी।

कन्या: दिन की शुरुआत में रुक कर कार्य होंगे। माता-पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। नेत्र पीड़ा संभव है।

तुला: संतान के विवाह में जल्दबाजी न करें। गलत निर्णय से जीवन बदल सकता है। जोखिम भरे कार्य टलें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

वृश्चिक: जीवनसाथी के साथ विवाद संभव है। गृहस्थि के मामले सहमति से हल होंगे। मांगलिक कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

धनु : संतान की जरूरत पूरी करना अच्छी बात है पर उनकी जिद्द जायज हो। आपकी निर्णय शक्ति बहूत कमजोर है। इसलिए आप पिछड़ रहे हैं।

मकर: क्रोध की अधिकता से आप अशांत रहेंगे। पिता से मतभेद समाप्त होंगे। नए कारोबार के बारे में पूरी जानकारी ले कर ही निवेश करें। समारोह की तैयारी में लगे रहेंगे।

कुंभ: कोई चौकाने वाले समाचार मिल सकते हैं। मनचाही नौकरी के लिए प्रयास अधिक करना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें।

मीन: व्यापार में परिश्रम अधिक और लाभ कम होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे जो आपके बने बनाये कार्य बिगाड़ सकते हैं। सूझ-बुझ से धनलाभ होगा।

नवनिर्वाचित पार्षद गीता की जीत पर निकाली रैली

आदर्श यादव, नेरचौक

नगर परिषद नेरचौक के डडोर वार्ड से नवनिर्वाचित पार्षद गीता देवी ने जीत की खुशी में सोमवार को रैली निकाली तथा मतदाताओं का आभार प्रकट किया। नगर परिषद नेरचौक के इस वार्ड को 10 सालों के उपरांत पार्षद मिला है। 10 सालों से यहां ग्रामीण नगर परिषद का विरोध करते आ रहे हैं और यहां ग्राम पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं।

जश्न मनाने के उपरांत नवनिर्वाचित पार्षद अपने समर्थकों के साथ।

इस बार भी उपचुनाव में अधिकांश ग्रामीण मतदान के विरोध में थे मगर भावना कुमारी के नामांकन पत्र भर देने से सारे समीकरण बदल गए। मजबूरन नगर परिषद का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने गीता देवी को चुनाव में उतारा तथा भावना को हराकर व गीता देवी को पार्षद बनाकर यह साबित कर दिया कि ग्रामीणों की भावनाओ को ठेस पहुंचाना तर्कसंगत नहीं है। नवनिर्वाचित पार्षद गीता देवी ने वार्ड के सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि मैं नगर परिषद के विरोध में हूं तथा डडोर में नए सिरे से पंचायत बने इसके पक्षधर हूं। उन्होंने कहा कि मजबूरी में चुनाव लड़ा और ग्रामीणों के आशीर्वाद से जीत हासिल की है।

भविष्य में सबको साथ लेकर वार्ड के विकास के लिए योजना बनाऊंगी और जैसा सब की राय होगी उसके आधार पर काम करूंगी।

उन्होंने कहा कि यदि पंचायत बनवाने के लिए त्यागपत्र देने का निर्णय होगा तो उसे भी सहर्ष स्वीकार करूंगी। गीता देवी ने कहा कि मेरे लिए वार्ड की जनता ही सर्वोपरि है। इस अवसर पर पिछले 10 वर्षों से नगर परिषद का विरोध कर रहे देवी रूप सैनी ने कहा कि यह जीत आम जनता की भावनाओं की जीत है। (अनंत ज्ञान)

पार्टी के निर्देश को आगे लेकर जाना हमारी जिम्मेदारी : विक्रमादित्य

शिमला। मैं कांग्रेस पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं। पार्टी के निर्देश को आगे लेकर जाना, पार्टी के निर्देश-विचारधारा को प्रदेश में लागू करना और पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ना हमारी जिम्मेदारी है। यह बात लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को लेकर सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है। इसमें देखा जाएगा कि सभी तहबाजारियों के लिए एक जैसे नियम होंगे। 3 अक्तूबर को कमेटी की बैठक उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में होगी। किसी भी राज्य, किसी भी धर्म-जाति का व्यक्ति रोजगार के लिए हिमाचल में आ सकता है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
NOTICE

It is to inform you all that Environment Clearance is granted to project "Collection / Extraction of sand, stone & Bajri, Khasra No. 536/1, 535, 534, 1717/592/2, 1052/2 & 1046/1 falling in Mohal Dharmol, Mauza Mewa, Tehsil Bhoranj, Distt. Hamirpur, HP. Private land, 33366MTPA, 56-17 Kanals (2.1827Ha)" vide HPSEIAA/2021/922 dated 3/2/2022 for 5 years upto date of valid mining plan whichever is earlier.

कभी भी किसी की उपेक्षा न करें और न ही घृणा की दृष्टि से देखें, सभी के साथ प्रेम और करुणा का व्यवहार करें। **-राम प्रसाद बिस्मिल**

संपादकीय

एक देश एक चुनाव चुनौतीपूर्ण

लगता है मोदी सरकार एक देश एक चुनाव करवाकर ही दम लेगी। सरकार चुनाव करवाने के फॉर्मूले पर काम कर रही है। सरकार राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ करवाने की योजना बना रही है। हालांकि, एक साथ चुनाव करवाना इतना आसान नहीं है। एक साथ चुनाव कराने की योजना को अमल में लाने के लिए सरकार तीन विधेयक लाने जा रही है, जिनमें दो संविधान संशोधन से संबंधित होंगे, लेकिन इससे भी काम नहीं चलेगा। सरकार को कुल मिलाकर संविधान में 18 संशोधन करने होंगे। मोदी सरकार की ओर से एक देश एक चुनाव के लिए तीन विधेयक लाने का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में सुधार करना और मतदान प्रणाली को अधिक पारदर्शी तथा सुरक्षित बनाना है। एक देश एक चुनाव से सरकार को कई फायदे होने वाले हैं।

एक देश एक चुनाव से एकल मतदान प्रणाली लागू होगी, जिससे मतदान प्रक्रिया सरल हो जाएगी। मतदाताओं को इससे सहूलियत होगी। एकल मतदान प्रणाली से मतदान में वृद्धि की पूरी संभावनाएं हैं, क्योंकि इससे लोगों को मतदान के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। एकल मतदान प्रणाली से मतगणना में तेजी आ सकती है, क्योंकि मतों की गणना एक ही समय में होगी। हालांकि, चुनाव करवाने में कई अड़चनें भी आ सकती हैं। एक देश एक चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए संविधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी, जो एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। इसमें विपक्षी दल कई तरह के अड़ंगे डाल सकते हैं। वैसे भी विपक्षी दल इस एकल चुनाव प्रणाली के खिलाफ हैं। एक देश एक चुनाव से विपक्षी पार्टियों का रवैया अलग तरह का हो सकता है। विपक्षी पार्टियों को इस बात का डर है कि कहीं इससे उनकी राजनीतिक शक्ति और प्रभाव कम तो नहीं हो जाएगा। वे इसे लोकतंत्र के मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ भी मान सकती हैं।

चुनाव प्रक्रिया में असमानता भी आ सकती है, जिससे छोटी पार्टियों को नुकसान होगा। क्षेत्रीय मुद्दों की उपेक्षा हो सकती है, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टियों को अधिक महत्व दिया जाएगा। विपक्ष की आवाज दब जाएगी, क्योंकि सरकार को अधिक शक्ति मिलेगी। क्षेत्रीय पार्टियों को एक देश एक चुनाव से काफी घाटा हो सकता है। सबसे पहले तो उनकी राजनीतिक पहचान ही खतरे में पड़ सकती है, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टियों का प्रभाव और बढ़ जाएगा। उनके मतदाताओं का विभाजन हो सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टियों को अधिक समर्थन मिलेगा। आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है, क्योंकि चुनाव अभियान में अधिक खर्च होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह सिर्फ एक संभावित दृष्टिकोण है और विभिन्न पार्टियों के विचार अलग-अलग हो सकते हैं। एक देश एक चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए राजनीतिक सहमति की आवश्यकता होगी, जो सभी दलों के बीच सहमति की आवश्यकता है। यही सबसे बड़ी अड़चन होगी। इसके अलावा एकल मतदान प्रणाली को लागू करने के लिए तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मतदान केंद्रों की व्यवस्था करनी होगी, जो एक बड़ा कार्य है।

ऐसा नहीं है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में ही एक देश एक चुनाव हो रहे हैं, बल्कि इससे पहले भी एक साथ चुनाव होते रहे हैं। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार 1951-1962 के आम चुनाव में एकल मतदान प्रणाली का प्रयोग किया गया था। 1993 में मध्य प्रदेश में एकल मतदान प्रणाली का प्रयोग किया गया था। 2008 में कर्नाटक में एकल मतदान प्रणाली का प्रयोग किया गया था। बदलते परिवेश में एक देश एक चुनाव कितने सार्थक हैं यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के मसले पर लंबे समय से बहस चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस विचार का समर्थन कर इसे आगे बढ़ाया है। अब देखना है इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग क्या विचार करते हैं और प्लानिंग को कैसे मूर्त रूप देते हैं। जाहिर है कि जब तक इस विचार पर आम राय नहीं बनती तब तक इसे धरातल पर उतारना संभव नहीं होगा। एक देश एक चुनाव की अवधारणा में कोई बड़ी खामी नहीं है, किंतु राजनीतिक पार्टियां जिस तरह से इसका विरोध किया जा रहा है उससे लगता है कि इसे निकट भविष्य में लागू कर पाना आसान नहीं होगा। ■

कमजोर बच्चों की कमियों को पहचानने की जरूरत

सीखना ज्ञान, व्यवहार और समझ में परिवर्तन है,जो तब होता है जब लोग नई जानकारी और अपने मौजूदा ज्ञान के बीच संबंध बनाते हैं। विभिन्न सिद्धांत उन कारकों का वर्णन करने का प्रयास करते हैं, जो सीखने की प्रक्रिया को सक्षम करते हैं। सभी छात्रों के लिए सीखना एक ही तरह से या एक ही समय में नहीं होता है। सीखने के सिद्धांतों की बुनियादी समझ के साथ, हम ऐसे पाठ बना सकते हैं, जो सीखने की प्रक्रिया को बढ़ाते हैं। यह समझ हमें अपने निर्देशात्मक विकल्पों या हम क्या और कैसे पढ़ाते हैं इसके पीछे के 'क्यों' को समझाने में मदद करती है। जैसे-जैसे कुछ सीखने के सिद्धांत हमारे साथ प्रतिध्वनित होते हैं और हम सचेत रूप से उन सिद्धांतों के आधार पर पाठ बनाते हैं, हम शिक्षण का एक व्यक्तिगत दर्शन विकसित करना शुरू करते हैं, जो आगे चलकर हमारे निर्देशात्मक डिजाइन का मार्गदर्शन करेगा, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब हम किसी बच्चे के सीखने का आकलन उसके विभिन्न विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर करते हैं, बिना इसके पीछे के कारण की पहचान किए।

कम अंक एक 'लक्षण' के रूप में अगर बच्चे को कम अंक प्राप्त होते हैं, तो हम उसे 'आलसी' या लापरवाह या अयोग्य करार देते हैं, लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि कोई भी बच्चा आलसी, लापरवाह या अयोग्य नहीं बनना चाहता। हर बच्चा खड़ा होना और सबसे आगे जाना पसंद करता है। इसलिए अगर उसे कम अंक मिलते हैं, तो हो सकता है कि उसे सीखने में कोई समस्या हो या फिर उसमें उपलब्धियों के लिए प्रेरणा की कमी हो, यानी सफल होने के लिए प्रयास करने की इच्छा।

लेखक : डीआर शर्मा
शिवा गुरुकुल स्कूल, झंडूत्ता

इसलिए बच्चों में खराब स्कूल प्रदर्शन को एक बड़ी अंतर्निहित समस्या को दर्शाने वाले लक्षण के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसका वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण किया जाना चाहिए, इसके अंतर्निहित कारण की खोज की जानी चाहिए, ताकि बच्चे को बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाने के लिए उपाय खोजे जा सकें। यह पता लगाना कि बच्चा क्या नहीं कर सकता और क्यों स्कूल में खराब प्रदर्शन बच्चे में शुरू से ही हो सकता है या बाद में भी हो सकता है (जैसे कि जब बच्चा 8वीं या 9वीं कक्षा में पहुंच जाता है)।

यह निम्न कारणों से हो सकता है।

1. बच्चे में कारण 2. घर और स्कूल जैसे वातावरण में गड़बड़ी।

1. बच्चे में कारण

अगर कोई बच्चा कक्षा में खराब प्रदर्शन करता है, तो इसका कारण शारीरिक, बौद्धिक या व्यवहारिक हो सकता है।

अ)शारीरिक समस्याएं:
कुछ बच्चों में दृष्टि या सुनने में आंशिक दोष होता है। उन्हें इसका एहसास नहीं होता क्योंकि उन्हें लगता है कि हर कोई इसी तरह देखता या सुनता है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

आ) बुद्धिमत्ता:
सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते। उनमें से कुछ खड़े होने, चलने, दौड़ने या बात करने में धीमे होते हैं। नैदानिक या शैक्षिक मनोवैज्ञानिकों के लिए बुद्धिमत्ता का आकलन करना संभव है। ङ्क्त (बुद्धिमत्ता भागफल) परीक्षण हमें बताएगा कि बच्चा स्कूल में क्या सीख सकता है या क्या नहीं सीख सकता है।

इ)डिस्लेक्सिया (सीखने में अक्षमता):
स्कूल में खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा बच्चे वास्तव में बुद्धिमान होते हैं। उनका समग्र मस्तिष्क विकास सामान्य है, लेकिन पढ़ने, लिखने, वर्तनी, भाषा या अंकगणित के कौशल से संबंधित छोटे मस्तिष्क क्षेत्र पर्याप्त रूप से विकसित नहीं होते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि यद्यपि यह बुद्धिमान बच्चा, जो पढ़ाया जाता है उसे समझ लेता है, लेकिन वह अभिव्यक्त करने में सक्षम नहीं होता है और इस मामले में पढ़ने/लिखने या वर्तनी में कमी होती है। इसलिए उसे खराब अंक मिलते हैं।

ई)सीखने की समस्या पैदा करने वाले अन्य न्यूरोलॉजिकल विकार:
कुछ बच्चों में 'अटेंशन-डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर'(एडीएचडी)होता है। यदि वे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं, तो वे ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं और इसलिए सीख नहीं पाते हैं।

उ भावनात्मक विकार:
जो बच्चे बुद्धिमान होते हैं, वे सभी विभिन्न कारणों से भावनात्मक रूप से स्थिर नहीं हो सकते हैं। यदि ऐसा है, तो वे स्कूल में खराब प्रदर्शन कर सकते हैं। कुछ बच्चों को स्कूल जाने का डर हो सकता है। कुछ बच्चे चिंता या अवसाद के कारण पढ़ाई के लिए प्रेरणा और रुचि खो सकते हैं और इस कारण कुछ बच्चे रास्ता भटक जाते हैं ।

2. पर्यावरणीय में कारण:
पर्यावरणीय कारक सीखने की अक्षमताओं में योगदान कर सकते हैं, लेकिन पूर्णत: अभी भी सभी संभावित कारणों के बारे में पता लगाना शेष हैं। कोई भी बच्चा घर या स्कूल में वंचित या कलहपूर्ण वातावरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकता है।

घर या स्कूल में खराब अनुशासन, टूटे हुए घर या लड़ते-झगड़ते हुए माता-पिता ऐसे व्यवधान हैं, जो खराब शैक्षणिक प्रदर्शन का कारण बनते हैं। घर में असंतुलित वातावरण भावनात्मक और भाषा संबंधी अभाव को विकसित करता है। भाषा बच्चे के पर्यावरण, उसकी सोच और साथ ही अन्य कौशल सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा का अभाव और विविधता सीखने की अक्षमताओं को जटिल बनाती है। शिशु के पर्यावरण में अन्य कारक भी भूमिका निभा सकते हैं।

इनमें खराब पोषण या पानी, अशुद्ध वायु के संपर्क में आना शामिल हो सकता है। जिन छोटे बच्चों को उनके बौद्धिक विकास के लिए जरूरी सहायता नहीं मिलती, वे स्कूल जाने के बाद सीखने की अक्षमता के लक्षण दिखा सकते हैं। इसलिए हमें बच्चों को उनके जीवन में स्वस्थ सीखने का माहौल बनाने में मदद करने के लिए इस पूरे कारक को समझना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

होनहार बिजली कर्मियों को मिले पुरस्कार

जैसा कि अनेक विभागों में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रदेश सरकार सम्मानित करती है, जिसके फलस्वरूप अन्य कर्मियों एवं अधिकारियों को भी ऐसे होनहार और प्रतिभाशाली कर्मियों पर नाज रहता है, तो वहीं अन्य को भी प्रेरणा मिलती है, जिसके कारण समय-समय पर विभिन्न कर्मी अपने क्षेत्र में अनेक इतिहास स्थापित करते आ रहे हैं। वहीं आज हम आप सभी के समक्ष हिमाचल प्रदेश के उन तमाम होनहार, कर्तव्यनिष्ठ, अदम्य साहस के प्रतीक और हर घर को रोशन करने वाले विद्युत कर्मियों की सेवाओं की विशेषता एवं जनता की सेवा के लिए दिन-रात समर्पित रहते हैं, परंतु एक प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा होता है कि उन तमाम होनहार और कर्मनिष्ठ विद्युत कर्मियों को न तो प्रदेश सरकार अभी तक हर वर्ष सम्मानित करने का प्रयास कर रही और न ही विद्युत बोर्ड मुख्यालय शिमला अपने कर्मचारियों को सम्मानित करने की पहल कर पाया है। यह बहुत ही चिंतनीय स्थिति को दर्शाता है, तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विद्युत कर्मी की भी हर वर्ष मांग एवं जिज्ञासा रहती है कि हमें भी बेहतर कार्य के लिए प्रदेश सरकार एवं बोर्ड मुख्यालय सम्मानित करने का प्रयास करें, ताकि विद्युत कर्मियों को भी उचित मान सम्मान और एक नई ऊर्जा मिल सकें।

विधित रहे कि हिमाचल प्रदेश जैसा पहाड़ी राज्य एवं दुर्गम क्षेत्रों में शुमार हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल करना एक बड़ी चुनौती रहती हैं, तो वहीं दशकों से अनगिनत विद्युत कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति बहाल करते-करते अपने प्राणों की भी आहुति देते आ रहे हैं, जिन घटनाओं के पीछे अनेक कारण माने जाते हैं। जैसे जनता का अत्यधिक दबाव, अधिकारी एवं नेताओं का काम के प्रति जरूरत से अधिक मानसिक दबाव इत्यादि दुर्घनाओं के कारण माने जाते हैं। फिर भी प्रदेश के विद्युत कर्मियों को राज्य स्तरीय सम्मान से वंचित रखा जा रहा है। यह किसी भी लिहाज से शायद तर्कसंगत नहीं है, इसलिए वर्तमान में कहीं न कहीं विद्युत बोर्ड प्रबंधन मुख्यालय शिमला को भी इस महत्वपूर्ण विषय पर भविष्य में सकारात्मक कदम एवं अपने विद्युत कर्मियों को सम्मानित करने का प्रयास करना चाहिए।

लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

तभी भविष्य में विद्युत कर्मियों का मनोबल एवं कार्य के प्रति समर्पण और अधिक बना रहे, तो वहीं अन्य कर्मियों के लिए भी प्रेरणा मिलती रहें। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश सरकार को भी विद्युत कर्मियों को उनकी बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित करने की इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए, ताकि भविष्य में विद्युत कर्मियों को भी उचित मान-सम्मान एवं समाज में प्रतिष्ठा मिलती रहें, तो वहीं जिस प्रकार जानकारी अनुसार हर वर्ष विद्युत कर्मी हादसों के शिकार हो रहे हैं वह भी एक चिंता का विषय जिस पर रोक लगाना अति आवश्यक है, क्योंकि इसमें एक कारण यह भी माना जाता है कि विद्युत कर्मियों के बड़े स्तर पर पद खाली पड़े हैं, जिनके अभाव में विद्युत कर्मियों पर अधिक काम का बोझ पड़ता जा रहा है। इसलिए जानकारी अनुसार जनता की भी मांग एवं विचार रहता है कि हम सभी के घरों को रोशनी देने वाले अर्थात एवं जान की परवाह न करने वाले उन होनहार और जांबाज विद्युत कर्मियों को भी प्रदेश सरकार एवं विद्युत बोर्ड प्रबंधन मुख्यालय उन कर्तव्यनिष्ठ एवं बेदाग विद्युत कर्मियों को सम्मानित करने का प्रयास करना चाहिए, जो कि वर्तमान में समय की भी मांग है।

वहीं प्रदेश के मीडिया बंधुओं से भी निवेदन एवं आग्रह रहेगा कि वह भी विद्युत कर्मियों की इस उचित एवं सामूहिक मांग को प्रदेश सरकार एवं विद्युत बोर्ड मुख्यालय शिमला तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में इस और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलें और भविष्य में सरकार एवं विद्युत बोर्ड मुख्यालय शिमला विद्युत कर्मियों की इस उचित मांग को जल्द से जल्द पूरा कर सकें, ऐसी अपेक्षा एवं विश्वास करते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

कविता

आम

राकेश डोगरा

आओ बबलू आओ राम
खत्म करें हम अपना काम,
एक साथ सब मिलकर बैठें
जी भर खाएं मीठे आम।
छिलका, गुठली दूर हटाएं,
अंदर से जीभर कर खाएं।
कच्चा हो तो खट्टा लगता
मीठा लगता जब पक जाए।
दशहरी,चौसा, लंगड़ा,तोता,
अनगिनत नामों का होता।
जब भी यह बाजार में आता,
कितने ठेलों पर सज जाता।
ले जाओ घर मीठे आम,
फल वाला आवाज लगाता।
बनता इसका खूब आचार,
देश-विदेश होता व्यापार।
हर मौसम डिब्बों में मिलता,
दुनिया खाए बारंबार।

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारत के 14वें राष्ट्रपति

रामनाथ कोविंद भारत के 14वें महामहिम (राष्ट्रपति) रहे हैं। 25 जुलाई, 2017 को अपने से पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उन्होंने देश के राष्ट्रपति पद का कार्यभार ग्रहण किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर ने भारत के राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। रामनाथ कोविंद 20 जुलाई, 2017 को देश के 14वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। वे एनडीए द्वारा 19 जून, 2017 को भारत के राष्ट्रपति पद हेतु उम्मीदवार घोषित किए गए थे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने प्रेस कान्फ्रेंस करके उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। पेशे से वकील कोविंद भाजपा के 'अनुसूचित जाति मोर्चा' के प्रमुख रहे हैं। वे राज्यसभा सदस्य तथा बिहार के राज्यपाल भी रह चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने जब एक प्रेस कान्फ्रेंस करके रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति पद हेतु उम्मीदवार बनाया था, तब उन्होंने कहा था कि 'रामनाथ कोविंद दलित समाज से उठकर आए हैं और उन्होंने दलितों के उत्थान के लिए बहुत काम किया है। वे पेशे से एक वकील हैं और उन्हें संविधान का अच्छा ज्ञान भी है, इसलिए वे एक अच्छे राष्ट्रपति साबित होंगे और आगे भी मानवता के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे।'रामनाथ कोविंद हरिद्वार में कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए समर्पित संस्था 'दिव्य प्रेम सेवा मिशन' के आजीवन संरक्षक हैं। ■

रामनाथ कोविंद
जन्म : 1 अक्तूबर, 1945

अपनी बात

श्राद्ध हिंदू एवं अन्य भारतीय धर्मों में किया जाने वाला एक कर्म है जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं, जिनसे गुण व कौशल, आदि हमें विरासत में मिलें हैं, उनका हम पर न चुकाए जा सकने वाला ऋण हैं। वे हमारे पूर्वज पूजनीय हैं। गीता जी के अध्याय 9 श्लोक 25 के अनुसार पितर पूजने वाले पितरों को, देव पूजने वाले देवताओं को और परमात्मा को पूजने वाले परमात्मा को प्राप्त होते हैं। अर्थात मनुष्य को उसी की पूजा करने के लिए कहा है जिसे पाना चाहता है अर्थात समझदार इशारा समझ सकता है कि परमात्मा को पाना ही श्रेष्ठ है। अत: अन्य पूजाएं (देवी-देवता और पितरों की) छोड़ कर सिर्फ परमात्मा की पूजा करें माता और पिता दोनों का श्राद्ध उनके देहावसान के दिन हिंदू पंचांग के अनुसार किया जाता है। इसके अलावा प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष (या पितृपक्ष में सभी पितरों के लिए श्राद्ध किया जाता है। 'पितर' से आधय माता-पिता, नाना-नानी, दादी-दादी, और उनके पहले उत्पन्न सभी संबंधी मातृपक्ष और पितृपक्ष दोनों के हैं। पुराणों में आता है कि आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस (पितृमोक्ष अमावस) के दिन सूर्य एवं चंद्र की युति होती है। सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन हमारे पितर यमलोक से अपना निवास छोड़कर सूक्ष्म रूप से मृत्युलोक में अपने वंशजों के निवास स्थान में रहते हैं। अत: उस दिन उनके लिए विभिन्न श्राद्ध करने से वे तृप्त होते हैं।

निर्मल सिंह,भड़वाल

ढलती सांझें नारकीय जीवन जीने को मजबूर

विश्व वृद्ध दिवस पर विशेष

बेशक एक अक्तूबर 2024 को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जा रहा है, मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जाते हैं। बाकी 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता, वृद्धों के नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं। बुजुर्ग ढलती साझें हैं। ढलती साझें आज नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। वृद्धों को आश्रमों में भेजा जा रहा है। बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं। शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोषण किया, आज वही बेटे उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बुजुर्गों का तिरस्कार, एक खौफनाक त्रासदी है।

आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है, उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। कहते है बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं। जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते है। मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दूसरों पर मोहताज हैं। बुजुर्गों ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को महंगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खड़ा किया, आज उन्हीं के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गड़ा रहे हैं। मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की, मगर आज वही चिराग माता-पिता के दुश्मन बन गए हैं।

लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

बुजुर्ग परिवार का स्तंभ होते हैं। आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। केंद्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोषण के लिए कानून बनाए हैं, मगर वे फाइलों की धूल चाट रहे हैं। नजीजतन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन एक दिन उन्हें भी बुढ़ापा आएगा, तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। आज बुजुर्गों को स्टोर रूम में रखा जाता है, मगर एक दिन स्टोर रूम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है। जब तुम्हें भी ऐसा ही नसीब होगा, क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। अक्सर देखा गया है कि अधिकांश लोग वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं, क्योंकि जब यह लोग दुखी हो जाते हैं, तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता हैं। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं।

बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बने हमें घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए, क्योंकि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। विडंबना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा है, उन्हें महीनों में बांटा गया है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महीने दूसरे बेटे के घर खाना है। जिन मां-बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया, आंच तक नहीं आने दी कांटा तक चुभने नहीं दिया, आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं। बुजुर्गों के साथ बेटों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं। मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक है जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिंदगी दे रहे है, लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है।

समय बहुत बलवान होता है एक दिन सजा जरूर मिलेगी। गरीब लोग तो माता-पिता व बुजुर्गों की अच्छी सेवा करते है, मगर साधन संपन्न लोगों द्वारा आज बुजुर्गों को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। आज वृद्धों को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं, लेकिन दुनिया में सब कुछ मिल जाता है, मगर मां-बाप नहीं मिलते। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोड़ते थे, आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उड़ाते हैं। कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं वे गुमनामी के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं। सरकारों ने बुजुर्गों को पेंशन की सुविधा दी है पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है। सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिए, ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके। सरकार व प्रशासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालों को दंडित किया जाए। दुनिया में सब कुछ मिल जाता है, मगर मां-बाप एक ही बार मिलते हैं। जब तक बुजुर्गों को उनका सम्मान नहीं मिलेगा, ऐसे वृद्ध दिवसों की कोई सार्थकता नहीं होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पाठकों के पत्र...

पहाड़ी प्रदेश के लोगों के लिए दैनिक समाचार-पत्र अनंत ज्ञान कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)से निकलने वाला नया मीडिया अवश्य है, मगर इसने विभिन्न क्षेत्र में जुड़े लोगों के दिलों में इतने कम समय में ही जगह बना दी है। रंगदार फोटो सहित विविध सामग्री छप रही है, जो अपने आप में पठनीय ही नहीं, बल्कि संग्रहणीय भी है; जैसे संपादकीय वाले पृष्ठ पर प्रकाशित स्वतंत्र लेखन की सामग्री रोचक एवं ज्ञानवर्धक होती है। अनंत ज्ञान की विविध सामग्री के बीच 'आज के दिन की प्रमुख हस्ती'छापना इतिहास के पन्नों में चार चांद लगना दिखता है। उम्दा इस अखबार के पृष्ठ 1 से लेकर 14वें पृष्ठ तक राजनीति, कला एवं खेल की खबरें छाई रहती हैं। वहीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की खबरों का सचित्र छपने का तो कहना ही क्या;अनूठी पत्रकारिता कहने में अतिशयोक्ति न होगी। काम मुश्किल और जोखिम भरा है, मगर कलमवीर हैं जो किसी भी परिस्थिति में बढ़ते ही जाते हैं। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक जागरूक पाठक कुछ नया और पूरी खबर पाने की जिज्ञासा रखता है। ताजा तरीन खबरों पर फोकस करने के लिए हर तरह का मीडिया निरंतर प्रयासरत रहता है कि कब वह सबसे पहले हटकर दिखाए एवं पढ़ाए। यह सब टीम वर्क पर भी निर्भर करता है जिसके लिए इच्छा शक्ति का होना-जगाना लाजिमी हो जाता है। एक सुधी पाठक यह जरूर चाहेगा कि वर्तमान समय के चलते उसके पास भी सृजनात्मक तरीके से वह सब ज्ञान रहे, जिसकी उसे ही जरूरत नहीं बल्कि समय की भी मांग है। थोड़ा और ध्यान देना होगा न्यूज अपडेट को लेकर राजनीति, खेल आर्थिक जगत आदि की खबरों को लेकर रात के समय की खेलों की कवरेज एवं राजनीतिक गतिविधियां कैसे पाठकों तक पहुंचे? इसकी बेहतर तरीके से व्यवस्था हो जाए, तो मैं समझता हूं कि प्रिंट मीडिया के लिए यानी अनंत ज्ञान के लिए नाम के अनुरूप बहुत लाभ होगा, सोने पे सुहागा वाली बात होगी। आपने हर सोमवार 'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज शुरू की है। इसके लिए संपादक मंडल को पुन: बधाई एवं आभार।

शुभकामनाओं सहित!

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर

मैं जिला ऊना के बड़ूही ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गउओं की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो चौकीमनियार से जोल आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

(कमल शर्मा, चौकीमनियार, ऊना)

मैं जिला ऊना के हटली ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या गंभीर है। इसके अलावा नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या भी है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों को जंगली जानवरों की समस्या बड़ी है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो औरा, अरलू, लखरूं, करमाली, सतरुखा आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

रमन कुमार, हटली, ऊना

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
Email : editoranantgyaan@gmail.com
Whatsapp no. : 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्ल

न्यूज ब्रीफ

महादेव में प्रवासियों की आईडी चेक कर रहे लोग

भीम बसेड़ु, महादेव। नाचन क्षेत्र के एक बड़े भाग में स्थायी निवासियों की जागरूकता देखते ही बन रही है। क्षेत्र में प्रवासियों की बढ़ती संख्या व उनकी कारगुजारियों के मद्देनजर बुद्धिजीवी लोग इनके आवश्यक कागजात चैक कर रहे हैं। समाजसेवी कृष्ण चंद्र महादेविया ने बताया कि बाहरी राज्यों से यहां आ रहे प्रवासियों की तादाद निरंतर बढ़ती जा रही है, जो इसलिए भी चिंता का विषय है क्योंकि काफी आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की खबरें अक्सर मिलती रही हैं और पहले ही लोगों का जीना हराम हो चुका है। ऐसे में और संगीन जुर्म होने की आशंका बढ़ना स्वाभाविक सी बात है। उन्होंने गांव व शहर के लोगों से ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासन व पुलिस महकमे के संपर्क में रहने का अनुरोध किया है। वहीं इस बारे में एसपी मंडी ने कहा कि पुलिस अपना काम अच्छे से कर रही है।

घिड़ी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, महादेव। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विकास खंड धनोटू के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत घिड़ी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी रमेश कुमार और समाज शिक्षा एवं खंड योजना अधिकारी मनोज कौशल के सहयोग से कार्यक्रम को आयोजित किया था। कार्यक्रम में देवदार के पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय जनता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घिड़ी के विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रधानाचार्य के सहयोग से लगभग 100 पौधे रोपित किए। पंचायत पंचायत उपप्रधान रूप लाल उपस्थित रहे।

कोटला खनूला में लगाया पोषण जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, गोहर। 'पोषण माह' के समापन पर खण्ड गोहर के वृत्त गोहर के ग्राम पंचायत चैलचौक व कोटला खनूला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते बाल विकास परियोजना अधिकारी बिहारी लाल चौहान के द्वारा उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा लोगों को पोषण से संबंधित आवश्यकताओं से अवगत किया। कार्यक्रम में खंड समन्वयक आशीष कुमार तथा खंड समन्वयक डिंपल कुमारी के द्वारा उपस्थित लोगों को पोषण के पांच सूत्र व मोटे अनाज पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम विद्यालय मंगलोर प्रथम

अनंत ज्ञान, बालीचौकी। अभ्युदय क्लब की ओर से संच गोपालपुर की खेलकूद प्रतियोगिताएं सरस्वती विद्या मंदिर बालीचौकी के क्रीड़ा मैदान में आयोजित की गई। ग्राम पंचायत खणी से संबंध रखने वाले युवा समाजसेवी देवराज ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कबड्डी में ग्राम विद्यालय मंगलोर ने प्रथम व ग्राम विद्यालय खराड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में कोटला प्रथम और थाटीवीड द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में चोगी प्रथम, व दलयाड द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में लॉल प्रथम, व सिधारी द्वितीय, 300 मीटर में सेहूखोला प्रथम व सीधवां द्वितीय स्थान पर रहा।

सही पोषण समय की जरूरत : अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान, मंडी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक आयोजित 7वां पोषण माह संपन्न हो गया। समापन समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम पधर में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इस अवसर पर कहा कि पोषण माह के दौरान पूरे प्रदेश में आयोजित 5 लाख से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों में से अकेले मंडी जिला में 2 लाख 25 हजार कार्यक्रम आयोजित कर सही पोषण का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पोषण के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। पौष्टिक भोजन हमारे शरीर के विकास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह हमें रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत दसवीं कक्षा में जिला स्तर पर अव्वल रही श्रुति धरवाल को 10 हजार रुपए का चैक वितरित किया। बेटी है अनमोल योजना के अंर्तगत प्रतिज्ञा, अनामिका, इश्वी सान्या, अनाया और नायरा को 21-21 हजार रुपए के चेक वितरित किए।

जोगिंद्रनगर स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर और सुंदरनगर में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में जोगिंद्रनगर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हैंडबॉल, बैडमिंटन, शतरंज और भारोत्तोलन (71 किग्रा वर्ग) में स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके अलावा, योगा में द्वितीय स्थान और 61 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्कूल के प्रधानाचार्य आशीष कौड़ा ने बताया कि हैंडबॉल में दीक्षांत, आकाश, काव्यांश राणा, हनी ठाकुर, बैडमिंटन में अनिकेत और हर्ष ठाकुर, योगा में आशीष कुमार, और शतरंज में नचिकेता लाल लखनपाल अब प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल प्रबंधन ने सभी विजयी खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का दल करेगा पराशर का दौरा

अनंत ज्ञान, मंडी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने जानकारी दी कि पराशर क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन और भू-धंसाव की समस्या का समाधान सुझाने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण जीएसआई की एक टीम 1 और 2 अक्तूबर, 2024 को क्षेत्र का दौरा करेगी। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा क्षेत्र का गहन सर्वेक्षण किया जाएगा और भूस्खलन तथा भू-धंसाव की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि भविष्य में इस आपदा से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा सके। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि प्रशासन स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए है और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

कला उत्सव में हिमालय की अक्षरा और आस्था प्रथम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में आयोजित खंड स्तरीय कला उत्सव में हिमालय स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं अक्षर बनयाल कक्षा (11) और आस्था ठाकुर कक्षा 9 ने हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कला उत्सव में पांच खंडों के 60 बच्चों ने हिस्सा लिया था जिन में से हिमालयन स्कूल सरकाघाट की अक्षरा वनियाल ने चित्रकला में तथा आस्था ठाकुर ने दृश्य कला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा, रणजीत सिंह, रमेश पालसरा और समस्त अध्यापक वर्ग ने दोनों छात्रों का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दी।

रोहांडा में पोषण माह दिवस पर दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। रोहांडा में पोषण माह दिवस का आयोजन किया गया। बाल विकास परियोजना की अधिकारी पूनम चौहान, वृत रोहांडा के पर्यवेक्षक कौशल्या देवी, स्वास्थ्य विभाग डॉ. अनुपम, दीपिका, वृत कनैड पर्यवेक्षक आशा कुमारी, ग्राम पंचायत रोहांडा के प्रधान इंद्र सिंह और दूर दराज से आई हुई आंगनबाड़ी वर्कर ने हिस्सा लिया हमारी चीफ गेस्ट पूनम चौहान ने पोषण के बारे में बताया।

मंडी बाईपास पर ट्रैफिक शुरू

उपायुक्त मंडी और एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहे मौजूद, जाम से मिलेगी मुक्ति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सोमवार से मंडी शहर को ट्रैफिक जाम से निजात मिल गई है। किरतपुर-मनाली फोरलेन प्रोजेक्ट के तहत मंडी शहर को बाईपास करने के लिए बनाया गया फोरलेन बनकर तैयार हो गया है। सोमवार से इसे यातायात के लिए विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया है।

इस दौरान उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी ने इस फोरलेन प्रोजेक्ट पर सफर कर पूरी स्थिति का जायजा लिया। हालांकि अगले तीन दिनों तक इस पर ट्रायल बेस पर ट्रैफिक चलाया जाएगा।

इस दौरान एनएचएआई यह देखेगी की कहीं पर कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। यदि कोई दिक्कत आएगी या कोई कमी रही होगी तो उसे तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया की मंडी बाईपास को ट्रायल बेस पर शुरू कर दिया गया है। इस दौरान जो भी कमी होगी उन्हें पूरा कर लिया जाएगा। मंडी बाईपास शुरू होने से लोगों को आरामदायक सफर करने को मिलेगा और मंडी शहर को भी ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वरुण चारी ने बताया कि मंडी बाईपास लगभग 725 करोड़ रुपए की कुल लागत से निर्मित किया गया है। इस बाईपास मार्ग पर 3 बड़े तथा 7 छोटे पुल एवं 4 टनल हैं, जिनको ट्रायल रन के लिए खोला गया है। मंडी बाईपास पर यातायात सुचारू हो जाने पर कुल्लू, मनाली एवं लेह का सफर सुगम होगा और मंडी शहर को ट्रैफिक से निजात मिलेगी। नेरचौक से पंडोह तक सड़क का कार्य पूर्ण होने पर इस परियोजना का विधिवत उद्घाटन प्रस्तावित है। 8 किमी मंडी बाईपास प्रोजेक्ट में 4 टनल बनाई गई हैं। 3 बड़े और 7 छोटे पुल बनाए गए हैं। नागचला से लेकर पंडोह तक फोरलेन का निर्माण केएमसी कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।

बाईपास-8 किमी, टनल-4 , 3 बड़े और 7 छोटे पुल

बगला से मंडी बाईपास व (नीचे) प्रोजेक्ट मैनेजर से बात करते उपायुक्त मंडी।

पर्यटकों के लिए बाईपास किया बहाल

ट्रायल बेस पर बाईपास शुरू करने से सुबह के समय सभी गाड़ियों को आवाजाही के लिए भेज दिया गया लेकिन 10 बजे के बाद इसे फिर से क्लोज कर दिया गया जिससे कुछ पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा लेकिन शाम 3 बजे से ट्रायल बेस पर पर्यटकों के लिए बाईपास बहाल कर दिया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त ने की सड़क के विस्तारीकरण कार्यों की समीक्षा

मंडी। विश्व बैंक के सहयोग से निर्माणाधीन मंडी-रिवालसर-कलखर सड़क के तहत तल्याहड़ से मंडी तक जारी विस्तारीकरण कार्य की समीक्षा के लिए एक बैठक आज यहां अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। रोहित राठौर ने कहा कि इस सड़क निर्माण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित क्षेत्र में ही सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। यदि निर्माण कार्य के दौरान लोगों के घरों को जाने वाले रास्ते इत्यादि क्षतिग्रस्त होते हैं तो उन्हें अविलम्ब दुरुस्त किया जाए। इसी तरह घरों के पेयजल और सीवरेज कनेक्शन की मुरम्मत के लिए भी संबंधित विभाग त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों के घरों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो, निर्माण से जुड़ी एजेंसियां यह भी सुनिश्चित करें तथा सड़क निर्माण कार्य के साथ-साथ रिस्टोरेशन का कार्य भी समयबद्ध पूरा किया जाए।

हर्षित ठाकुर का राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हुआ चयन

होनहार खिलाड़ी हर्षित ठाकुर के साथ अध्यापक सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने सुंदरनगर में आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और डबल दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में मंडी जिले के 850 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें हर्षित ने अपने दमदार खेल से बाज़ी मारी। अब हर्षित का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो बिलासपुर में आयोजित होगी। स्कूल के प्रधानाचार्य शशि किरण ने इस सफलता पर कहा, हर्षित ने अपनी मेहनत और लगन से स्कूल का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से हर्षित और उनके परिवार को बधाई दी गई। प्रधानाचार्य और स्कूल के निदेशक विजय शर्मा ने हर्षित को शुभकामनाएं दीं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट भंडार कक्ष का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, मंडी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट के भण्डार कक्ष का निरीक्षण किया और सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि व्यक्त की।

उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ पुलिस कर्मियों की सुरक्षा संबंधी सेवाओं का ब्यौरा प्राप्त किया और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से संजय शर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि करणवीर सिंह कौंडल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन, निर्वाचन तहसीलदार राजेश भी मौजूद रहे।

नारा लेखन प्रतियोगिता में गीतांजलि प्रथम

अनंत ज्ञान, मंडी

सफाई अभियान में भूमिका निभाती हुई स्कूली छात्राएं।

स्वच्छता ही सेवा विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सदियाणा मे नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता मे गीतांजलि ने प्रथम, रिद्धिमा ने दूसरा और प्रियांशी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता मे कार्तिक ने प्रथम, करण चंदेल ने द्वितीय, आकांक्षा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली को स्कूल उप प्रधानाचार्य शांता वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र कुमार डीपी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की उप प्रिंसिपल ने छात्र छात्राओं को स्वच्छता संबंधित विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

ऑनलाइन 'हिम स्पर्धा' प्रतियोगिता करवाई

मंडी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत जिला स्तरीय 'हिम स्पर्धा' ऑनलाइन प्रतियोगिता करवाई गई। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित हिम स्पर्धा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की विविध संस्कृति को प्रदर्शित करना है।

यह जानकारी कार्यक्रम समन्वयक चारु वैद्य ने दी। प्रतियोगिता का विषय मेले त्यौहार, कला और संस्कृति, इतिहास, महत्वपूर्ण स्थान, संगीत एवं नृत्य, व्यंजन तथा हस्तशिल्प आदि फोटो तथा लेख सहित प्रविष्टियां मांगी गई थी।

कविता गायन प्रतियोगिता में सानवी गौतम प्रथम

अनंत ज्ञान, मंडी

हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्यातिथि व अन्य।

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में दो सप्ताह तक चले हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह भव्य तरीके से मनाया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष मैडम शर्मिला भारद्वाज ने बताया कि हिंदी भाषा के महत्व और सौंदर्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों दोनों ने सक्रिय भागीदारी की।

समापन समारोह के दौरान शिक्षकों ने हिंदी की समृद्धि और विशालता पर प्रकाश डाला और इसकी सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत पर जोर दिया। इस अवसर पर चारों सदनों में कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से टैगोर सदन की सानवी गौतम प्रथम, तिलक सदन की करवी द्वितीय और गांधी सदन की देविशा तृतीय रही तथा कक्षा सातवी से गांधी सदन की दक्षता प्रथम, नेहरू सदन की वान्या द्वितीय और टैगोर सदन की अमृता शर्मा तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी।

कार्यक्रम का समापन छात्रों और कर्मचारियों द्वारा अपने दैनिक जीवन में हिंदी का जश्न मनाने और उसका उपयोग करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि के साथ हुआ।

अंडर-19 में एसेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर के एसेंट स्कूल के छात्रों ने सुंदरनगर में आयोजित अंडर 19 जिला स्तरीय मेजर खेल प्रतियोगिता में एसेंट स्कूल के छात्रों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। फुटबॉल में, एसेंट स्कूल की टीम ने फाइनल में जगह बनाई और दूसरी बार रनर ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, शिवम, आर्यन, नमन, ईशान, और शौर्य को स्टेट लेवल प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है, जो स्कूल के लिए गर्व की बात है।

वेटलिफ्टिंग में भी एसेंट स्कूल का दबदबा रहा। पर्शित गुलेरिया ने स्टेट लेवल के लिए चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया।

कार्यशाला में बताया पुरोहित महत्व

कुटुंब प्रबोधन मंडी विभाग की एकदिवसीय कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ता ।

अनंत ज्ञान, मंडी

कुटुंब प्रबोधन मंडी विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई। यह कार्यशाला माता सिद्धभद्रा मंदिर में हुई, जिसमें 40 पुरोहितों ने भाग लिया।

कुटुंब प्रबोधन एवं पुरोहित कार्य नंबर दो संस्कारवान परिवार निर्माण में पुरोहित का महत्व, अपने एवं यजमान परिवारों में वर्तमान संस्कार व्यवस्था और उसे अधिक प्रभावी बनाने के उपाय पर कार्यशाला का उद्देश्य केंद्रित रहा।

कार्यशाला में कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के प्रांत संयोजक धर्मपाल, प्रांत पुरोहित प्रमुख सुरेश भारद्वाज, विभाग संयोजक रोशन लाल एवं प्रांत टोली सदस्य डॉक्टर रमेश का कई विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

सुनिधि सिंह राज्य स्तर के लिए चयनित

सुंदरनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में आयोजित अंडर-19 छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पैराडाइज पब्लिक स्कूल की छात्रा सुनिधि सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत से चौथा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर खेल प्रतियोगिता में अपना स्थान हासिल किया। सुनिधि सिंह की इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य प्रकाश चंद व अध्यक्ष जय सिंह ने उसे बधाई दी।

बलद्वाड़ा कॉलेज ने निकाली स्वच्छता रैली

रैली के दौरान सामूहिक चित्र में ।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

राजकीय महाविद्यालय बलद्वाडा में 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के तहत महाविद्यालय से खुडला तक और फिर गोद लिए गए गांव बस्वात्र तक रैली निकाली गई।

इस रैली में सेवा योजना इकाई के छात्रों द्वारा खुडला पंचायत और गोद लिए गए गांव बस्वात्र की साफ सफाई की गई।

इस रैली में ग्राम पंचायत खुडला के प्रधान तथा पंचायत सदस्यों सहित गांव के लोगों ने भी भाग लिया। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर विजय कुमार कोंडल ने हरी झंडी देकर रवाना किया इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक तथा गैर शिक्षक कर्मचारी तथा अधिकारी गण मौजूद रहे।

बच्चों ने सेट परीक्षा में दिखाई उत्कृष्टता

अनंत ज्ञान, मंडी

इतिहास विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के चार विद्यार्थियों विकास कुमार, अजय कुमार, प्रेरणा नेगी व जितेन सिंह ने हिमाचल प्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) पास की है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों व इतिहास विभाग के प्राध्यापकों को बधाई दी है।

परीक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थी।

प्रो. अनुपमा सिंह ने बताया कि इतिहास विभाग के चार विद्यार्थियों ने इस वर्ष की राज्य पात्रता परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता का परचम लहराया। उन्होंने बताया कि सेट परीक्षा उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्यापन के लिए आवश्यक मानी जाती है ।

इस परीक्षा में उतीर्ण हुए विकास, अजय कुमार, प्रेरणा नेगी व जितेन ने कहा कि यह हमारी कठिन मेहनत का परिणाम है।

गागल में कल वरिष्ठ नागरिक होंगे सम्मानित

मंडी। मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत सुधांशु महाराज के अनुयायियों द्वारा 2 अक्तूबर को वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ने बताया कि इससे पहले 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सत्संग गागल धाम आश्रम में आयोजित किया जाएगा।

आनंदमय जीवन संघ (सीनियर सिटीजन क्लब) का शुभारंभ भी किया जाएगा। भक्तों के लिए मिशन की ओर से चक्कर से गागल तक सत्संग में पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

डीबीपीएस के छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

बच्चे, चेयरमैन ओम मरवाह, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा सामूहिक चित्र में।

दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंद्रनगर के तीन होनहार छात्रों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय भारोतोलन, चैस और बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं के लिए अपनी जगह पक्की की है। बाल पाठशाला सुंदरनगर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल लौटने पर छात्रों का भव्य स्वागत किया गया।

वहीं जिला स्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता में डीबीपीएस के अनिरुद्ध ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गोल्ड मैडल जीता और राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए स्थान सुनिश्चित किया।

चैस (शतरंज) प्रतियोगिता में सूर्यांश ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

बास्केटबॉल के क्षेत्र में डीबीपीएस के विक्रमादित्य ने अपनी टीम के साथ शानदार खेल दिखाया और राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। प्रतियोगिता से लौटने पर सभी छात्रों का स्कूल में प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, स्टाफ, और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

मांग बीएसएल परियोजना में कार्यरत पार्ट टाइम वर्कर्स हो रहे प्रबंधन के शोषण का शिकार

सेवाकाल को 4 से बढ़ाकर 8 घंटे करने की उठाई मांग

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

बीएसएल परियोजना में कार्यरत पार्ट टाइम क्लास-4 वर्कर्स की दशा बीबीएमबी प्रबंधन की उदासीनता से दुर्दशा में तब्दील हो गई है। आलम यह है कि परियोजना के तहत जिला मंडी के पंडोह, सुंदरनगर, बग्गी, कंसा और सलापड़ के कार्यालयों में लगभग 390 पार्ट टाइम कर्मचारी प्रबंधन के आश्वासनों से अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

बीबीएमबी के पार्ट टाइम वर्कर सामूहिक चित्र में ।

इन कर्मियों से एक दिन में कुल 4 घंटे ही काम लिया जाता है और इसको लेकर उन्हें प्रति घंटे के हिसाब से मात्र 51 रुपए का मेहनताना मिलता है। परियोजना कार्यालयों में निर्धारित 4 घंटों के सेवाकाल के अलावा अतिरिक्त कार्य भी कराया जाता है, लेकिन इन्हें किसी भी प्रकार का ओवरटाइम नहीं दिया जाता है। बीएसएल परियोजना में कार्यरत पार्ट टाइम बेलदार हिम्मत राम और रिंकू ने कहा कि बीएसएल परियोजना में कार्य करते हुए पार्ट टाइम वर्कर्स को 15 से 20 वर्ष हो गए हैं, लेकिन प्रबंधन से वर्कर्स के लिए पॉलिसी बनाने की बार-बार मांग करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। पार्ट टाइम वर्कर्स को बेलदार के ट्रेड में नियुक्ति मिलने के बावजूद अन्य विभागों में कार्य कराया जाता है। प्रबंधन से मेहनताने के तौर पर मिलने वाले 4-5 हजार रुपए से खुद का खर्चा चलाना मुश्किल होता है। उन्होंने बीबीएमबी प्रबंधन से मांग की है कि उनका प्रतिदिन का कार्यकाल 4 घंटों से 8 घंटे किया जाए। (अनंत ज्ञान)

बीबीएमबी प्रबंधन पंजाब सरकार की पॉलिसी का करता है अनुसरण: मनोज

बीबीएमबी प्रबंधन के चेयरमैन ई. मनोज त्रिपाठी ने कहा कि बीबीएमबी प्रबंधन पंजाब सरकार की पॉलिसी का अनुसरण करता है। इस मामले को लेकर जब कभी भी पंजाब सरकार कोई घोषणा करती है तो उसे अमल में लाया जाएगा। मनोज त्रिपाठी ने कहा कि इसके बावजूद प्रबंधन के अधिकारियों को पार्ट टाइम वर्कर्स के पक्ष में निर्णय लेने के साथ नई नियुक्तियों में इन वर्कर्स को वरीयता देने के भी निर्देश दिए हैं।

पर्यटकों को आकर्षित करने को करवाएं स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

होम स्टे व होटल संचालक पर्यटकों को अपने व्यावसायिक संस्थान में आकर्षित करना चाहते हैं, तो स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग अवश्य करवाएं। स्वच्छता मानकों के आधार पर तीन स्तर पर पर्यटन इकाई रेटिंग होगी।

इस स्वच्छता रेटिंग से ठहराव को आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता मानकों के तहत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे जहां होम स्टे व होटल संचालकों को यहां पर्यटकों को आकर्षित करने में सुविधा रहेगी तो वहीं पर्यटक भी स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग के आधार पर ठहराव की दृष्टि से निर्णय ले सकेंगे। खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा सरवन कुमार ने बताया कि होम स्टे व होटल संचालकों के लिए स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग करवाई जा रही है। पर्यटन गतिविधियों से जुड़ी इकाइयों में स्वच्छता की दृष्टि से उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का मूल्यांकन कर संस्थान को लीफ-एक, लीफ-तीन तथा लीफ-पांच के आधार पर स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रदान की जाएगी।

आवेदन करने वाले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े होटल व होम स्टे इकाइयों का मूल्यांकन एसडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

कृषि सहकारी सभा लठियानी के चुनावों की घोषणा

अनंत ज्ञान, लठियानी। कृषि सरकारी सभा लठियानी का चुनाव 30 अक्टूबर 2024 को होने जा रहे हैं। सहकारी सभा के सचिन दिनेश ठाकुर ने बताया की नामांकन पत्र पांच अक्टूबर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक भरे जाएंगे और नाम वापस लेने की तिथि11अक्टूबर 2024 से जो भी व्यक्ति चुनाव में हिस्सा लेने का इच्छुक हो तो वह कार्य दिवस कभी भी सहकारी सभा के सचिव से संपर्क कर सकते हैं। कार्यकारणी के 5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात यह चुनाव करवाए जा रहे हैं । चुनावों के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा । कृषि सभा सहकारी सभा के सचिव ने बताया कि 30 अक्टूबर 2024 को ही दोपहर के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

भद्रकाली स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में स्कूल प्रधानाचार्य सतपाल वशिष्ट की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छठी से बाहरवीं कक्षा तक के सात ग्रुपों के 21 बच्चों ने भाग लिया। इसमें दसवीं कक्षा की अमिता, दीक्षा, दिव्यांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्प्रधानाचार्य ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य बिहारी लाल, अनूप, इंद्रजीत, राकेश, वजिंद्र, सुरजीत, शक्ति, अजीत, अनीता, रेखा, दिनेश, मनोज, गुरबक्श, सोना, रेनू आदि उपस्थित रहे।

कोष अधिकारी निशा रानी का किया सम्मान

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। जिला ऊना के गगरेट उपमंडल के तहत डंगोह खास गांव की निशा रानी 35 वर्ष की बेहतरीन सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कोष अधिकारी पद से उपकोष कार्यालय अंब में उनकी सेवाएं सराहनीय रही हैं। उनका कोष कार्यालय अंब के कर्मचारियों ने फूल मालाएं और उपहारों से भव्य स्वागत किया। उनके सम्मान में दौलतपुर चौक के एक होटल में एक भव्य समारोह का आयेजन किया गया।

राजेंद्र को एलआईसी का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

अनंत ज्ञान, ऊना। भारतीय जीवन बीमा निगम ऊना के अभिकर्ता राजेंद्र कुमार भारद्वाज को आजीवन चेयरमैन क्लब का सदस्य चुना गया है। उनको सोमवार को एलआईसी के स्थानीय कार्यालय में सम्मानित किया गया। एलआईसी ऊना ऑफिस के वरिष्ठ प्रबंधक एसएस चौधरी ने बताया कि चालीस वर्षों में उनकी सेवाएं और कर्मठता को देखते हुए इंटरनेशनल क्वालिटी अवॉर्ड भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि एलआईसी में निवेश सुरक्षित है और एलआईसी लोगों के भरोसे पर अग्रणी है।

बीपीएल का सर्वेक्षण न होने पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, ऊना। जिले में बीपीएल परिवारों के नए सिरे से चयन न होने पर लोग सवाल उठाने लगे हैं। सालों से बीपीएल परिवारों के चयन के लिए नया सर्वेक्षण न होने से कई पात्र परिवारों को लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि कई संपन्न परिवार योजना का लाभ ले रहे हैं। कोलका गांव के ठाकुर लेख राज, डोहगी के पवन कुमार, अनिल कुमार, आशीष कुमार का का कहना है कि 2 अक्तूबर को ग्राम सभा होने जा रही है, लेकिन उसमें बीपीएल चयन को लेकर कोई मुद्दा नहीं रखा गया है। इसमें सरकार और प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि बीपीएल चयन प्रक्रिया को लेकर उनका क्या रुख है।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलतपुर चौक में स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवियों और इको क्लब के स्वयंसेवियों ने नगर पंचायत दौलतपुर चौक के तत्वावधान में एनएसएस प्रभारी मोनिका रतन, एवं संजीव कुमार और एक क्लब के अधिकारी भरत भूषण के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रैली निकाली गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया व स्वयंसेवियों से गांव में भी स्वच्छता की अलख जगाने का आह्वान किया, तत्पश्चात प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वर्क इंस्पेक्टर साहिल मिन्हास, मुकेश कुमार, विद्यार्थी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

रायपुर मरवाड़ी में भोला अटारी बने माली के विजेता

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। रायपुर मरवाड़ी गांव में आयोजित छिंज की माली के विजेता भोला अटारी व उप विजेता सन्नी दसुआ रहा। तरसेम सिम्मी ने बताया की इस छिंज में मुख्यातिथि गगरेट के विधायक राकेश कालिया व विशेष अतिथि के रूप में चैतन्य शर्मा ने शिरकत की। इस छिंज मेले में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राकेश कालिया ने रायपुर गांव में छिंज ग्राउंड के लिए 2 लाख व गांव के अन्य कार्यों के लिए एक लाख रुपए देने का ऐलान किया। इस छिंज में बड़ी माली भोला पहलवान अटारी व सन्नी दसुआ में हुआ जिसमें भोला अटारी विजयी रहे । छिंज माली के समापन मौके पर माली के विजेता व उपविजेता पहलवानों को मुख्यातिथि विधायक राकेश कालिया व कमेटी सदस्यों ने गुर्ज और 41 हजार का नकद ईनाम से सम्मानित किया। इस दौरान नरेश कुमार, शमशेर राणा, पुष्पिंद्र राणा, संदीप चौधरी, अनिल राणा, शक्ति राणा, शशिपाल राणा, अजमेर राणा, बल्लू राणा, अमित शर्मा, तरसेम सिम्मी, सिद्दार्थ राणा, शिव सिंह आदि उपस्थित रहे।

थानाकलां स्कूल की छात्राएं कबड्डी में बनी उपविजेता

अनंत ज्ञान, लठियानी। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां की छात्राओं की अंडर-19 कबड्डी टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता जो कि मंदली में संपन्न हुई, कबड्डी में उपविजेता रही। थानाकलां स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तर पर बहुत ही बढ़िया प्रदर्शन किया। कबड्डी टीम का स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उपविजेता बनने पर बधाई दी। खिलाड़ियों ने उपविजेता की ट्रॉफी प्रधानाचार्य संजीव पराशर को भेंट की। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे स्कूल की चार छात्राओं शिवानी, प्रिया , दीपांकशी तथा शगुन का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी टीम में हुआ है। उन्होंने कहा कि स्कूल के सभी विद्यार्थियों को इन छात्राओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और खेल की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। खेलने से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है। ये बहुत ही हर्ष की बात है कि हमारे स्कूल की चार छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला ऊना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आप जिला ऊना और स्कूल का मान सम्मान बढ़ाएं। इस मौके पर बलविंद्र कुमार, हंसराज सुमन, संदेश कुमारी, राकेश कुमार, प्रवेश राणा, दविंद्र कुमार, नंदलाल, पवन कुमार, संयोगिता शर्मा, राधिका, कांता, लवेश कुमार, विनय धवन, रजनीश शर्मा, नीलम, रेखा, हरदेव इत्यादि स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

प्रख्यात शिक्षाविद स्व. प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की जयंती पर क्षेत्रीय अस्पताल में लंगर सेवा का आयोजन

उपमुख्यमंत्री ने परोसा भोजन, बांटे फल

राजेश शर्मा, ऊना

प्रख्यात शिक्षाविद स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की जयंती के उपलक्ष्य पर सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के पति प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विशेष रूप से शिरकत की और उन्होंने स्वयं अपने हाथों से मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल के स्टाफ को भोजन परोसा। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को फल भी वितरित किए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की समाज के प्रति सेवा भावना अनुकरणीय रही है। बीमारों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए उनका समर्पण और भावना प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने जीवनकाल में जो सामाजिक कार्य शुरू किए थे, उन्हें आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ उनकी जयंती पर लंगर सेवा का आयोजन किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने इस पुनीत अवसर पर लंगर सेवा में शामिल सभी लोगों का हार्दिक धन्यवाद भी किया।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लंगर में सेवा करते हुए।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री न केवल एक महान शिक्षाविद् थीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति भी गहरा समर्पण रखती थीं। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के भले में योगदान देना भी जरूरी है। उन्होंने आस्था फाउंडेशन के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा, नशा विरोधी आंदोलन, सड़क सुरक्षा अभियान और अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का जन्म 29 सितंबर 1968 को हुआ था, और उन्होंने 9 फरवरी 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी की। वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन की प्रोफेसर थीं और उनकी विद्वता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान के लिए पूरे प्रदेश में सम्मानित की जाती थीं। उनके शिक्षण और शोध कार्यों का प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र पर गहरा प्रभाव पड़ा है, जिससे अनगिनत विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली।

लंगर आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और समाज में सेवा और परोपकार की भावना को और अधिक सशक्त करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पर ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, सीएमओ डॉ. एस.के.वर्मा, कांग्रेस नेता संजीव सैणी, क्षेत्रीय अस्पताल में नियमित गुरु का लंगर सेवा के आयोजक मंडल के सदस्य समाज सेवी एवं वरिष्ट पत्रकार राजीव भनोट, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

पूर्व विस उपाध्यक्ष की चतुर्थ बरसी पर बाबा बाल जी ने किया सत्संग

अनंत ज्ञान, बंगाणा

राज्य के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं कुटलैहड़ विस क्षेत्र से दो बार विधायक रहे स्व. पंडित रामनाथ शर्मा का उनके आवास बरनोह में उनकी चतुर्थ बरसी पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने उनकी आत्म शांति के लिए सत्संग किया।

बाबा बाल जी महाराज ने बताया कि स्व. पंडित रामनाथ शर्मा से उनका अथाह प्रेम था और जब भी उन्हे मौका मिलता था, तो बस आश्रम आकर काफी समय तक बातं करते थे। उन्होंने कहा कि स्व. शर्मा धार्मिक विचारों के धनी थे। बाबा बाल जी ने सत्संग से पूर्व स्व रामनाथ शर्मा की की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनकी आत्म शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। ज्ञात रहे स्व पंडित रामनाथ शर्मा का पूरा परिवार बाबा बाल जी आश्रम का अनुयाई बना है और बाबा बाल जी महाराज से अथाह प्रेम करता है। वहीं सत्संग के बाद सभी के लिए ब्रह्म भोज की व्यवस्था की गई थी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्व. रामनाथ शर्मा की चतुर्थ बरसी पर श्रद्धांजलि दी है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, राज्य कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सदर से पूर्व में विधायक रहे सतपाल सिंह रायजादा एवं अन्य राज्य के बड़े और वरिष्ठ नेतागण भी कार्यक्रम में पहुंचे और स्व रामनाथ शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

कुटलैहड़ के सभी पार्टी समर्पित कार्यकर्ता नेतागण और प्रशासनिक अधिकारियों ने विधायक विवेक शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचकर राज्य के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्व पंडित रामनाथ शर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी।

स्व. पंडित रामनाथ शर्मा को श्रद्धांजलि देने पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

पालतू और आवारा श्वानों का 8 तक होगा एंटी रेबीज टीकाकरण

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों में पालतू और आवारा श्वानों का निशुल्क रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। उपनिदेशक पशुपालन डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि यह टीकाकरण 8 अक्तूबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व रेबीज दिवस की थीम ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज यानी रेबीज की सीमाओं को तोड़ना रखी गई है।

डॉ. विनय ने बताया कि पशुपालन विभाग गैर सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर समाज को रेबीज के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने पशुपालन विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आवाहन किया कि रेबीज जैसी खतरनाक बीमारी बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें ताकि रेबीज से होने वाली बीमारी को खत्म किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि अपने घर में पालतू श्वानों का एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य करवाएं, क्योंकि यह पूरी तरह से मानवरक्षित हैं।

मुकेश ने जरूरतमंदों को वितरित की सहायता राशि

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत गरीब और वंचित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने 25 लाभार्थियों को कुल 13 लाख 60 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार जरूरतमंदों की सहायता के प्रति अत्यंत गंभीर है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब और वंचित वर्ग के लोगों की तत्परता से मदद और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री राहत कोष एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो संकटग्रस्त व्यक्तियों के लिए आशा की किरण बनकर उभरता है। मुख्यमंत्री राहत कोष का उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को राहत प्रदान करना है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी संकट की स्थिति में लोगों को एक संरक्षक की तरह सरकार का सहारा मिले। जब कभी भी किसी व्यक्ति को आपदा, बीमारी या अन्य संकट का सामना करना पड़ता है, तो हमारी सरकार उसके साथ खड़ी है और उन्हें त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करती है, ताकि वे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास हमेशा यही रहा है कि दुखी लोगों की सहायता ईमानदारी से की जाए। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। सरकार की तमाम योजनाएं न केवल संकट में फंसे लोगों की वित्तीय स्थिति को सुधारने पर केंद्रित हैं, बल्कि समाज में एक बेहतर और समृद्ध भविष्य के निर्माण के लिए भी लक्षित हैं।

8 अक्तूबर तक चलेगा विश्व रेबीज सप्ताह सभी पशुओं को लगवाएं टीके : डॉ. विनय

राजेश ठाकुर, बंगाणा

विश्व रेबीज दिवस पर जिला पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनय कुमार शर्मा ने जिला स्तरीय बैठक की। डॉ. विनय कुमार शर्मा ने कहा कि हिर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर को जिला ऊना में मनाया गया।

इस वर्ष का विषय है ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज यानी कि रेबीज की सीमाओं को तोड़ना। इस दिवस पर पशुपालन विभाग गैर सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर समाज को रेबीज के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके तहत 28 सितंबर से लेकर 8 अक्तूबर तक जिला ऊना के समस्त पशु चिकित्सालयों में आवारा व पालतू श्वानों का निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। इस दिवस को मनाने के लिए पशुपालन विभाग के सभागार में पशु चिकित्सक, पशु औषधि संयोजक व गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। उन्होंने सभागार में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि इस जानलेवा बीमारी से आम जनता को अवगत करवाया जाए ताकि भविष्य में रेबीज से होने वाली भयंकर बीमारी का मिलजुलकर खत्म किया जा सके।

रेबीज मुक्त अभियान के तहत बैठक में उपस्थित पशुपालन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी।

उपनिदेशक डॉ. विनय शर्मा ने कहा कि समाज को रेबीज मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है और हर व्यक्ति अपने घर पर रखे पालतू जानकर और कुत्ते को रेबीज का इंजेक्शन जरूर लगवाएं, ताकि समाज रेबीज मुक्त हो। शर्मा ने कहा कि केंद्र एवम राज्य सरकार रेबीज से समाज और राज्य की मुक्त करने के लिए फ्री टीकाकरण करवाती है, लेकिन फिर भी लोग लापरवाही से रेबीज का टीकाकरण नहीं करवाते हैं और ऐसे सरकार और प्रशासन की मेहनत पर फिर जाता है और समाज को रेबीज मुक्त बनाने का सपना टूट जाता है, इसलिए अपने घर पर रखे पालतू जानवर और कुत्तों का रेबीज टीकाकरण जरूर करवाए। इस मौके पर जिला के सभी पशु चिकित्सक अधिकारी एवं हर अस्पताल प्रभारी मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

मेलों के नाम पर लूट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सत्ती

अनंत ज्ञान, ऊना

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि मेलों के आयोजन के नाम पर लूट बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर मेले करने ही हैं तो सरकार अपने खर्चे पर करे। गरीब जनता पर इसका बोझ न लादा जाए।

उन्होंने कहा कि मेलों की आड़ में लूट होती है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सतपाल सत्ती ने कहा कि मेलों की आड़ में अधिकारी सरकारी काम करवाने आने वाले लोगों से पैसे की मांग करते हैं। सरकार के पास पैसा नहीं है और हिमाचल के सैकड़ों लोगों के घर और भूमि बह गई है, लेकिन सरकार मेलों का आयोजन न जाने किस खुशी में कर रही है, प्रदेश स्तर पर इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने वेंडर पॉलिसी को लेकर विक्रमादित्य सिंह और अनिरुद्ध सिंह के बयान का समर्थन किया।

प्रदेश में हजारों ऐसे लोग रेहड़ी-फड़ी लगाते हैं, जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं है। कौन हैं, कहां से आए हैं, की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे समिति के सदस्य भी हैं, इसलिए इस विषय में अपना पक्ष भी सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने बाद में ऊना दीप कमल में भाजपा नेताओं के साथ बैठक भी की।

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में आठवीं से आदित्य प्रथम

अनंत ज्ञान, ऊना

डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए अंतरसदनीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विदित हो कि छात्रों के बहुमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा पांचवीं से सातवीं के लिए लोक नृत्य, कक्षा आठवीं से दसवीं के विज्ञान मॉडल व कक्षा ग्यारहवीं-बारहवीं के लिए वैज्ञानिकों और गणितज्ञों पर आधारित रंगोली जैसी गतिविधियां करवाई गईं।

सभी छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका में योगिता कपिल, रीना लट्ठ, रामकुमार धीमान, सुदेश कपिल, मधु अरोरा, निशा, शारदा ने निभाई। निर्णायक मंडल ने अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं में मूल्यांकन के आधार पर कक्षा पांचवीं से प्रतीका तथा दीशिका पहले स्थान पर, कक्षा छठी में सुप्रीत पहले स्थान पर, कक्षा सातवीं में आराध्या पहले स्थान पर रही।

विद्यालय में रंगोली का मॉडल तैयार करने वाले छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधक।

कक्षा आठवीं से दसवीं तक के बच्चों के लिए विज्ञान मॉडल के आधार पर प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें कक्षा आठवीं से आदित्य पहले स्थान पर रहे। कक्षा नौवीं से विवेक पहले स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में हुए विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में समरीन पहले स्थान पर, कक्षा ग्यारहवीं से द्वितीय ग्रुप प्रथम स्थान पर रहा। प्राचार्य आरएल पाठक ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता है।

स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बलविंद्र सिंह इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। पाठक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी दिशि वधावन, सदन प्रभारी सुधा रानी, बिंदु बाली रेनू परमार, बबीता जोशी सहित स्टूडेंट काउंसिल के प्रयासों की सराहना की।

निपुण डाइट देहलां में जेबीटी अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

जिला शिक्षण एवं शिक्षण संस्थान देहलां में नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों की 15 दिवसीय कार्यशाला का संपन्न सोमवार को हुआ। सुबह की प्रार्थना सभा के पश्चात कार्यशाला के अंतिम दिन की शुरुआत अध्यापकों को दिए गए पोस्ट टेस्ट से की गई। कार्यशाला के पहले दिन इन अध्यापकों का प्री टेस्ट हुआ था। यह टेस्ट विभाग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के आधार पर लिए गए। जिला शिक्षा उपनिदेशक (प्रारंभिक) सोम पाल धीमान ने अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए।

उन्होंने नवनियुक्त अध्यापकों का मार्गदर्शन करते हुए अध्यापन से संबंधित बहुत से महत्वपूर्ण बिंदु उनके साथ साझा किए। जिला परियोजना अधिकारी राकेश अरोड़ा ने अध्यापकों से पंद्रह दिनों के अनुभवों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आप सब अध्यापकों की आंतरिक प्रतिभाओं को उजागर करना था। आप सभी बहुत ही सक्षम हैं। यहां विभिन्न विषयों पर

प्रतिभागी को प्रमाण पत्र जारी करते उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोम लाल धीमान।

ली गई महत्वपूर्ण जानकारी व्यावहारिक स्तर पर जाकर अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्नों के साथ साझा करें। अपनी तरफ से जो भी आप विद्यार्थियों के लिए बेहतर से बेहतर कर सकते हैं, उसके लिए हमेशा प्रयास करें। कार्यशाला के अंतिम दिन पर इन अध्यापकों द्वारा उपशिक्षा निदेशक (प्रारंभिक) सोम पाल धीमान एवं जिला परियोजना अधिकारी राजेश अरोड़ा को स्मृति चिन्ह के रूप में स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र देखकर सम्मानित किया गया।

दोपहर के भोजन के पश्चात नवनियुक्त अध्यापको ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मां सरस्वती वंदना से शुरुआत होकर देशभक्ति गीत पहाड़ी गीत और पंजाबी गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य राकेश शर्मा, मनीष पटियाल, केवल चंदेल, विशाल रनौत, जिला को-ऑर्डिनेटर निशि शर्मा, सुधा पराशर, रीता देवी, वंदना शर्मा, मीना शर्मा, जसविंद्र कौर, शुभलता, मैडम सुखबीर कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त अध्यापकों द्वारा पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण की बहुत ही सकारात्मक फीडबैक प्रस्तुत की। उन्होंने संयुक्त रूप से जिला परियोजना अधिकारी एवं समस्त डाइट स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

न्यूज ब्रीफ

प्रेस क्लब आनी ने कुमारसैन को 42 रनों से हराया

आनी। प्रेस क्लब ऑफ आनी, प्रेस क्लब ऑफ कुमारसैन ने पुलिस प्रशासन, वन विभाग के साथ मिलकर युवाओं को नशे और मोबाइल की लत से बाहर निकालने के लिए पहल के तहत क्रिकेट मैच का आयोजन किया, जिसका थीम था नशे को न और खेलों को हां। आनी के रानी बेहड़ा स्थित खेल मैदान में प्रेस क्लब आनी व कुमारसैन और पुलिस-फारेस्ट फोर्स-11 के मध्य मैच खेले गए। प्रेस क्लब आनी और प्रेस क्लब कुमारसैन के बीच खेले गए पहले मैच में प्रेस क्लब आनी ने कुमारसैन की टीम को 42 रनों से हराया। प्रेस क्लब आनी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपनर जितेंद्र गुप्ता के 24 रनों, सुरजीत ठाकुर के ताबड़तोड़ 87 और युवराज ठाकुर की नाबाद पारी की बदौलत 10 ओवरों में 144 रनों के विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसका पीछा करते हुए प्रेस क्लब आनी के गेंदबाजों तरजीव शर्मा, हरिकृष्ण शर्मा, पविंदर गिल, सुरजीत, दिनेश कुमार, जितेंद्र गुप्ता की बेहतरीन गेंदबाजी और कुमारसैन टीम की सलामी जोड़ी की बदौलत 10 ओवरों में 102 रन ही बना सकी और प्रेस क्लब आनी यह मैच 42 रनों से जीत गई। वहीं, दूसरा मैच पुलिस फॉरेस्ट फोर्स-11 और प्रेस क्लब आनी की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस फॉरेस्ट फोर्स-11 के सलामी बल्लेबाज संदीप सैंडी के अर्धशतक की बदौलत 138 रन बनाए और प्रेस क्लब आनी की टीम यह मैच 60 रनों से हार गई। वहीं इस मैच के बाद डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे और मोबाइल की लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करने की यह पहल है, जिसके तहत प्रेस क्लब आनी, प्रेस क्लब कुमारसैन और पुलिस ने पहले भी मिलकर चैरिटी मैच आयोजित किए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस दौरान एपीआरओ तरजीव शर्मा, प्रेस क्लब आनी के अध्यक्ष हरिकृष्ण शर्मा, प्रेस क्लब कुमारसैन के अध्यक्ष अनिल कंवर, सचेत संस्था के प्रबंध निदेशक एवं पत्रकार जितेंद्र गुप्ता, एपीआरओ तरजीव शर्मा, एसएचओ पंछी लाल, वन विभाग के चवाई रेंज के अधिकारी राकेश कुमार, एचपीसीए क्रिकेट अकादमी आनी के कोच प्रेम पाल आदि मौजूद रहे।

पीओएसएच का पालन करना समिति की जिम्मेदारी

आनी। निरमंड कॉलेज में सोमवार को पीओएसएच एक्ट 2013, विशाखा दिशानिर्देश और यूजीसी रेगुलेशन-2015 पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान कॉलेज की एंटी-सेक्सुअल हरासमेंट समिति और आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य 2015 के यूजीसी विनियमों के अनुसार कॉलेज की एंटी-हरासमेंट पॉलिसी के बारे में जागरूकता फैलाना और स्टूडेंट्स को कॉलेज में यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत दर्ज करने के तंत्र से परिचित करवाना था। व्याख्यान का संचालन डॉ. प्रियंका ठाकुर और सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार ने किया। डॉ. प्रियंका ने इस बात पर जोर दिया कि कॉलेज में यौन उत्पीड़न को महिलाओं के समानता, जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि कॉलेज में महिलाओं की भागीदारी को हतोत्साहित करने वाला कोई असुरक्षित और प्रतिकूल शिक्षण वातावरण न हो। सहायक प्रोफेसर राजेश ने बताया कि महिला विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पीओएसएच अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन करना समिति की जिम्मेदारी है।

ऑनलाइन पोर्टल से विभागीय योजनाओं का लाभ

आनी। उद्यान विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए बागवानों को अब कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि विभाग ने बागवानों की सुविधा के लिए अब उद्यान विभाग का ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया है। यह जानकारी उद्यान विभाग आनी की विषय विशेषज्ञ डॉक्टर चमेली नेगी ने कही। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के माध्यम से चल रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब बागवानों को ऑनलाइन उद्यान पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन करना होगा, जिसके लिए बागवानों को कुटेशन पर आधारित पहले आवेदन करना पड़ेगा। इसके पश्चात ही उपकरण खरीदने को मान्य होंगे। डॉ. चमेली नेगी ने बताया कि आवेदनकर्ता के पास डीजीटल उद्यान कार्ड का होना आवश्यक है। डीजीटल उद्यान कार्ड बनाने के लिए विभाग द्वारा 3 दिसंबर, 2024 तक खंड स्तर पर यह अभियान छेड़ा जाएगा। डॉ. चमेली नेगी ने बताया कि इस संदर्भ में अधिक जानकारी और डीजीटल उद्यान कार्ड बनाने के लिए बागवान अपने उद्यान विकास अधिकारी जिसमें आनी के मोबाइल नंबर-9418704584 तथा निरमंड के अधिकारी से मोबाइल नंबर -8219733895 पर संपर्क कर सकते हैं।

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर से गूंजा कुल्लू शहर

जामा मस्जिद विवाद को लेकर हिंदू संगठनों ने कुल्लवी परिधान और वाद्य यंत्रों के साथ विरोध-प्रदर्शन किया

कमलेश वर्मा, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार की राम गली में स्थित जामा मस्जिद विवाद मामले को लेकर सोमवार को सैकड़ों लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। देवभूमि जागरण मंच की ओर से निकाली गई यह संस्कृति जागरण यात्रा रामशिला से डीसी कार्यालय तक निकाली गई, जो कि सुबह 11:30 से शुरू होकर शाम को करीब 5 बजे तक जारी रहा। अपना विरोध जताने के लिए लोगों ने बड़े ही अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों ने कुल्लवी नाटी डालकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी पारंपरिक कुल्लवी परिधान और वाद्ययंत्रों के साथ विरोध-प्रदर्शन में नाटी करते हुए नजर आए। वहीं, जिला प्रशासन व पुलिस के भारी बंदोबस्त के बावजूद भी जिला मुख्यालय पर जामा मस्जिद विवाद को लेकर हिंदू संगठनों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। हालांकि डीसी द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर लोगों को समूह में खड़े होने पर पाबंदी भी लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद भी रामशिला से हिंदू संगठनों ने ढोल नगाड़े व नाटी पार्टी के साथ अपना विरोध-प्रदर्शन शुरू किया।

प्रदर्शनकारी रामशिला से चलते हुए अखाड़ा बाजार जामा मस्जिद के पास पहुंचे और वहां पर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही वहां सड़क में बैठकर हनुमान चालिसा का पाठ किया। यहां राम गली में जहां मस्जिद को रास्ता जाता है, उसे पूरी तरह से बंद कर रखा था। जहां बैरिकेड के साथ-साथ पुलिस की तीन लेयर की सुरक्षा बांध रखी थी। यहां लोगों ने समुदाय विशेष के खिलाफ नारेबाजी शुरू की और कई युवा उग्र हुए, जिसके चलते कुछ लोगों ने उनसे शांति बनाए रखने का आह्वान किया, लेकिन इस बीच कुछ समय के लिए आपस में भी धक्कामुक्की हुई और पुलिस ने मामला संभाल लिया। जामा मस्जिद के पास एसपी कुल्लू व एसडीएम विकास शुक्ला, तहसीलदार हरी सिंह यादव, डीएसपी मुख्यालय राजेश कुमार, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ सहित अनेक बड़े पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही मस्जिद के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था, मगर इसके बावजूद भी धरना-प्रदर्शन में शामिल हिंदू संगठन के लोग धारा-163 का उल्लंघन करते हुए आखाड़ा बाजार से ढालपुर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने हिंदू संबंधी नारों के साथ ही मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। (अनंत ज्ञान)

कुल्लू के अखाड़ा बाजार की राम गली में स्थित जामा मस्जिद विवाद मामले को लेकर सैकड़ों लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया (दाएं) तैनात पुलिस बल।

पूरा अखाड़ा बाजार पुलिस छाबनी में था तब्दील

हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस की ओर से जगह-जगह पर कड़ी नाकेबंदी की गई थी और पूरा अखाड़ा बाजार पुलिस छाबनी में तब्दील था। संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि अखाड़ा बाजार में जो मस्जिद बनाई गई है, वह पूरी तरह से अवैध है। इसी दावे के तहत हिंदू संगठनों ने प्रशासन से इस मस्जिद पर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि मस्जिद का निर्माण अवैध रूप से किया गया है।

डीसी कार्यालय का किया घेराव

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने इस दौरान रामशिला से लेकर डीसी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। इस दौरान डीसी कार्यालय में जहां काफी समय तक प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, उसके बाद लोग वहां पर डीसी से बात करने को लेकर अड़ गए, लेकिन करीब डेढ़ से दो घंटे तक भी जब डीसी प्रदर्शनकारियों से वार्ता के लिए नहीं आई, तो लोग काफी आक्रोशित हो गए और डीसी, एसडीएम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने वहां पर भी हनुमान चालीसा का पाठ किया। उसके बाद डीसी ने उनके साथ बात की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाए हैं कि जिला प्रशासन व एसपी कुल्लू की ओर से उनपर बंद कमरे के अंदर दबाव बनाया गया और मीडिया कर्मियों को भी बाहर भेज दिया।

हिमालयी क्षेत्र में सुरक्षित भवन निर्माण की तकनीकों की जानकारी होना आवश्यक : डीसी

मॉडल प्रतियोगिता के दौरान बनाए गए मॉडल का निरीक्षण करते हुए डीसी कुल्लू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला स्तर पर सुरक्षित निर्माण अभ्यास मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने प्रदर्शनी का दौरा किया और सुरक्षित निर्माण प्रथाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र में सुरक्षित निर्माण के महत्व को रेखांकित किया। डीसी ने बताया कि सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू द्वारा जिले के प्रत्येक शिक्षा खंड में आयोजित की गई थी और जो प्रतिभागी खंड स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे, उन्होंने इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाजौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हिमालयन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आनी ने द्वितीय और भारत भारती कुल्लू स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च विद्यालय स्तर श्रेणी में बदाह स्कूल ने प्रथम स्थान, भारत भारती स्कूल ने द्वितीय स्थान और नग्गर स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

योग-प्राणायाम को जीवन शैली का हिस्सा बनाएं

केलांग। जिला आयुष अधिकारी लाहौल-स्पीति डॉक्टर बनीता शर्मा ने जिला वासियों से आग्रह किया कि जिला आयुष अस्पताल केलांग में नियमित रूप से निशुल्क सर्वोदय योग सत्र प्रारंभ हो रहा है। 2 अक्तूबर को गांधी जयंती पर केलांग मुख्यालय में आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम से सर्वोदय योग सत्र योजना का शुभारंभ किया जाएगा। डॉक्टर बनीता शर्मा ने बताया कि यह योग सत्र सुबह 7 से 8 बजे तक रोजाना करवाए जाएंगे, जिसका लाभ लेने के लिए सभी जनमानस से निवेदन है कि यह योग सत्र आयुष विभाग के सभी हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें। डॉ. बनीता शर्मा ने कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली में स्वास्थ्य की देखभाल करना नितांत आवश्यक है।

अटल सदन में भांगड़े ने मचाया धमाल

पंजाबी लोक नृत्य के साथ चंडीगढ़ कला एवं संगीत उत्सव का समापन

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

कुल्लू के अटल सदन के अंतरंग सभागार में चल रहे चार दिवसीय कार्यक्रम के चौथे एवं अंतिम दिन सोमवार को म्यूजिक एवं नृत्य अकादमी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पंजाबी लोक नृत्य के साथ ही इस आयोजन का समापन हुआ। इस मौके पर विभिन्न पंजाबी लोकनृत्य विधाओं का दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

अकादमी के कलाकारों की ओर से अरदास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात पंजाबी लुडी पंजाबी गिद्दा तथा जिंदूआ के साथ-साथ पंजाबी भांगड़े के नृत्य की प्रस्तुतियां दी। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ने कहा कि चार दिवसीय चंडीगढ़ संगीत एवं नृत्य उत्सव में सूफी गायन, पंजाबी लोक गायन, कत्थक नृत्य का आयोजन किया गया तथा आज पंजाबी लोक नृत्य के साथ ही इस आयोजन का समापन हुआ। कला संस्कृति के आदान-प्रदान एवं साहित्य एवं भाषा के उत्थान के लिए हिमाचल सरकार एवं भाषा एवं संस्कृति विभाग हमेशा तत्पर है तथा समय-समय पर विभिन्न तरह के आयोजन करते रहते हैं तथा लोक संस्कृति तथा लोक कलाकारों को आगे लाने के लिए हमेशा प्रयत्न करते हैं। कार्यक्रम में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के उपाध्यक्ष विक्रांत सेठ, सेक्टर-42 चंडीगढ़ में नृत्य के सहायक आचार्य डॉ. अमित गंगानी, सहायक लोक संपर्क अधिकारी जय प्रकाश शर्मा भी उपस्थित थे। कुल्लू के अटल सदन के अंतरंग सभागार में चार दिवसीय संगीत एवं नृत्य उत्सव का आगाज हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विख्यात सूफी गायक उस्ताद निलय खान एवं पार्टी के सूफी गायन का श्रोताओं ने खूब आनंद लिया। वहीं, दूसरे दिन सबरजीत कौर असीम का पंजाबी लोक गायन, तीसरे दिन गुरुकुल संगीत एवं नृत्य अकादमी समिति चंडीगढ़ का कथक नृत्य तथा सोमवार को चौथे दिन तरसेम चंद कलहेरी एवं ग्रुप की ओर से पंजाबी लोक नृत्य की प्रस्तुति पेश की गई। (अनंत ज्ञान)

कुल्लू के अटल सदन के अंतरंग सभागार में चल रहे कार्यक्रम में भांगड़ा करते हुए।

आनी लवी मेला सिराज उत्सव में होंगी तीन सांस्कृतिक संध्या

लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह आनी में मेला कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद सदस्य।

जितेंद्र गुप्ता, आनी

आउटर सिराज क्षेत्र का प्रमुख लवी मेला सिराज उत्सव इस वर्ष 2 से 4 नवंबर तक बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके सफल आयोजन को लेकर लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह आनी में मेला कमेटी की अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने की। सिराज उत्सव मेला कमेटी के महासचिव शिवराज शर्मा ने सिराज उत्सव मेला-2023 में किए गए आयोजन बारे रिपोर्ट प्रस्तुत की और इस वर्ष-2024 में होने वाले आयोजन का प्रारूप सामने रखा।

बैठक में अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने कहा कि इस बार लवी मेला सिराज उत्सव क्षेत्र के आराध्य गढ़पति देवता शमशरी महादेव के सानिध्य में नए रंग रूप में मनाया जाएगा। मेले का शुभारंभ 2 नबंबर को होगा, जिसमें देवता शमशरी महादेव देवता पनेवी नाग तथा देवता कुलक्षेत्र महादेव ओलवा के पूरे लाव लश्कर के साथ शोभायमान होंगे। मेले का मुख्य आकर्षण दंगल प्रतियोगिता 4 के बजाय 3 नवंबर को होगी, जिसमें समूचे उत्तरी भारत के विभिन्न अखाड़ों के नामी गरामी पहलवान भाग लेंगे, जबकि मेले के अंतिम दिन 4 को महिला मंडलों की लोकनृत्य प्रतियोगिता होगी और उसके बाद महिलाओं की प्राइड ऑफ आनी के नाम से महानाटी भी होगी, जिसमें आनी ब्लॉक की करीब 5000 महिलाएं शामिल होंगी, जिसके लिए आनी ब्लॉक की सभी पंचायतों से महिला मंडलों को आमंत्रित किया जाएगा। मेला कमेटी अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि सिराज उत्सव लवी मेला में इस वर्ष तीन सांस्कृतिक संधाएं होंगी, जिसमें 2 को मेले की पहली रात्रि सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों सहित शिमला मंडी, कुल्लू के स्टार गायकों को मौका दिया जाएगा, जबकि 3 की स्टार नाइट में भी प्रदेश के स्टार कलाकार शामिल होंगे।

वहीं, मेले के अंतिम 4 की संध्या को स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। कलाकारों की सूची अगामी बैठक में जारी की जाएगी। मेला कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि लवी मेला सिराज उत्सव में इस वर्ष 4 की संध्या को पारंपरिक वेश भूषा पर आधारित मिस आऊटर सिराज के नाम से 18 से 28 वर्ष के मध्य आयु वर्ग की युवतियों की फेशन शो प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसके तीन विजेताओं को मेला कमेटी की ओर से आकर्षक ईनाम दिये जाएंगे। वहीं, मेले में इस वर्ष लोक गायन के प्रोत्साहन के लिए वायस ऑफ आनी के नाम से कलाकारों का चयन भी होगा। (अनंत ज्ञान)

बिशन बदाह गोंपा सोसायटी के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, कुल्लू

जिला कुल्लू मुख्यालय से मात्र 4 किलोमीटर दूर बदाह में स्थित बौद्ध मठ समस्त लाहौल वासियों के लिए बहुत ही मायने रखता है।

कुल्लू जिला मुख्यालय के आसपास रहने वाले समस्त लाहौल वासियों के धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा पाठ, जन्म-मरण सभी से जुड़ा हुआ ये गोंपा सभी बौद्ध धर्म का अनुसरण करने वाले लोगों की आस्था से भी जुड़ा हुआ है। बदाह गोंपा सोसायटी पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन सभी की सहमति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता 95 वर्षीय छाया राम के द्वारा की गई। सोसायटी के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में सोसायटी का पूरा इतिहास, लेखा-जोखा और काम-काज सभा के सम्मुख प्रस्तुत किया। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर अध्यक्ष ने कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सभापति को अनुमति जारी करने बारे अनुरोध किया। इस दौरान 78 वर्षीय नोरबु बरोंगपा ने जिन्होंने इस सोसायटी को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम करते हुए 30 साल बेहतरीन सेवाएं दीं उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए फिर से अध्यक्ष न चुनने के लिए समस्त सदस्यों से अनुरोध किया। बिशन दास परशिरा अध्यक्ष, वीर सिंह यारकी महासचिव, नवांग तंजीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लालचंद उपाध्यक्ष, फुंचोग डोलमा उपाध्यक्ष, उरज्ञान दोरजे संयुक्त सचिव, एनजी बौद्ध प्रेस सचिव, प्रेम सिंह थामस कोषाध्यक्ष, लोबजंग गड़फा को सह-कोषाध्यक्ष चुना गया।

बदाह गोंपा सोसायटी में चुनाव के बाद मौजूद नई कार्यकारिणी के सदस्य।

कंगना ने सिमसा में सुनीं जनसमस्याएं

मनाली। मनाली प्रवास पर आई मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को सिमसा स्थित अपने निवास पर जनसमस्याएं सुनीं। सड़क, बिजली, पेयजल समेत अन्य कई समस्याओं और मांगों को लेकर लोग कंगना के घर पहुंचे। सोमवार को वह दिनभर अपने निवास पर रहीं।

विभिन्न पंचायतों के प्रधानों ने सांसद कंगना से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। नसोगी पंचायत के प्रधान दिले राम ने कहा कि सांसद कंगना से मिलने के लिए लोग दिनभर उनके घर आते रहे। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत की ओर से लोगों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है।

कौमिक गांव में एक्जोनोबल पेंट ने भरे हौसले के रंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल के कौमिक गांव में लेट्स कलर पहल के पूरा होने के अवसर पर समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त काजा राहुल जैन ने अक्जोनोबल इंडिया कंपनी की ओर से आयोजित इस समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कौमिक व लांग्जा गोंपाओं के लामाओं सहित कौमिक, हिक्किम व लांग्जा तीनों गांव के लोग उपस्थित रहे। राहुल जैन ने कहा कि इस जनजातीय एवं दूरदराज के क्षेत्र में लेट्स कलर परियोजना के क्रियान्वयन को पूर्ण करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने एक्जोनोबल इंडिया कंपनी द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे गांव कौमिक, हिक्किम व लांग्जा तीनों गांवों के लोगों के सभी घरों सहित इन गांवों के गोंपाओं में निशुल्क पेंट करने के लिए कंपनी को बधाई दी और यहां के लोगों की रुचि एवं पसंदानुसार लोगों के घरों में पेंट करने के लिए कंपनी का आभार व्यक्त किया। एक्जोनोबल इंडिया कंपनी भविष्य में भी इस तरह के कार्यों को करती रहेगी और अपने कंपनी का नाम रोशन करने के साथ-साथ लोगों के घरों को भी पेट के रंग से चमकाते रहेगी।

93 प्रतिशत कैजुअल मजदूर सामाजिक सुरक्षा सुविधा से वंचित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सीटू जिला कमेटी कुल्लू द्वारा सीटू राज्य कमेटी के आह्वान पर ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क व फिक्स टर्म कर्मियों की मांगों को लेकर डीसी कार्यालय कुल्लू के बाहर प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव राजेश ने कहा कि देश में-1990 में नवउदारवादी नीतियों के जरिए ठेका करण और अस्थायी रोजगार की बुनियाद स्थापित की गई थी, जिसके सभी केंद्र सरकार ने लागू करने के लिए भरसक प्रयास किए और पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ठेकाकरण की नीतियों को चरम सीमा पर पहुंचाया। उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण और सेंटर फॉर मोनिटरिंग इंडियन इकोनोमी की रिपोर्ट के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में कुल कर्मचारियों का 50 प्रतिशत से ज्यादा और नीजि क्षेत्र में कर्मचारियों का 70 प्रतिशत ठेका मजदूर हैं। ठेका मजदूरों के 67.8 प्रतिशत और कैजुअल मजदूरों के 95.3 प्रतिशत के पास नियुक्ति पत्र तक नहीं हैं। देश के 93 प्रतिशत कैजुअल मजदूर सामाजिक सुरक्षा सुविधा से वंचित हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टीटास्क, मल्टीपर्पज व फिक्सटर्म मजदूरों को समान और एक जैसा काम करने के बावजूद नियमित मजदूरों से बहुत कम वेतन दिया जाता है। यहां तक कि उनको ईपीएफ , ग्रेच्युटी व पेंशन जैसी योजनाओं के दायरे से भी बाहर रखा जाता है।

डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री व प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजते हुए।

उपचुनाव 9 बजे से आरंभ हुई मतों की गणना, आजाद प्रत्याशी सरिता को 354 वोट से हराया, विधायक का दबदबा बरकरार

कांग्रेस समर्थित निर्मला देवी ने जीता सिस्सू जिला परिषद का उपचुनाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति जिला परिषद के उपचुनाव में कांग्रेस का दबदबा कायम रहा। कांग्रेस समर्थित निर्मला देवी ने आजाद प्रत्याशी सरिता को 354 वोट से हराकर इस सीट पर कब्जा किया।

कांग्रेस ने इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। अनुराधा राणा के विधायक बनने से यह सीट खाली हुई थी। सिस्सू वार्ड में रविवार को मतदान हुआ, जबकि सोमवार को केलांग में वोटों की गिनती हुई। पहले राउंड से ही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी निर्मला ने बढ़त बनानी शुरू की और अंतिम राउंड तक बढ़त बरकरार रखी। पहले राउंड में निर्मला को 202, तो सरिता को 94 वोट पड़े। दूसरे में निर्मला को 175, तो सरिता को 128 वोट पड़े। तीसरे राउंड में 214, जबकि सरिता को 118 वोट पड़े। चौथे राउंड में निर्मला को 203, जबकि सरिता को 100 वोट पड़े। आठ वोट नोटा को, जबकि पांच वोट रिजेक्ट हुए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत अधिकारी लाहौल-स्पीति सचिन ठाकुर ने सिस्सू वार्ड से निर्मला देवी को विजयी घोषित किया। उपचुनाव के मतों की गणना प्रात: 9 बजे से आरंभ हो गई थी। दोपहर बाद शांति पूर्वक तरीके से परिणाम घोषित किया गया।

कांग्रेस समर्थित निर्मला देवी सिस्सू जिला परिषद का उपचुनाव जीतने के बाद।

भाजपा नहीं दे पाई अपना प्रत्याशी

सिस्सू जिला परिषद सीट पर उपचुनाव में विधायक अनुराधा राणा का दबदबा कायम रहा। यहां से भाजपा अपना प्रत्याशी ही नहीं दे पाई, जबकि कांग्रेस ने भारी मतों से आजाद प्रत्याशी को हराया। अनुराधा राणा ने निर्मला सहित समस्त कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को सिस्सू सीट भारी मतों से जीतने पर बधाई दी।

केलांग से सिस्सू तक मनाया जीत का जश्न

कांगेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जीत का जश्न केलांग से सिस्सू कोकसर तक मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कदम लाहौल वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरके। केलांग में जैसे ही जिला परिषद का उपचुनाव का परिणाम घोषित हुआ, वैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता खुशी मनाने एकत्रित होने लगे। देखते ही देखते कार्यकर्ताओं की खासी भीड़ एकत्रित हो गई। जिला परिषद की सीट जीत कर जैसे ही निर्मला बाहर आई, तो कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

न्यूज ब्रीफ

शूलिनी में मनाया फार्माकोविजिलेंस सप्ताह

सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति के निर्माण थीम के तहत 16 से 24 सितंबर तक चौथा राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य रोगी के स्वास्थ्य की सुरक्षा में प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) रिपोर्टिंग के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना था। सप्ताह का मुख्य आकर्षण एक ऑनलाइन वेबिनार था, जिसमें फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया (पीवीपीआई) और मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया (एमवीपीआई) जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ताओं में फार्माकोलॉजी विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से प्रोफेसर विकास मेधी, डॉ. अजय प्रकाश और डॉ. संध्या शामिल थे, जिन्होंने स्वास्थ्य देखभाल में फार्माकोविजिलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपनी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता साझा की। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय और छात्रों ने स्वास्थ्य केंद्र, शूलिनी विश्वविद्यालय में एक जागरूकता अभियान चलाया।

हिंदी के गौरव के प्रति किया जागरूक

दाड़लाघाट। राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े में हिंदी विषय को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को हिंदी के गौरव के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिंदी व्याकरण और साहित्य में अपनी गहरी रुचि दिखाई। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षातथा सदन अनुसार भाग लेकर प्रतियोगिता को अति रोचक बना दिया। विद्यालय के भाषा अध्यापक हेमराज ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हम सभी अपनी बोलचाल की भाषा में हिंदी का ही अधिकतर प्रयोग करते हैं। हमारे राष्ट्र में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा भी हिंदी है इसलिए हम सबको इसके प्रति सम्मान केवल एक दिन या पखवाड़े में नहीं, लेकिन रोज हिंदी का प्रयोग कर इसे उच्च श्रेणी की भाषा बनाने का प्रयास करना चाहिए। हिंदी लेखन व हिंदी पाठन के माध्यम से भी विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि व प्रोत्साहन पैदा किया गया।

बिजली की तारों से चिंगारियां निकलने से सहमे लोग

नाहन। नाहन शहर के नया बाजार में सोमवार सुबह बिजली की तारों से चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे आसपास से गुजरने वाले लोग सहम गए। दुकानदारों को भी आग लगने का खतरा महसूस होने लगा। दुकानदारों ने बताया कि रात से ही तारों से चिंगारियां निकल रही थीं और उन्होंने बिजली बोर्ड को सूचित भी किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि शहर की सड़कों और संकरी गलियों में हाई वोल्टेज करंट की तारों को व्यवस्थित करने के लिए कोई योजना क्यों नहीं बनाई जा रही है। लोगों में इस बात की चिंता है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि वे इस समस्या का जल्द समाधान करें और शहर की सड़कों और संकरी गलियों में हाई वोल्टेज करंट की तारों को व्यवस्थित करें, ताकि लोगों की जान और माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर बने भवांशु

अर्की। अर्की की पंचायत खलनग के गांव रौडी के एक युवक भवांशु शर्मा के सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर बनने पर उनके परिवार पंचायत में खुशी का माहौल है। खनलग पंचायत के उपप्रधान अनूप चौहान ने बताया कि भवांशु शर्मा के पिता संतराम चौहान हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त हैं तथा मां सुनीता चौहान गृहिणी हैं। भवांशु चौहान की तीन बड़ी बहनें भी सरकारी सेवा में हैं। उन्होंने भवांशु चौहान के बारे में बताया कि भवांशु की प्राथमिक शिक्षा डीएवी स्कूल शिमला में हुई पश्चात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से बीएससी ओनर्स किया।

शहरी क्षेत्रों में कल से योग सर्वोदय कार्यक्रम

सोलन। आयुष विभाग की ओर से 2 अक्तूबर से जिले के शहरी क्षेत्रों में योग एक विशेष कार्यक्रम 'योग सर्वोदय' आरंभ किया जा रहा है। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी सोलन डॉ. प्रवीण शर्मा ने दी। डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि योग सर्वोदय कार्यक्रम सोलन के नगर निगम के सभागार समीप ठोडो मैदान सोलन, एमसी पार्क वार्ड नंबर-7 नालागढ़, पुलिस लाइन बद्दी तथा कंडाघाट स्कूल में प्रातः 7 से प्रातः 08 बजे तक आयोजित की जाएगी। अर्की में यह कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से लिंक बनाकर आयोजित किया जाएगा।

स्वयंसेवियों को देश सेवा के लिए किया प्रेरित

दाड़लाघाट। दाड़लाघाट स्कूल में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने समापन समारोह का आगाज सरस्वती मां के चरणों में दीप प्रज्वलन से किया। एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विजय चंदेल व क्षमा शर्मा के नेतृत्व में शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने स्वयंसेवियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

कानूनी अधिकार के बारे महिलाओं के साथ की चर्चा

राजगढ़। हिमाचल प्रदेश न्यायिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के सौजन्य से पंचायत कोठिया जाजर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश एवं अध्यक्ष उपमंडलीय लीगल सर्विस समिति राजगढ़ रितु सिंहा ने की। उन्होंने यौन उत्पीड़न अथवा अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए न्यायिक सेवा प्राधिकरण माध्यम से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा व कानूनी अधिकार व कर्तव्य बारे भी विस्तार से महिलाओं के साथ चर्चा की। जागरूकता शिविर में बतौर रिर्सोस पर्सन आए एडवोकेट अभिषेक शर्मा, एडवोकेट राकेश ठाकुर, विकास खंड के समन्वयक डॉ. एमके कौशल ने विभिन्न विषयों बारे शिविर में आए लोगों को जानकारी दी।

स्मार्ट लर्निंग के फायदों की दी जानकारी

सोलन। बीएसएनएल सोलन व्यावसायिक क्षेत्र (बीए) ने जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन और सरकारी प्राथमिक विद्यालय कथेड सोलन में स्केच/पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय बीएसएनएल भारत फाइबर के उपयोग से स्मार्ट लर्निंग था। बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन में इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीति शर्मा, अध्यापिका वंदना ठाकुर, नीलम वर्मा, और शीतल उपस्थित रहीं। वहीं, सरकारी प्राथमिक विद्यालय कथेड सोलन में इंचार्ज आशा शर्मा, निधि तोमर और नगीना मैडम सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद था। एमडी नीति शर्मा और कथेड स्कूल इंचार्ज आशा शर्मा ने बीएसएनएल का धन्यवाद किया। बीएसएनएल की ओर से प्रबंधक विजयदीप, जेटीओ मदन लाल और अन्य स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रबंधक विजयदीप और जेटीओ मदन लाल ने विद्यार्थियों और स्टाफ को बीएसएनएल की नवीनतम तकनीक और बीएसएनएल भारत फाइबर के साथ स्मार्ट लर्निंग के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मिस फेयरवेल बनी प्रेरणा धीमान

नाहन। माता पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग नाहन में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत माता पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग के अध्यक्ष अनिल जैन, सचिन जैन व कॉलेज की प्रधानाचार्य रिजी गीवर्गीस ने दीप प्रज्वलित कर की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। कॉलेज अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि माता पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग नाहन में बीएससी चतुर्थ वर्ष, पोस्ट बेसिक व जीएनएम कक्षाओं की छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया है इस दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस वर्ष की पार्टी में मिस फेयरवेल प्रेरणा धीमान को चुना गया।

46.43 करोड़ से चकाचक होंगी 6 सड़कें

नाबॉर्ड के तहत धनराशि मंजूर, करीब 42 किलोमीटर सड़क पर होगा काम

आर मोहन चौहान, सोलन

नाबॉर्ड के तहत मंजूर करीब 46.43 करोड़ रुपए की धनराशि से सोलन की 6 सड़कें चकाचक होंगी। इससे करीब 42 किलोमीटर लंबी सड़कों की मरम्मत होगी। धनराशि मुहैया होते ही विभाग जल्द ही इन सड़कों पर टेंडर लगाकर टारिंग का कार्य शुरू कर देगा।

सभी सड़कें एमएलए प्रायोरिटी के तहत मंजूर होने के लिए गई थी, अब जब यह सभी सड़कें पक्की हो जाएंगी, तो लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सोलन लोक निर्माण विभाग ने एमएलए प्रायोरिटी के तहत जिले की कई सड़कों को पक्का करने के लिए नाबॉर्ड से पैसा मंजूर के लिए भेजा था। इसमें जिले की 6 सड़कों को पक्का करने के लिए धनराशि मुहैया हुई है। यह सभी सड़कें पिछले कई वर्षों से खस्ताहाल में थी। लिहाजा इसे लेकर विभाग भी सतर्क था कि इस बार नाबॉर्ड के जरिए इन सड़कों के लिए पैसा मंजूर करवाना है। बता दें कि हिमाचल की 35 सड़कों को नाबॉर्ड के तहत 266 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। प्रदेश की इन सड़कों को परियोजना स्वीकृति समिति की 134वीं बैठक में वित्तीय ऋण की स्वीकृति मिली है। (अनंत ज्ञान)

फाइल फोटो।

दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा सड़कों को मिली मंजूरी

शिमला को छोड़ दिया जाए, तो सोलन की दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा सड़कों को मंजूरी मिली है। ऐसे में यह जिला सोलन के लोगों के लिए राहत की बात है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिमला की 7, सोलन की 6, हमीरपुर की 5, ऊना की 4, सिरमौर और कांगड़ा की 3-3, चंबा और मंडी की 2-2, जबकि किन्नौर, बिलासपुर, लाहौल और कुल्लू की 1-1 सड़क को नाबॉर्ड से धनराशि मंजूर हुई है। ऐसे में सोलन जिले को पूरे प्रदेश में दूसरे सबसे ज्यादा सड़कें मिली हैं।

जिला सोलन की 6 सड़कों को नाबॉर्ड के जरिए मंजूरी मिली है। इसके लिए कुल 42 किलोमीटर के पैच का काम होगा। इस कार्य पर 46.43 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। साथ ही इन सड़कों की कटिंग सहित डंगे लगाने का काम भी किया जाएगा। धनराशि मुहैया होने के बाद अब जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।
अजय शर्मा, एससी, लोनिवि, सोलन।

इन सड़कों की होगी टारिंग

विभाग के मुताबिक जिले की 6 सड़कों में जोहडजी टू बुखारंग 5 किलोमीटर लंबी सड़क पर 7.25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि जंगेशु से ओडा बाया बनेट 3.100 किलोमीटर सड़क पर 6.32 करोड़ रुपए नाबॉर्ड से मंजूर हुए हैं। इसी प्रकार डेला, कायला अवरनी रोड 6.740 किलोमीटर सड़क पर 5.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके आलावा किमूघाट से चक्की मोड़ 16.350 किलोमीटर लंबी सड़क पर 16.23 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि गोरी करां-क्यारटू भड़ी रोड साढ़े चार किलोमीटर पर 3.61 करोड़ रुपए लगाए जाएंगे। साथ ही ग्रोहंणी टू सारी बाया बोड़ो 6.52 किलोमीटर सड़क पर 7.03 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

'भारत को जानो' क्विज में दयानंद पब्लिक स्कूल शिमला प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन

भारत विकास परिषद हिमाचल प्रदेश की ओर से भारत को जानो क्विज तथा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रदेश की 6 शाखाओं की 12 टीमों ने भाग लिया। राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में दयानंद पब्लिक स्कूल शिमला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कसौली इंटरनेशनल स्कूल क्विज वरिष्ठ वर्ग तथा कनिष्ठ वर्ग में क्रिसेंट मून पब्लिक स्कूल बद्दी प्रथम रहा। इस मौके पर शूलिनी यूनिवर्सिटी सोलन की फाउंडर तथा अध्यक्ष सरोज खोसला मुख्यातिथि रही। भारत विकास परिषद हिमाचल प्रदेश पूर्व ने भारत को जानो क्विज तथा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता सोलन का आयोजन इंटरनेशनल स्कूल कसौली में किया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आरएस सक्सेना, महासचिव अशोक टंडन, कोषाध्यक्ष एनके खट्टर, सत्यम शर्मा तथा वीरेंदर सहगल, डॉ. मुकेश प्रभाकर एवं अन्यों ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भारत विकास परिषद के महासचिव अशोक टंडन ने मंच का संचालन किया तथा देवेंद्र गुप्ता ने धन्यवाद किया। भारत को जानो क्विज तथा राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में सोलन, सिरमौर, शिमला, परवाणू, बद्दी तथा पांवटा साहिब शाखाओं की विभिन्न पाठशालाओं ने भाग लिया। भारत को जानो क्विज के वरिष्ठ वर्ग में परवाणू शाखा से कसौली इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, दूसरे स्थान पर शिमला शाखा से दयानंद पब्लिक स्कूल तथा तीसरे स्थान पर सोलन शाखा से दयानंद आदर्श विद्यालय रहा। कनिष्ठ वर्ग में पहले स्थान पर बद्दी शाखा से क्रिसेंट मून पब्लिक स्कूल दूसरे स्थान पर शिमला ब्रांच से और तीसरे स्थान पर परवाणू ब्रांच से कसौली इंटरनेशनल स्कूल रहा।

सरकार समृद्ध संस्कृति एवं धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : नेगी

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ

राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर के सांगला घाटी के दौरे पर रहे।

इस दौरान नेगी ने दो दिवसीय टुकपा उत्सव का समापन करते हुए कहा कि मेले एवं त्योहारों के माध्यम से जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों में कठिन भौगोलिक परिस्थितयों के बावजूद भी आपसी मेल-जोल व भाइचारा बरकरार है। नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय जिलों की समृद्ध संस्कृति एवं धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है तथा इनके आयोजनों में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। किन्नौर की विविध संस्कृति, रीति-रिवाज, खान-पान व पहरावे को हमारी आने वाली पीढ़ी तक संरक्षित रखने के लिए मेले एवं त्योहारों का आयोजन आवश्यक है। सांगला घाटी के प्रथम दिन बागवानी मंत्री ने सांगला तहसील के थापासारिंग से केतरा संपर्क सड़क, बौद्ध मंदिर में दीया घर सांगला व वन विश्राम गृह सांगला के अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण किया। इसके उपरांत बासपा खड्ड पर सीवरेज प्लांट, रेशवाल महिला मंडल भवन से अप्पर रेशवाल तक संपर्क सड़क की आधारशिला रखी। नेगी ने बौद्ध मंदिर प्रांगण के नजदीक वर्षा शालिका की आधारशिला व बैठक स्थल की आधारशिला रखी। (अनंत ज्ञान)

बच्चों को स्वच्छता संबंधी दी जानकारी

स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मेयर उषा शर्मा।

अनंत ज्ञान, सोलन

नगर निगम सोलन के महापौर ऊषा शर्मा ने कहा कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से ही संपूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकती है। ऊषा शर्मा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। ऊषा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 से 2 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह प्रयास हम सभी को स्वच्छता के विषय में जागरूक बनाएगा। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि इस अभियान को सतत रूप से जारी रखें। छात्र सही मायनों में स्वच्छता के दूत हैं तथा वे अपने परिजनों के साथ-साथ अन्य को भी साफ-सफाई के विषय में जागरूक बना सकते हैं। इससे पहले मुख्यातिथि ने द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा स्वच्छता शपथ भी दिलाई। नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा स्कूल के बच्चों को स्वच्छता संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने जहां बच्चों से निजी स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया, तो वहीं स्कूल, घर व आसपास के परिवेश को भी साफ-सुथरा बनाए रखने का आह्वान किया। जीवन में स्वच्छता अपनाने से न केवल व्यक्ति शारीरिक तौर पर स्वस्थ बना रहता है, बल्कि पर्यावरण स्वच्छ व साफ-सुथरा रहने से हम विभिन्न बीमारियों से भी बचे रहते हैं।

दाती गांव के वीरेंद्र सिंह को मिलेगा डीजीपी डिस्क अवॉर्ड

अर्की। उपमंडल के गांव दाती से संबंध रखने वाले वीरेंद्र सिंह जो कि डिटेक्शन सेल सोलन में मुख्य आरक्षी के पद पर कार्यरत हैं, उनको डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र सिंह ने वर्ष-2023 में एसपी सोलन गौरव सिंह के नेतृत्व में चिट्टा, चरस आदि नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में उल्लेखनीय कार्य किया था। वीरेंद्र ने इन मामलों में संलिप्त प्रदेश समेत बाहरी राज्यों और विदेशी विशेषकर नाइजीरिया मूल के तस्करों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सोलन में पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के अभियान में भी अपना अहम योगदान दिया।

वार्ड मेंबर उपचुनाव में पंकज कुमार ने देविंद्र को हराया

नाहन। विकास खंड नाहन की पंचायत नावनी में रविवार को हुए वार्ड मेंबर के उपचुनाव में पंकज कुमार ने 27 मतों से चुनाव जीत लिया है। उपचुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया जमटा स्कूल में हुई। इस पंचायत में वार्ड मेंबर के लिए कुल 237 मत पड़े, जिसमें पंकज कुमार को 132 और देविंद्र सिंह को 105 मत हासिल हुए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत अधिकारी अभिषेक मित्तल ने बताया कि सिरमौर में रविवार को पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि नाहन विकास खंड की नावनी पंचायत में ही वार्ड नंबर-2 के लिए चुनाव प्रक्रिया अमल में लाई गई, जिसमें पंकज कुमार 27 मतों से विजयी घोषित किए गए। संगड़ाह विकास खंड की रजाना पंचायत के वार्ड नंबर-7 में कपिल देव और नाहन विकास खंड की बगड़ पंचायत के वार्ड नंबर-4 में मस्तराम को पहले ही निर्विरोध चुना जा चुका है।

आउटसोर्स आधार पर साक्षात्कार 6 अक्तूबर को

नाहन। जिला सिरमौर के स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आउटसोर्स आधार पर विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार 6 अक्तूबर को नाहन में आयोजित किए जाएंगे। मेसर्ज एनसीईएस कंपनी मैहली शिमला के प्रबंधक संचालन आकाश मेहरा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्टाफ नर्स, ओटीए, सीएचओ, फार्मासिस्ट, एसटीएस, टीवीएचवी महामारी विशेषज्ञ डीपीसी, परामर्शदाता पदों के लिए 6 अक्तूबर को प्रातः11 से शाम 5 बजे तक डॉ. वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नजदीक पायल होटल में साक्षात्कार प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

नाहन पंचायत प्रधान को मिला विशेष पुरस्कार

नाहन। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में विशेष सहयोग के लिए आंबवाला सैनवाला पंचायत के प्रधान संदीपक तोमर को महिला एवं विकास विभाग की ओर से विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विकास खंड नाहन के तहत आने वाली इस पंचायत में गत दिनों स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों को वाटर कूलर कम हॉट एंड कोल्ड रेफ्रिजरेटर वितरित किए। इससे नौनिहालों को मौसम के अनुसार गरम और ठंडा पानी उपलब्ध होगा। पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए पंचायत प्रधान का विशेष योगदान है। इसी कड़ी में पंचायत कार्यालय में गत शनिवार को पोषण दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित अभिभावकों को इस तरह के पोषक आहार बच्चों को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सीडीपीओ ने संदीपक तोमर को विशेष तौर पर सम्मानित किया।

कल से योग के महत्व बारे किया जाएगा जागरूक

पांवटा साहिब। आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर 2 अक्तू बर से योग सर्वोदय कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला और उपमंडल स्तर पर शहरी क्षेत्रों में आम जनमानस को स्वस्थ जीवन के लिए योग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। आयुष विभाग की उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर ने बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन शक्ति को बढ़ाता है। योग करने से शरीर लचीला और स्वस्थ बनता है, जिससे हमें रोगों से लड़ने की शक्ति मिलती है। डॉ. जसप्रीत कौर ने आगे बताया कि आयुष उपमंडल सूरजपुर द्वारा पांवटा साहिब शहर से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

मधुमक्खी पालन में प्राकृतिक खेती के पहलुओं को बताया

अनंत ज्ञान, नाहन

क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र धौलाकुआं में मधुमक्खी पालकों के लिए आयोजित मधुमक्खी पालन पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डॉ. एसएस पल्लियाल (सेवानिवृत्त एसोसिएट निदेशक, हरेक धौलाकुआं सीएसएचपीकेकेवी, पालमपुर) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने किसानों को मधुमक्खी पालन में प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और साथ ही किसान-वैज्ञानिक संगोष्ठी भी की गई। इस दौरान मधुमक्खी पालन की किट और भागीदारी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर सह-निदेशक क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, धौलाकुआं डॉ. प्रियंका और सभी स्टाफ सदस्यों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों और अनुसंधान केंद्र के कर्मचारियों की ओर से सभी किसानों और विशेषज्ञों का इस सफल आयोजन के लिए आभार जताया। दूसरे दिन उन्हें मधुमक्खियों के प्रकार, व्यवहार और रानी मधुमक्खी उत्पादन को उद्यम के रूप में समझाया गया। तीसरे दिन किसानों को एक्सपोजर विजिट और वैज्ञानिकों के व्याख्यान के लिए नौणी विश्वविद्यालय ले जाया गया, जहां उन्हें विशेषज्ञों (मीना ठाकुर, डॉ. दीपिका और डॉ. वीजीएस चंदेल) ने बीमारियों की जानकारी, विभिन्न मौसमों में मधुमक्खियों के प्रबंधन और उसके व्यावहारिक पहलुओं से परिचित करवाया। चौथे दिन अनुसंधान केंद्र, धौलाकुआं में डॉ. प्रियंका ठाकुर और डॉ. संजीव कुमार सान्याल ने किसानों को विभिन्न ब्लॉकों का परिचनात्मक दौरा करवाया, जहां उन्हें विभिन्न प्रकार के फलों और फूलों के पौधों के बारे में बताया गया।

गेयटी में प्रो. रणजोध सिंह की कहानी 'धर्मराज के दरबार में' पहले स्थान पर

अनंत ज्ञान, नाहन

भाषा एवं संस्कृति विभाग शिमला और कीकली चैरिटेबल ट्रस्ट शिमला के सौजन्य से शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में बाल रंग-मंच महोत्सव-2 का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल के चुनिंदा लेखकों की 15 कहानियों का चयन कर नाटक में परिवर्तित किया गया।

इन नाटकों का मंचन हिमाचल के विभिन्न स्कूलों द्वारा गेयटी थियेटर शिमला में किया गया। नालागढ़ के साहित्यकार प्रोफेसर रणजोध सिंह द्वारा रचित कहानी 'धर्मराज के दरबार में' जिसमें मानव को पृथ्वी विनाश का मूल कारण बताया गयाख जिसका नाटकीय मंचन गेयटी थियेटर के गोथिक हॉल में सेंट एडवर्ड स्कूल शिमला के छात्रों द्वारा किया गया। इस नाटक को बेस्ट परफॉर्मेंस की श्रेणी में प्रथम स्थान दिया गया। इसके अलावा धर्मराज का किरदार निभाने वाले छात्र शौर्य भारद्वाज को भी पुरस्कृत किया गया।

नाहन के पडदुनी गांव में भारी बारिश से धान की फसल नष्ट

अनंत ज्ञान, नाहन

नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले गांव पडदुनी में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। यहां क्षेत्र के किसानों की सैकड़ों बीघा भूमि में लगी धान की फसल तबाह हो गई है।

फसल समेत खेत खलियान का भारी बारिश से नदी, नालों में आए पानी ने नामो निशान मिटा दिया है। स्थानीय किसानों ने बताया कि उनकी सैकड़ों बीघा भूमि में धान की नकदी फसल लगी थी। क्षेत्र में एक प्रमुख धान की नकदी फसल की बंपर पैदावार की जाती है, लेकिन इस बार भारी बारिश ने सैकड़ों बीघा भूमि में धान की फसल को बर्बाद कर रख दिया है। नाथूराम चौहान ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की नकदी फसलों समेत रिहायशी मकान खेत खलियान तबाह हो गए हैं। जिला प्रशासन समेत सत्ताधारी नेताओं की अगर बात करें, तो वह केवल मात्र मौके पर पहुंच फोटो खिंचवाने तक सीमित रहे, लेकिन अभी तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं दी गई है जल्द किसानों को मुआवजा राशि दी जाए।

डगयाली नाच व सिंहटू नृत्य का भोपाल में धमाल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

सिरमौर जनपद के गिरिपार हाटी जनजातीय क्षेत्र के लोक कलाकारों ने मध्य प्रदेश जनजातीय संग्राहालय भोपाल में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतिरूप नृत्योत्सव में सिंहटू नृत्य और डगयाली नाच का प्रदर्शन किया।

इस नृत्य उत्सव का आयोजन जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद् के सौजन्य से किया गया। तीन दिवसीय प्रतिरूप नृत्योत्सव का शुभारंभ 27 को हुआ। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे, पद्मश्री दुर्गाबाई तथा पद्मश्री ओमप्रकाश भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एवं वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि भारत वर्ष के अनेक राज्यों में प्रचलित मुखौटा नृत्यों पर केंद्रित राष्ट्रीय स्तरीय नृत्योत्सव में डॉ. हाब्बी के नेतृत्व में गिरिपार के सिंहटू और डगयाली नाच की प्रस्तुति को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। डगयाली नृत्य का पर्व कृष्ण जन्माटमी के पश्चात आने वाली त्रयोदश और चतुर्दश की रात्रि को होता है तथा सिंहटू नृत्य सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र के लेऊनाना व कुप्फर गांव में दिपावली और एकादशी के दिन किया जाता है। सिंहटू नृत्य और डगयाली नृत्य में कई प्रकार के मुखोटों को पहनकर नृत्य किया जाता है, जो देखने वालों को बरबस ही अपनी और आकर्षित करते हैं। मुखौटा नृत्यों पर केंद्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय नृत्य समारोह में डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व में चूड़ेश्वर लोक नृत्य सांस्कृतिक मंडल के कलाकारों में सुप्रसिद्ध लोक गायक रामलाल वर्मा, गोपाल हाब्बी तथा बिमला चौहान, शहनाई व बांसुरी वादक बलदेव आदि कलाकार शामिल थे।

चर्चा अर्की कॉलेज में समकालीन साहित्य में विविध विमर्शों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दलित, स्त्री, किन्नर व आदिवासी विमर्श पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की

अर्की कॉलेज में समकालीन साहित्य में राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने वक्तव्य देते साहित्यकार।

अर्की कॉलेज में समकाल

न्यूज ब्रीफ

एएनसीए वास्कुलिटिस के लिए बनाई गाइडलाइंस

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। चंडीगढ़ के रूमेटोलॉजिस्ट ने एएनसीए वास्कुलिटिस (एएवी) के इलाज के लिए गाइडलाइंस तैयार की है। यह एक गंभीर बीमारी है, जो फेफड़ों और किडनी जैसे अंगों को जल्दी प्रभावित कर सकती है। यदि समय पर इलाज न किया गया, तो यह स्थायी नुकसान या मृत्यु का कारण बन सकती है। इस बीमारी के उपचार में सूजन कम करने वाली दवाओं का उपयोग किया जाता है। पहले, इस तरह की बीमारियों के लिए दिशा-निर्देश विकसित देशों से आए थे, लेकिन भारत के लिए कोई दिशा-निर्देश नहीं थे। पीजीआई प्रोफेसर अमन शर्मा की अगुवाई में भारतीय शोधकर्ताओं की एक टीम ने ये दिशा-निर्देश बनाए हैं। ये दिशा-निर्देश ऑटोइम्यूनिटी रिव्यूज नाम की एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। पीजीआई में पिछले 20 वर्षों में एएवी के 500 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है। इन दिशा-निर्देशों के पहले लेखक डॉ. शंकर नायडू और डॉ. आधार धूरिया हैं, जबकि प्रोफेसर शर्मा प्रमुख लेखक हैं।

दो बदमाश मोहाली पुलिस ने किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्या में आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग के दो बदमाशों को मोहाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नितीश कुमार उर्फ निक्कू राणा और गुरकीरत सिंह बेदी के तौर पर हुई है। ये दोनों गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और यूएसए में बैठे गोल्डी बरार गैंग के सदस्य हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद डेराबस्सी स्थित इमीग्रेशन ऑफिस में हुई फायरिंग की घटना भी सुलझी है। वहीं आरोपियों से हथियार भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्तौल और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपी महिंद्रा बोलेरो गाड़ी में सवार थे। पुलिस ने गाड़ी को भी जब्त किया है। 19 सितंबर 2024 को मोहाली के डेराबस्सी में एक इमीग्रेशन ऑफिस पर हुई फायरिंग के बाद इन दोनों अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने इस हमले के पीछे के मास्टरमाइंड की पहचान कर ली है।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की बढ़ी मुश्किलें

बेंगलुरु। कर्नाटक के बहुचर्चित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में हुए घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पीएमएलए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पिछले हफ्ते कर्नाटक लोकायुक्त ने कर्नाटक के सीएम और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। विशेष अदालत ने भी मामला दर्ज करने का दिया था आदेश। आरोप है कि कर्नाटक के सीएम की प ी को 2011 में कथित तौर पर मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से तमाम नियमों को ताक पर रखकर 14 हाउसिंग साईट दी थीं। अब जल्द ईडी मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर जांच कर सकती है।

बस के प्रतीक्षालय से टकराने में तीन की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के बटाला इलाके में सोमवार को एक निजी बस के सड़क किनारे बने प्रतीक्षालय से टकराने की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बटाला-कादियां रोड पर शाहबाद गांव के पास उस समय हुई, जब बस चालक ने एक दोपहिया वाहन को बचाने के लिए बस को अचानक मोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अमृतसर के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि दस से बारह अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उन्हें बस दुर्घटना की खबर मिली है। मान ने एक पोस्ट में कहा, 'मैंने प्रशासन से बात की है और अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।'

सीएम मान को अस्पताल से छुट्टी मिली

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह जीवाणु संक्रमण 'लेप्टोस्पायरोसिस' से पीड़ित थे। उन्हें दोपहर दो बजे अस्पताल से छुट्टी मिली। फोर्टिस अस्पताल के निदेशक और हृदय रोग विभाग के प्रमुख डॉ. आर. के. जसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य संबंधी सभी जांच सामान्य पाए जाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी देने का फैसला किया। इससे पहले, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने अस्पताल जाकर मान का हालचाल पूछा। कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने भी अस्पताल में मुख्यमंत्री से भेंट की।

महाराष्ट्र के अमरावती में लगे भूकंप के झटके

नागपुर। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार दोपहर को 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। उपजिलाधिकारी (रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर) अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है।

असम के सोनापुर में बुलडोजर एक्शन पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के सोनापुर में तोड़फोड़ मूवमेंट पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। असम के सोनापुर इलाके के 40 से ज्यादा रहवासियों ने अवमानना याचिका दायर की। इसमें देशभर में बिना पूर्व अनुमति के तोड़फोड़ की प्रथा पर रोक लगाने वाले शीर्ष अदालत के 17 सितंबर के अंतरिम आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कोर्ट के पहले आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की मांग पर नोटिस देकर जवाब मांगा है।

अमेरिका में तूफान से अब तक 100 की मौत

पेरी (अमेरिका)। अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में 'हेलेन' तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर रविवार को 100 हो गई और प्राधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

अभिनेता सिद्दीकी को अग्रिम जमानत दी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी को बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तारी से सोमवार को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। पीठ ने सिद्दीकी की याचिका पर सुनवाई के दौरान केरल सरकार और मामले की पीड़िता को नोटिस जारी किया। सिद्दीकी ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

बांग्लादेश में आए डेंगू के 1,221 मामले

ढाका। बांग्लादेश में एक दिन में 1,221 डेंगू बुखार के मामले सामने आए हैं, जो इस साल में एक दिन में आने वाले सबसे ज्यादा मामले हैं। यह संख्या रविवार को पिछले 24 घंटों में दर्ज की गई। इसी अवधि के दौरान डेंगू बुखार के चलते आठ लोगों की मौत हो गई, जिससे इस साल अब तक मरने वालों की संख्या 158 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ताजा संक्रमण के मामलों से बांग्लादेश में डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 29,786 हो गई है।

भारतपे और अशनीर ग्रोवर में समझौता

नई दिल्ली। फिनटेक कंपनी भारतपे और कंपनी के को फाउंडर अश्नीर ग्रोवर के बीच का विवाद खत्म हो गया है। विवाद खत्म होने के साथ ही दोनों के बीच के सारे रिश्ते भी खत्म हो गए हैं। दोनों पार्टीज ने आपसी सहमति से यह समझौता किया, जिसके साथ ही दोनों के बीच सारे कानूनी और सार्वजनिक विवाद खत्म हो गए हैं। इसके साथ अश्नीर ग्रोवर अब भारतपे के साथ किसी भी तरह से नहीं जुड़े रह पाएंगे।

नकली नोट देकर खरीद लिया 1.60 करोड़ का सोना, बापू की जगह अनुपम खेर की फोटो

एजेंसी, नई दिल्ली

गुजरात में नकली नोटों से फ्रॉड का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ये नकली नोट एक सराफा व्यापारी मेहुल ठक्कर के पास से जब्त किए गए हैं।

व्यापारी ने बताया कि उन्हें एक करोड़ 30 लाख रुपए की यह कैश रकम एक व्यक्ति ने सोने के 2100 ग्राम बिस्किट खरीदने के एवज में दी थी। जब मशीन से गिनती की जाने लगी तो इन नोटों के नकली होने का पता चला। नोटों पर महात्मा गांधी की जगह बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर की तस्वीर छपी हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जगह पर रिसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ ठगने के आरोप में दो गिरफ्तार

एजेंसी, लुधियाना

पॉल ओसवाल

पंजाब पुलिस ने जाने-माने उद्योगपति पॉल ओसवाल से सात करोड़ रुपए ठगने वाले अंतरराज्यीय साइबर जालसाजों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया।

लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह के सात अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और पश्चिम बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एस पी ओसवाल के विभिन्न बैंक खातों से सात करोड़ रुपए की निकासी कर धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

पुलिस की साइबर सेल ने ओसवाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया और कहा कि उसने 48 घंटे के भीतर मामले को सुलझा लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान अतनु चौधरी और आनंद कुमार चौधरी (दोनों असम के गुवाहाटी निवासी) के रूप में हुई है। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी ऐसी घटना है। इससे पहले, एक स्थानीय उद्योगपति से कुछ जालसाजों ने 1.01 करोड़ रुपए की ठगी की थी।

रजनीश आहूजा को भी उस वक्त ठगा गया था जब जालसाजों ने दावा किया था कि जबरन वसूली की रकम उनके बैंक खाते में ट्रांसफर हुई है। जालसाजों ने उन्हें गिरफ्तारी वारंट की धमकी भी दी थी।

रेलवे ट्रैकों पर तीन अक्तूबर को धरना देंगे किसान

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

पंजाब में किसान एक बार फिर से रेलवे ट्रैकों पर धरना देने जा रहे हैं। इस बार बड़े स्तर पर धरना दिया जाएगा। किसानों ने 3 अक्तूबर को धरने का एलान किया है। पंजाब में कई जिलों में किसान रेलवे ट्रैक पर धरना देंगे और ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित करेंगे।

3 अक्तूबर को किए जाने वाले रेल रोको आंदोलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए किसान नेता सतनाम सिंह साहनी की अध्यक्षता में जत्थेबंदियों ने बैठक की। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि भाजपा ने लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य आरोपी पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और उसके बेटे आशीष मोनू मिश्रा को सजा न मिलने के विरोध में और एमएसपी समेत बाकी 12 मांगों को लेकर 3 अक्तूबर को 3 घंटे का देशव्यापी रेल रोको आंदोलन करने का एलान किया है। (अनंत ज्ञान)

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा का भाजपा अध्यक्ष जतिंदर ने किया स्वागत

चंडीगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र को अपग्रेड करने पर जोर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के पंचकूला आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार और उसके अपग्रेडेशन को लेकर विशेष चर्चा की गई।

जतिंदर पाल मल्होत्रा ने केंद्रीय मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ का स्वास्थ्य ढांचा अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं न केवल चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए लाभकारी होंगी, बल्कि यह क्षेत्रीय स्वास्थ्य केंद्र के रूप में भी उभर सकता है, जिससे पड़ोसी राज्यों के नागरिक भी लाभान्वित होंगे। मल्होत्रा ने कहा कि चंडीगढ़ में स्वास्थ्य क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं और नई तकनीकों से लैस करना बेहद जरूरी है ताकि नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसका सीधा प्रभाव यहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की वर्किंग और दक्षता पर पड़ेगा, जिससे हर वर्ग को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि चंडीगढ़ को देश के अग्रणी स्वास्थ्य केंद्रों में से एक बनाया जा सके।

चालू खाता घाटा जीडीपी का 1.1 प्रतिशत हुआ

मुंबई। देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1 प्रतिशत हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का एक प्रतिशत था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। पिछली जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5 प्रतिशत अधिशेष की स्थिति में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी के लिए वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं। इसके साथ ही कंप्यूटर सेवाओं, कारोबारी सेवाओं, यात्रा सेवाओं और परिवहन सेवाओं में वृद्धि देखी गई है।

गांधी जयंती : नगर निगम चंडीगढ़ ने 155 स्थानों पर चलाया 'सफाई अभियान'

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

शहर में स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने और स्वच्छता मानकों में सुधार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के हिस्से के रूप में अपनी मंडी, सेक्टर-34 में एक समुदाय के नेतृत्व वाले मेगा सफाई अभियान का आयोजन किया।

यह पहल 155वीं गांधी जयंती के उत्सव के साथ हुई, जिसके दौरान 17 सितंबर से 30 सितंबर के बीच 155 स्थानों पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। आज अपनी मंडी में सफाई अभियान में संयुक्त आयुक्त सहित लगभग 500 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। गुरिंदर सिंह सोढ़ी, एमओएच डॉ. इंदरदीप कौर, एरिया पार्षद प्रेम लता, ब्रांड एम्बेसडर प्रवीण दुग्गल, एमसीसी अधिकारी, नागरिक और स्वच्छता चैंपियन सभी ने मिलकर इस सामूहिक स्वच्छता पहल के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लगभग 2900 किलोग्राम कचरा एकत्र किया गया, जिसमें सूखा कचरा, गीला कचरा, सी एंड डी (निर्माण और विध्वंस) कचरा और नारियल कचरा शामिल था, जिसे समर्पित प्रसंस्करण संयंत्रों में भेजा गया था। 17 सितंबर से 30 सितंबर के बीच 155 स्थानों पर चलाया गया व्यापक स्वच्छता अभियान जोश और उत्साह से भरा था। इसने जीवन के सभी क्षेत्रों से संगठनों, विभागों, स्कूलों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया। प्रतिभागियों में बच्चे, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, कॉलेज के छात्र, मशहूर हस्तियां और प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। सफाई के प्रयासों में प्रत्येक वार्ड के भीतर विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिसमें रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) द्वारा बनाए गए पार्क, बाजार क्षेत्र और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) द्वारा साफ की गई उनकी पिछली गलियां, सार्वजनिक शौचालय, स्कूल, वन क्षेत्र, मंडियां, परिवहन केंद्र, गौशालाएं शामिल हैं।

यह समावेशी प्रयास चंडीगढ़ के नागरिकों की सामूहिक भावना और स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को उजागर करता है।

देश-विदेश

खड़गे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि जम्मू रैली में कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खड़गे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

रैली में खड़गे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने अपना भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में अत्यंत खराब और अपमानजनक व्यवहार किया है।

शाह को मणिपुर, जाति जनगणना मुद्दों पर देना चाहिए ध्यान : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। शाह की टिप्पणी पर खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92 प्रतिशत कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी/एसटी, ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व सभी वर्ग कौन-कौन से कार्यों के जरिए अपना जीवन-यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

बिहार में बाढ़ से 4 लाख लोग प्रभावित

पटना। बिहार में कोसी और गंडक सहित सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं। हालांकि, राहत वाली बात है कि वीरपुर के कोसी बैराज, वाल्मीकिनगर के गंडक बैराज पर जलस्राव में कमी आई है। प्रदेश के 16 जिलों के 31 प्रखंड के चार लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। जल संसाधन विभाग के मुताबिक, वीरपुर बैराज में कोसी का जलस्राव सोमवार को सुबह छह बजे 2,65,530 क्यूसेक था, जबकि 10 बजे यह घटकर 2,54,385 क्यूसेक हो गया है। इसी तरह वाल्मीकिनगर बैराज में सुबह 10 बजे गंडक का जलस्राव भी 1,55,600 लाख क्यूसेक है। इस बीच, प्रदेश की सभी प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का वैल्यूएशन 79 फीसदी घटा

एजेंसी, नई दिल्ली

ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म फिडेलिटी की ओर से एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) की वैल्यूएशन को 78.7 प्रतिशत घटाकर 9.4 अरब डॉलर कर दिया है।

अरबपति टेक कारोबारी की ओर से 44 अरब डॉलर में अक्तूबर 2022 में एक्स प्लेटफॉर्म को खरीदा गया था।

कंपनी की ओर से की गई फाइलिंग के हवाले से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि अगस्त के अंत में एक्स का मूल्य अब उसके 44 अरब डॉलर के खरीद मूल्य के एक चौथाई से भी कम रह गया है। फंड की ओर से एक्स में उसकी हिस्सेदारी का मूल्य करीब 4.18 मिलियन डॉलर आंका गया है। जुलाई में इसकी वैल्यू 5.5 मिलियन डॉलर थी। रेगुलेटरी नियामकों में घोषित किए गए तथ्यों के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट पर एक्स, फिडेलिटी और मस्क की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है। मई में मस्क की ओर से लाई जा रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से भविष्य की टेक्नोलॉजी में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ाने के लिए 6 अरब डॉलर की राशि जुटाई गई थी।

इमरजेंसी फिल्म में बदलाव के लिए जी स्टूडियो तैयार

मुंबई। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रोडक्शन कंपनी जी स्टूडियो के वकील ने बॉम्बे हाईकोर्ट से कहा कि हम फिल्म में जरूरी बदलाव के लिए तैयार हैं। हमने सीबीएफसी की ओर से सुझाए गए बदलावों को लागू करने का एक फॉर्मेट भी बनाया है। अब इस मामले पर 3 अक्तूबर को सुनवाई होगी।

नेपाल में बाढ़ और भू-स्खलन से अब तक 200 लोगों की मौत

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भू-स्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई, जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं।

नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। कार्यवाहक पीएम प्रकाश मान सिंह की सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया।

मिथुन को मिलेगा 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार

एजेंसी, नई दिल्ली

अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने उन्हें 'दादा साहेब फाल्के' पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। पीएम ने कहा कि प्रसन्नता है कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वह एक सांस्कृतिक आदर्श हैं और उनकी बहुमुखी प्रतिभा के लिए उन्हें पीढ़ियों से सराहा जाता रहा है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

वहीं राजनाथ सिंह और अमित शाह ने भी बधाई दी है। चक्रवर्ती ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं।

सुनामी की तरह अडाणी के खातों में आता है पैसा : राहुल

एजेंसी, अंबाला

हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को राहुल गांधी ने अंबाला में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अडाणी डानी खेत में मेहनत नहीं करते, कोई छोटा व्यापार नहीं करते, लेकिन हर सुबह उनके बैंक अकाउंट में सुनामी की तरह पैसा आ रहा है। जितना पैसा उनके अकाउंट में सुनामी की तरह घुस रहा है, उतना ही पैसा आपके बैंक अकाउंट से तूफान की तरह निकलता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिला शक्ति योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2000 रुपए जमा किए जाएंगे। एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे। हम सामाजिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करेंगे और विधवाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बैंक खातों में हर महीने 6000 रुपये जाएंगे। एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यहां का किसान पूरे देश का अन्नदाता है। आपने आंदोलन किया। आपको कहा गया कि एमएसपी मिलेगी, आपके साथ विश्वासघात हुआ। नौजवानों को रोजगार नहीं मिला। आपने देखा कि हाल ही में ओलंपिक में क्या हुआ। सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर रही है। एक भी भर्ती नहीं होती है।

सेंसेक्स 1272 और निफ्टी में 368 अंक की गिरावट

मुंबई। महीने के आखिरी कारोबारी दिन 30 सितंबर को सेंसेक्स 1272 अंक की गिरावट के साथ 84,299 के स्तर पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 368 अंक की गिरावट रही, ये 25,810 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में गिरावट और 9 में तेजी रही। हस्श्व के ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

हमला जासूसी के इतिहास की सबसे बड़ी 'सेंधमारी', हमले जारी

इसराइल को नसरल्लाह की पता थी लोकेशन

एजेंसी, बेरूत

लेबनान में इसराइली हमलों ने हिजबुल्लाह की कमर तोड़ कर रख दी है। शुक्रवार रात इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के एक बड़े हमले में लेबनानी आतंकी संगठन का चीफ हसन नसरल्लाह भी मारा गया। नसरल्लाह यहूदी राष्ट्र के लिए पिछले कई दशकों से दुश्मन नंबर एक बना हुआ था।

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि इसराइल के पास एक मजबूत जासूसी नेटवर्क है। दावा किया है कि ईरानी जासूस ने हमले से पहले इसराइल को नसरल्लाह के ठिकाने के बारे में जानकारी दी थी। ईरान न सिर्फ हिजबुल्लाह का सबसे बड़ा समर्थक बल्कि उसने इस संगठन को खड़ा करने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हिजबुल्लाह के सामने इस वक्त संगठन की भीतरी घुसपैठ को रोकने की बड़ी चुनौती है। इस कथित घुसपैठ ने इसराइल को उसके हथियार भंडारों को नष्ट करने, संचार साधनों पर अंकुश लगाने और उसके सीनियर्स लीडर्स की हत्या करने का मौका दिया।

इसराइल ने आवासीय इलाकों में दागे ड्रोन

इसराइल ने पहली बार बेरूत के आवासीय इलाकों पर दागे ड्रोन हैं और कई लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं, हिजबुल्लाह ने इजरायली हवाई हमले में सीनियर नेता अली कराकी की मौत की पुष्टि की है। इसराइली सेना का दावा है कि नसरल्लाह के साथ 20 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। इसराइल की बेरूत में एयर स्ट्राइक, फिलिस्तीनी ग्रुप के तीन सदस्यों की मौत हुई है। वहीं, अमेरिका ने सीरिया में आईएसआईएस और अलकायदा से जुड़े आतंकी ग्रुप्स के दो ठिकानों पर हमला किया। इसमें 37 आतंकी मारे गए हैं। अमेरिकी सेना ने बताया कि सीरिया में दो अलग-अलग दिन ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

स्पोर्ट्स विंडो

चोटिल समित द्रविड़ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले अंडर-19 मैच से बाहर

चेन्नई। चोटिल समित भारत की अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच यहां सोमवार से शुरू हुए पहले चार दिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं और दूसरे मैच तक भी उनके फिट होने की संभावना नहीं है। घुटने की चोट से जूझ रहे समित इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। उनका पुडुच्चेरी में भारत की अंडर-19 टीम में पदार्पण तय लग रहा था, लेकिन वह तीन युवा वनडे मैच नहीं खेल सके। भारत ने सीरीज 3-0 से जीती। मुख्य कोच रिषिकेश कानिटकर ने कहा ,''वह फिलहाल एनसीए में है और घुटने की चोट से उबर रहा है। अभी कुछ कह नहीं सकते। उसका खेलना मुश्किल है।'' भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित के पास यह अंडर-19 स्तर पर खेलने का आखिरी मौका है। वह 11 अक्तूबर को 19 साल के हो जाएंगे और आईसीसी अंडर-19 विश्व कप-2026 भी नहीं खेल सकेंगे।

अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों का डीएसजेए करेगा सम्मान

नई दिल्ली। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के.दत्ता और सीएस रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए 'स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई)' का एक सहयोगी है जिसे 'इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए)' द्वारा मान्यता प्राप्त है।

रेलवे ने एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी खिताब जीता

चेन्नई। गत चैंपियन भारतीय रेलवे आरएसपीबी ने इंडियन आइल कार्पोरेशन (आईओसी) को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय रेलवे ने आक्रामक शुरूआत की और 7वें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। समरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढ़त दोगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनट में गुरजिंद्र सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

खूबसूरती से कहर ढाती अन्ना कुर्निकोवा

नई दिल्ली । महज 21 साल की उम्र में टेनिस को अलविदा कहने वाली अन्ना कुर्निकोवा को भला कौन नहीं जानता। दुनिया की सबसे सुंदर महिला कहा जाए तो इसमें अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए। रूस की इस पूर्व टेनिस स्टार को एफएचएम मैगजीन ने विश्व की सबसे सुंदर महिला बताया था। अन्ना कुर्निकोवा ने करीब 15 साल की उम्र में पेशेवर टेनिस डेब्यू किया था। कुर्निकोवा के फैंस आज भी लाखों में हैं। बैक इंजरी की वजह से उन्हें 21 की उम्र में टेनिस को अलविदा कहना पड़ा। 41 की उम्र में भी वह अपनी खूबसूरती से कहर ढाती हैं।

कानपुर टेस्ट | वर्षाबाधित टेस्ट के आखिरी दिन निकल सकता है नतीजा

भारत ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

एजेंसी, कानपुर

स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने वर्षाबाधित दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म होने से पहले बांग्लादेश के दो विकेट चटकाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और अब आखिरी दिन भी परिणाम निकलने की उम्मीद दिख रही है। बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं होने के बाद चौथे दिन सोमवार को मैच में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले।

बांग्लादेश ने मोमिनुल हक के शतक की मदद से पहली पारी में 233 रन बनाए जिसके बाद भारत ने टी-20 तेवरों से बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन पर घोषित की। जवाब में चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर बांग्लादेश ने दो विकेट 26 रन पर गंवा दिए और वह अभी भी भारत के पहली पारी के स्कोर से 26 रन पीछे है।

भारत ने सबसे तेज 50 व 100 और 200 रन बनाए

भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को सबसे तेज 50, 100 और 200 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले।

इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से 12.2 ओवर में तिहरा अंक छुआ था। इसके बाद भारत ने सबसे तेज 200 रन का आस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पाकिस्तान के खिलाफ 2017 के सिडनी टेस्ट में बनाया था। भारत ने 24.2 ओवर में ही 200 रन बना डाले।

जडेजा 300 टेस्ट विकेट लेने वाले 7वें भारतीय बने

रवींद्र जडेजा भारत के लिए 300 विकेट लेने वाले 7वें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। भारत के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417) , ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश (पहली पारी)	रन	गेंद	4/6
जाकिर क. जायसवाल ब. आकाश	00	24	0/0
इस्लाम पगबाधा ब. आकाश	24	36	4/0
हक (नाबाद)	107	194	17/1
शंटो पगबाधा ब. अश्विन	31	57	6/0
रहीम ब. बुमराह	11	32	2/0
लिट्टन क. रोहित ब. सिराज	13	30	3/0
शाकिब क. सिराज ब. अश्विन	09	17	2/0
मिराज क. गिल ब. बुमराह	20	42	4/0
तेजुल ब. बुमराह	05	08	1/0
हसन पगबाधा ब. सिराज	01	04	0/0
खालिद क. एंड ब. जडेजा	00	04	0/0
अतिरिक्त	12		
कुल : (74.2 ओवर)	**233/10**		

विकेट पतन : 1-26, 2-29, 3-80, 4-112, 5-148, 6-170, 8-224, 9-231, 10-233.
गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1.

भारत (पहली पारी)	रन	गेंद	4/6
जायसवाल ब. हसन	72	51	12/2
रोहित ब. मिराज	23	11	1/3
गिल क. हसन ब. शाकिब	39	36	4/1
पंत क. हसन ब. शाकिब	09	11	0/0
कोहली ब. शाकिब	47	35	4/1
राहुल स्टं. लिट्टन ब. मिराज	68	43	7/2
जडेजा क. शंटो ब. मिराज	08	13	0/0
अश्विन ब. शाकिब	01	04	0/0
आकाश क. खालिद ब. मिराज	12	05	0/2
अतिरिक्त	05		
कुल : (34.4 ओवर)	**285/9**		

विकेट पतन : 1-55, 2-127, 3-141, 4-159, 5-246, 6-269, 7-272, 8-284, 9-285., **गेंदबाजी :** हसन 6-0-66-1, खालिद 4-0-43-0, मिराज 6.4-0-41-4, तेजुल 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4.

बांग्लादेश (दूसरी पारी)	रन	गेंद	4/6
इस्लाम (नाबाद)	07	40	10
जाकिर पगबाधा ब. अश्विन	10	15	1/0
हसन ब. अश्विन	04	09	1/0
हक (नाबाद)	00	02	0/0
अतिरिक्त	05		
कुल : (11 ओवर)	**26/2**		

विकेट पतन : 1-18, 2-26., **गेंदबाजी :** बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश 3-2-4-0.

बाबर और कोहली की तुलना बेबुनियाद कोहली काफी आगे : जहीर अब्बास

एजेंसी, शारजाह

पाकिस्तान के महान बल्लेबाज जहीर अब्बास का मानना है कि विराट कोहली और बाबर आजम के बीच तुलना बेबुनियाद है क्योंकि कोहली काफी आगे हैं।

एक समय कोहली, केन विलियम्सन, स्टीवन स्मिथ और जो रूट के साथ 'फैब फाइव' का हिस्सा रहे बाबर इस समय खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। अब्बास ने कहा ,'' ये फिजूल की बातें हैं। विराट कोहली हर मैच में रन बनाता है और बाबर किसी मैच में नहीं। आप कैसे तुलना कर सकते हैं। जो रन बनाता है, वही बड़ा खिलाड़ी है।'' कोहली 80 अंतरराष्ट्रीय शतक जमा चुके हैं जबकि उनसे काफी छोटे बाबर के नाम 31 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं।

अब्बास ने कहा कि भारत ने विभिन्न प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब की प्रबल दावेदार टीम होगी।

रणजी चैंपियन मुंबई और शेष भारत के बीच जोरदार मुकाबले की उम्मीद

एजेंसी, लखनऊ

रणजी चैंपियन मुंबई और शेष भारत की टीमें मंगलवार से ईरानी ट्रॉफी के लिए लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जोर आजमाइश करेंगी।

इस अहम मुकाबले से पहले मुंबई को करारा झटका लगा है। उसके प्रमुख ऑलराउंडर मुशीर खान हाल ही में हुए एक सड़क हादसे में जख्मी होने के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मुशीर ने इस महीने की शुरूआत में दलीप ट्रॉफी में भारत-बी के लिए खेलते हुए भारत-ए के खिलाफ 181 रन बनाए थे।

ईरानी कप मौजूदा रणजी चैंपियन और देश के शेष राज्यों के खिलाड़ियों की टीमों के बीच घरेलू क्रिकेट कैलेंडर का अहम मुकाबला होता है। नवाबों के शहर लखनऊ में पहली बार ईरानी कप का मुकाबला खेला जाएगा। इकाना स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के ही लिए मुफीद मानी जाती है। ऐसे में यहां एक अच्छा मुकाबला होने की संभावना है। रणजी चैंपियन मुम्बई अब तक 14 बार ईरानी कप पर कब्जा कर चुकी है जबकि शेष भारत 30 बार यह ट्रॉफी अपने नाम कर चुका है। पिछले साल इस ट्रॉफी के लिए हुए मुकाबले में शेष भारत ने तत्कालीन रणजी चैंपियन सौराष्ट्र को 175 रनों से हराया था।

मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान अजिंक्या रहाणे, पृथ्वी शॉ और तनुष कोटियान पर होगा जबकि गेंदबाजी में अनुभवी शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी के प्रदर्शन पर निगाहें होंगी।

▶▶ सुबह 9.30 से शुरू होगा मैच

जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई, जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही।

मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया। लक्षिता व प्रमोद की जोड़ी ने कनिष्का डागर व मुकेश नेलावली की जोड़ी पर 16-8 से जीत दर्ज की। जर्मनी ने स्वर्ण जीता जबकि यूक्रेन को रजत पदक मिला।

हमारे पास मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ': लक्ष्मण

बेंगलुरु । बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में ऐसी 'बेंच स्ट्रेंथ' है कि अगले एक दशक तक हर प्रारूप में विश्व क्रिकेट में भारत का दबदबा बनाने में मदद कर सकते हैं।

लक्ष्मण 2021 में राहुल द्रविड़ के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख बने थे। अब एनसीए को ही उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) में बदल दिया गया है जिसका उद्घाटन रविवार को हुआ। लक्ष्मण का कार्यकाल इस साल की शुरूआत में खत्म हो गया था, लेकिन इसमें एक साल का विस्तार दिया गया।

लक्ष्मण ने कहा ,'' मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हमारे पास इतने खिलाड़ी हैं कि अगले दस साल तक भारत को गौरवान्वित कर सकते है।''

एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

एजेंसी, मैड्रिड

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच बीच में रोकना पड़ा , जब एटलेटिकों के प्रशंसकों ने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को 'लॉकर रूम' में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था, जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया, जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा।

स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी।

हिमाचल सीनियर हॉकी टीम के लिए हुआ खिलाड़ियों का ट्रायल

ऊना के इंदिरा स्टेडियम में हॉकी टीम के चयन के लिए पहुंचे खिलाड़ी चयनकर्ताओं के साथ

अनंत ज्ञान, ऊना

इंदिरा स्टेडियम में हॉकी सीनियर वर्ग टीम का ट्रायल किया गया। ट्राइल में प्रदेश भर के हॉकी खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का कैंप के लिए चयन किया जाएगा। कैंप के बाद टीम का चयन किया जाएगा।

बता दें जो खिलाड़ी हॉकी इंडिया से पंजीकृत हैं उन खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में भाग लिया। ऊना में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 के लिए 25 सीनियर पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया। चयन प्रक्रिया में 60 पुरुष खिलाडियों ने भाग लिया। इन चयनित खिलाड़ियों में 18 खिलाड़ियों का चयन हिमाचल की सीनियर पुरुष टीम के लिए किया जाएगा। सीनियर पुरुष प्रतियोगिता चेन्नई में 4 नवंबर से 15 नवंबर को आयोजित की जा रही है। पुरुष खिलाड़ियों का चयन प्रक्रिया में अजीत ठाकुर, आशीष सेन, प्रोमिला शर्मा, धर्मेंद्र सिंह राणा, लकविंद्र सिंह लखी, सुरिंद्र सिंह, जगतार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर हॉकी इंडिया हिमाचल के जरनल सेक्रेटरी रोमेश पठानिया भी उपस्थित थे।

क्रिकेट | डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर जीता अंतिम एकदिवसीय मैच

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-2 से हराया

एजेंसी, ब्रिस्टलॉ

आस्ट्रेलिया ने निर्णायक 5वें एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को सीरीज में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 310 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन उस समय बारिश हो गई जब आस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की।

सीरीज के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे आस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिशेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीवन स्मिथ ने कप्तानी की।

ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीवन स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे, जब मैच खत्म करने का फैसला किया था। इससे पहले इंग्लैंड ने 49.2 ओवर में 309 रन बनाए, जिसमें बेन डकेट के 91 गेंद में 107 रन और हैरी ब्रूक के 52 गेंद में 72 रन शामिल है।

इंग्लैंड को पांच वनडे मैचों की सीरीज में हराने के बाद विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी।

देर से बारिश ने बिगाड़ा इंग्लैंड का खेल

अगर ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में 20 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाती तो मैच बिना किसी परिणाम के रद्द हो जाता और सीरीज 2-2 से समाप्त हो जाती। लेकिन देर से हुई बारिश से ऑस्ट्रेलिया जीत गया। इंग्लैंड अगर चार ओवर स्पिन गेंदबाजी नहीं करता, तो पारी को और आगे बढ़ा सकता था ।

हैरी ब्रूक ने जम्पा पर लगाए 6 छक्के

हैरी ब्रूक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंदों में 7 छक्कों की मदद से 72 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान हैरी ब्रूक ने कुल सात छक्कों में से जम्पा पर 6 छक्के लगाए। उन्होंने जम्पा के खिलाफ सिर्फ 13 गेंदों में 6 छक्के और एक चौका लगाया।